आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज
नलकूप बना मज़ाक, ऑपरेटर की मनमानी से सूख रही हैं किसानों...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 08 जुलाई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 263 | www.janexpresslive.com/epaper



धनखड़ ने जज के घर से नकदी बरामदगी... 12

## ब्रिक्स ने पहलगाम हमले की निंदा की, ट्रम्प की धमकी, नए देश ब्रिक्स से जुड़े तो उन पर एक्स्ट्रा टैरिफ

# अटैक इंसानियत पर चोट: पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रियो डी जनेरियो

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। पीएम ने कहा, %20वीं सदी में बनाई गईं वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। एआई के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होता। 20वीं सदी के टाइपराइटर 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते।% वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स से जुड़ने की इच्छा रखने वाले नए देशों पर एक्स्ट्रा 10 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया है।



### ब्रिक्स अध्यक्षता

ब्राजील की 2025 की अध्यक्षता की सराहना की गई।भारत को 2026 में ब्रिक्स अध्यक्षता और 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए समर्थन दिया गया।

### अवैध प्रतिबंधों की निंदा

ब्रिक्स देशों ने उन एकतरफा प्रतिबंधों की निंदा की जो अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के खिलाफ हैं।

### ग्लोबल ट्रेड

एकतरफा टैरिफ लगाने के फैसलों पर चिंता जताई गई, जो विश्व व्यापार संगठन नियमों के खिलाफ हैं।पारदर्शी, और समावेशी ट्रेड सिस्टम का समर्थन किया गया, जिसमें विकासशील देशों से बिना भेदभाव का व्यवहार शामिल है।

### ट्रम्प की ब्रिक्स से जुड़ने वाले देशों पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ की धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स से जुड़ने वाले देशों को धमकी दी है। उन्होंने रविवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि जो भी देश अमेरिका विरोधी ब्रिक्स नीतियों के साथ खुद को जोड़ेंगे, उन पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इसमें किसी को भी छूट नहीं मिलेगी। दरअसल, ब्रिक्स घोषणा पत्र में विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ बढ़ते टैरिफ पर चिंता जताई गई। इन टैरिफ को वैश्विक व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला के लिए खतरा बताया गया। हालांकि इसमें सीधे तौर पर अमेरिका का नाम नहीं लिया गया।

### टाटा मेमोरियल अस्पताल ने बिम्सटेक देशों के लिए शुरू किया विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

टाटा मेमोरियल अस्पताल ने बिम्सटेक देशों के लिए एक खास कैंसर देखभाल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाना और कैंसर उपचार में दक्षता को मजबूत करना है। शुरुआत में बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार और नेपाल के कुल 21 प्रतिभागियों को रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन और रेडियोलॉजी के तीन मॉड्यूल में चार सप्ताह का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव सीएसआर राम ने कहा कि इससे बिम्सटेक देशों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और भविष्य में अनुसंधान नेटवर्क भी बनेगा। टीएमसी निदेशक डॉ. सुदीप गुप्ता ने बताया कि मुंबई स्थित केंद्रों में अत्याधुनिक तकनीकों पर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है, आगे इसे देशभर के अन्य टीएमसी इकाइयों में भी विस्तार दिया जाएगा। यह कार्यक्रम बिम्सटेक देशों में स्वास्थ्य सहयोग को नई दिशा देगा।

### नए सदस्य और भागीदार देश

इंडोनेशिया को ब्रिक्स का पूर्ण सदस्य बनाया गया।बेलारूस, बोलीविया, कजाकिस्तान, क्यूबा, नाइजीरिया, मलेशिया, थाईलैंड, वियतनाम, युगांडा, और उज्बेकिस्तान को ब्रिक्स भागीदार देश के रूप में शामिल किया गया।

### संयुक्त राष्ट्र में भारत और ब्राजील की भूमिका

चीन और रूस ने संयुक्त राष्ट्र, खासतौर पर सुरक्षा परिषद में भारत और ब्राजील की बड़ी भूमिका का समर्थन किया।

### जलवायु परिवर्तन और सीओपी30

ब्रिक्स देशों ने सीओपी30 की सफलता के लिए प्रतिबद्धता जताई, जो यूएनएफसीसीसी और पेरिस समझौते को लागू करने में मदद करेगा।भारत की 2028 में सीओपी33 की मेजबानी की उम्मीदवारी का स्वागत किया गया।

### आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता

आतंकवाद को किसी धर्म, देश, सभ्यता या जातीय समूह से जोड़ने से इनकार किया गया।22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की कड़ी निंदा की गई।संयुक्त राष्ट्र की तरफ से घोषित आतंकवादियों और आतंकी संगठनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की गई।आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और दोहरे मापदंड को खारिज करने पर जोर दिया गया।

### बिग कैट्स अलायंस

भारत की इंटरनेशनल बिग कैट्स अलायंस पहल का स्वागत किया गया, जिसका मकसद दुर्लभ प्रजातियों, खासकर बड़ी बिल्लियों (जैसे शेर, बाघ) के संरक्षण के लिए सहयोग करना है।

### न्यू डेवलपमेंट बैंक

एनडीबी की ग्लोबल साउथ में विकास और आधुनिकीकरण के लिए बढ़ती भूमिका की सराहना की गई।बैंक की लोकल करेंसी फाइनेंसिंग, इनोवेशन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का समर्थन बढ़ाने की बात कही गई।

### ब्रिक्स में पीएम मोदी के संबोधन की अहम बातें

**ब्रिक्स की असली ताकत है इसकी विविधता**

मोदी ने कहा कि ब्रिक्स देशों की अलग-अलग सोच और बहुध्रुवीय दुनिया में भरोसा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

**न्यू डेवलपमेंट बैंक को सोच-समझकर निवेश करना चाहिए**

उन्होंने कहा कि बैंक को सिर्फ उन्हीं प्रोजेक्ट्स में पैसा लगाना चाहिए जो जरूरी हों, लंबे समय तक फायदे वाले हों और जिससे बैंक की साख बनी रहे।

**विज्ञान और रिसर्च के लिए साझा प्लेटफॉर्म बनाने का सुझाव**

पीएम मोदी ने एक ऐसा ब्रिक्स रिसर्च सेंटर बनाने का प्रस्ताव रखा, जहां सब देश मिलकर विज्ञान और टेक्नोलॉजी पर काम कर सकें।

**संसाधनों का गलत इस्तेमाल न हो**

मोदी ने कहा कि किसी देश को यह हक नहीं कि वो किसी भी संसाधन को सिर्फ अपने फायदे के लिए या हथियार की तरह इस्तेमाल करे।

**डिजिटल कंटेंट पर कंट्रोल जरूरी**

उन्होंने कहा कि हमें ऐसा सिस्टम बनाना चाहिए जिससे पता चले कि कोई डिजिटल जानकारी असली है या नहीं, वो कहां से आई, और उसका गलत इस्तेमाल न हो।

**भारत में होगी एआई इम्पैक्ट समिट**

पीएम मोदी ने बताया कि भारत जल्द ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक बड़ा सम्मेलन करेगा, जिसमें इसकी चुनौतियों और अच्छे उपयोग पर चर्चा होगी।

### चीन ने ब्रिक्स देशों से ग्लोबल ऑर्डर सुधारने की अपील की

चीनी ने ब्रिक्स देशों से ग्लोबल ऑर्डर (वैश्विक शासन) में सुधार के लिए अपील की है। चीनी प्रधानमंत्री ली क्यांग ने रविवार को 17वें ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान कहा कि ब्रिक्स देशों को एक बेहतर दुनिया के निर्माण के लिए वैश्विक शासन में सुधार की दिशा में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन बाकी ब्रिक्स देशों के साथ मिलकर एक न्यायपूर्ण, बराबरी वाला, प्रभावी और व्यवस्थित वैश्विक शासन स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्राथमिक स्कूलों के विलय का रास्ता साफ

## हाईकोर्ट ने आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाएं खारिज कीं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने प्राथमिक स्कूलों के विलय के आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर यह फैसला सुनाया। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है।



### शिक्षा के अधिकार का उलंघन करने वाला आदेश

याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खासतौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उलंघन करने वाला है। उधर, राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं के विरोध में प्रमुख दलील दी गई कि विलय की कार्रवाई, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए बच्चों के हित में की जा रही है। सरकार ने ऐसे 18 प्राथमिक स्कूलों का हवाला दिया था, जिनमें एक भी विद्यार्थी नहीं है।

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिहाज से लिया गया निर्णय

कहा कि ऐसे स्कूलों का पास के स्कूलों में विलय करके शिक्षकों और अन्य सुविधाओं का बेहतर उपयोग किया जाएगा। सरकार ने पूरी तरह शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिहाज से ऐसे स्कूलों के विलय का निर्णय लिया। कोर्ट ने बीते शुक्रवार को सुनवाई के बाद में फैसला सुरक्षित कर लिया था। इसे सोमवार की दोपहर में सुनाया।

### एनईपी 2020 की सराहना, स्कूल पेयरिंग पर कोर्ट संतुष्ट

कोर्ट ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें स्कूल पेयरिंग की जो व्यवस्था है, वह प्रशंसनीय है। इसका उद्देश्य सभी बच्चों को प्राथमिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

### कोर्ट और याचिकाकर्ता ने क्या कहा

स्कूलों को मर्ज किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के जस्टिस पंकज भाटिया ने मामले को डिसमिस करते हुए ऑर्डर दिया। हाईकोर्ट ने कहा- नजदीकी स्कूल न हो तो सरकार परिवहन की व्यवस्था करे। कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। हाईकोर्ट ने कहा कि नियम 4(1), 4(2) और 4(3) को पढ़ने पर साफ है कि राज्य सरकार किसी भी बस्ती से निकटतम स्थान पर स्कूल की स्थापना करने के लिए बाध्य है। अगर ऐसा संभव न हो, तो बच्चों के लिए परिवहन सुविधा सुनिश्चित करना उसकी जिम्मेदारी है।

### हस्तक्षेप की जरूरत नहीं

कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं ने हृश्वक्षमें स्कूल पेयरिंग से संबंधित किसी दिशा-निर्देश को मनमाना या संविधान के अनुच्छेद 21 के खिलाफ साबित नहीं किया। इसलिए राज्य सरकार के आदेश इसी उद्देश्य की पूर्ति करते हैं, जिनमें हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। हाईकोर्ट ने अपने ऑर्डर में कहा- राज्य सरकार पर यह कठोर जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा उसके किसी निर्णय के कारण शिक्षा से वंचित न हो। बेसिक शिक्षा अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसके लिए समय-समय पर सभी आवश्यक कदम कानून के अनुसार उठाए जाएं।

### हाईकोर्ट के फैसले से हैरान हूं: आप सांसद संजय सिंह


आप के राज्यसभा सांसद और यूपी प्रभारी संजय सिंह ने हाईकोर्ट के फैसले के बाद सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- हाईकोर्ट के फैसले से हैरान हूं। उत्तर प्रदेश के बच्चों ने जज साहब से पढ़ाई बचाने की गुहार लगाई थी, सरकार ने स्कूल छीना। क्या यही है 'शिक्षा का अधिकार'? इस लड़ाई को सुप्रीम कोर्ट ले जाएंगे।

### आदेश का क्या असर होगा

अब राज्य सरकार मर्जर की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा सकेगी। बच्चों की संख्या कम होने वाले और खाली पड़े स्कूलों को निकटवर्ती उच्च प्राथमिक/ कंपोजिट स्कूलों में मिलाया जाएगा। सरकार शिक्षकों और संसाधन का बेहतर इस्तेमाल कर पाएगी।

# वीएलसीसी सेंटर में फ्रॉड का खुलासा

## सीएमओ ने दिए जांच के आदेश, जन एक्सप्रेस की खबर पर प्रशासन सख्त




ग्राहक हो जाएं सावधान: वीएलसीसी कानपुर रोड
आलमबाग में ग्राहकों के साथ हो रहा फ्राड और ठगी

जन एक्सप्रेस
खबर का असर
लखनऊ

जन एक्सप्रेस की खबर पर एक बार फिर प्रशासन को नींद से जागना पड़ा है। आलमबाग स्थित वीएलसीसी सेंटर में ग्राहकों से धोखाधड़ी और ठगी की गंभीर शिकायतें उजागर होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) लखनऊ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए स्थलीय निरीक्षण और जांच के आदेश दे दिए हैं। पत्र संख्या मु0चि0अ0/2025/10074-4 दिनांक 05/07/25 के तहत उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. के.डी. मिश्रा और चंदरनगर शहरी स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. शाहिद रजा को निर्देश दिए गए हैं कि वे एक सप्ताह के भीतर जमीनी जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सीएमओ कार्यालय से जारी पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि जन एक्सप्रेस में प्रकाशित रिपोर्ट को गंभीरता से लिया गया है, जिसमें वीएलसीसी सेंटर पर ग्राहकों से झूठे वादे, पैकेज के नाम पर ठगी और गलत इलाज जैसी आपत्तिजनक बातें उजागर की गई हैं।

### प्रशासनिक हलकों में हड़कंप

सीएमओ ने इस मामले में जिलाधिकारी लखनऊ और निजी चिकित्सा प्रतिष्ठानों के नोडल अधिकारी को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इससे स्पष्ट है कि मामला अब केवल एक निजी प्रतिष्ठान तक सीमित नहीं, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की साख और जिम्मेदारी से भी जुड़ चुका है।

### जन एक्सप्रेस का सवाल

- क्या ऐसे सौंदर्य व स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग की नियमित निगरानी नहीं होती?
- क्या लाइसेंस के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती रही?
- आखिर क्यों स्वास्थ्य मंत्रालय और जिला प्रशासन अब तक आंख मूंदे बैठा था?

### जन एक्सप्रेस की अपील

जनता की आवाज उठाना हमारा कर्तव्य है। ऐसे फर्जीवाड़े पर यदि समय रहते कार्रवाई न हुई तो राजधानी में निजी चिकित्सा प्रतिष्ठानों के नाम पर चल रहे फ्रॉड उद्योग पर लगाम लगाना असंभव हो जाएगा। हमारी रिपोर्टिंग जारी रहेगी, अगली कड़ी में पढ़िए - फर्जी पैकेज, नकली डॉक्टर और दम तोड़ता विश्वास-वीएलसीसी की अंदरूनी कहानी।

## चार जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, भूस्खलन की चेतावनी को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज भी भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य के अन्य जिलों में भी तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले दिनों की बात करें तो 12 जुलाई तक प्रदेशभर में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग



के भारी बारिश और भूस्खलन की चेतावनी को देखते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर चमोली जनपद के सरकारी, अर्द्धसरकारी विद्यालयों में आज अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि पिटकुल की 66 केवी की विद्युत लाइन में फाल्ट आने से ज्योतिर्मठ क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बाधित है। प्रदेश में बारिश के बाद जगह-जगह मलबा आने से दो राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 50 सड़कें बंद हो गई हैं। इससे स्थानीय लोगों के साथ ही चारधाम आने वाले तीर्थयात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक देहरादून जिले में लखवाड़ बैंड के पास किलोमीटर 26 में मलबा आने से विकासनगर-कालसी-बड़कोट राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहनों की आवाजाही बंद है।

# माफिया मुख्तार अंसारी की जमीन पर बने फ्लैटों का एलडीए करेगा आवंटन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

डालीबाग में माफिया मुख्तार अंसारी (मृत) की जमीन पर बने प्रधानमंत्री आवासों का अब एलडीए आवंटन करेगा। इसको लेकर अगस्त में एलडीए पंजीकरण खोलेगा। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि डालीबाग में जमीन पर अवैध कब्जा कर माफिया मुख्तार ने बिल्डिंग बनाई थी। जिसे ध्वस्त किया गया था। जिस जमीन पर यह बिल्डिंग बनी थी वह मुख्तार के बेटों के नाम बताई जा रही थी। जमीन पर सरकारी कब्जा लिए जाने के बाद उस पर एलडीए ने करीब दो साल पहले प्रधानमंत्री योजना के 72 फ्लैटों का निर्माण कराया है। जिसका कुछ काम बाकी है उसको दो तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा। उसके लिए ठेकेदार फर्म का चुनाव किया जा रहा है क्योंकि जो ठेकेदार पहले बना रहा था उसका निधन हो गया है। वीसी ने बताया पंजीकरण खोलने में देरी इस कारण हुई क्योंकि मामला कोर्ट में था। वहां से अब एलडीए को राहत मिल गई है। ऐसे में अब पंजीकरण खोला जाएगा। डालीबाग में निष्क्रांत संपत्ति (आठ मार्च 1954 के बाद पाकिस्तान गए लोगों की संपत्ति जो कि अब सरकारी है।) पर कब्जा लेकर मुख्तार ने अपने परिजनों के नाम आलीशान कोठी बनवाई थी। वर्ष 2020 में एलडीए ने इसे ध्वस्त कर दिया और जमीन राज्य सरकार के पास आ गई। इसी 2321 वर्गमीटर भूमि पर एलडीए ने जी प्लस तीन मंजिला आवास बनाए है। जानकारों का कहना है कि मुख्तार अंसारी ने फरहत अंसारी के नाम पर डालीबाग में पहले बिना नक्शा पास मकान बनवा लिया था।

# उत्पादन व रोजगार के आधार पर प्रोत्साहन देने की बनेगी नीति, उद्योग विभाग तैयार कर रहा प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस। देहरादून

प्रदेश में स्थापित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) को उत्पादन व रोजगार के आधार पर विशेष प्रोत्साहन देने की तैयारी चल रही है। इसके लिए उद्योग विभाग की ओर से प्रोत्साहन नीति का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था में तेजी लाने व रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए सरकार औद्योगिक नीतियों में संशोधन कर प्रोत्साहन बना रही है। अब एमएसएमई उद्योगों को उत्पादन व रोजगार बढ़ाने पर विशेष प्रोत्साहन देने की तैयारी चल रही है। लंबे समय से उद्योग संगठन भी उत्पादन व रोजगार के आधार पर प्रोत्साहन देने की मांग कर रहे थे। उनका मानना है कि विशेष प्रोत्साहन से पहाड़ों पर स्थानीय संसाधनों पर निर्भर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। कोई उद्योग सालाना उत्पादन बढ़ाने के साथ रोजगार के ज्यादा अवसर सृजित करता है तो उसे उसी आधार पर प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। राज्य में



> लंबे समय में हम सरकार से मांग कर रहे हैं कि स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को उत्पादन व रोजगार के आधार पर इंसेंटिव दिया जाए, इससे भी दुर्गम क्षेत्र में स्थापित उद्योग को ज्यादा प्रोत्साहन मिले। हमें खुशी है कि इस मांग पर उद्योग विभाग विशेष प्रोत्साहन नीति का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। केंद्र सरकार की ओर से मोबाइल विनिर्माण उद्योग को उत्पादन के आधार पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। आज भारत मोबाइल मेन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है।
>
> -पंकज गुप्ता, अध्यक्ष, इंडस्ट्री एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड

कृषि व बागवानी आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की काफी संभावनाएं है। इन उद्योग को प्रोत्साहन मिलने से स्थानीय कृषि उत्पादों को बाजार मिलेगा। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।

### प्रदेश में 89 हजार से अधिक एमएसएमई उद्योग

राज्य गठन से लेकर अब तक प्रदेश में एमएसएमई उद्योगों की संख्या 89 हजार पार हो चुकी है। इन उद्योगों में 17189 करोड़ निवेश और 4.50 लाख लोगों को रोजगार मिला है। एमएसएमई उद्योगों की प्रदेश व देश की जीडीपी में 30 प्रतिशत अधिक योगदान है। कम पूंजी निवेश में छोटे उद्योग की ज्यादा रोजगार देने की क्षमता होती है।

### पर्वतीय क्षेत्रों में उद्योग लगाने को चार करोड़ तक सब्सिडी

प्रदेश सरकार ने एमएसएमई नीति 2023 में सब्सिडी बढ़ाई है। पर्वतीय क्षेत्रों में एमएसएमई उद्योग को 50 लाख से लेकर अधिकतम चार करोड़ तक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा पहाड़ों में निवेश करने पर स्टांप शुल्क में सौ प्रतिशत प्रतिपूर्ति भी दी जा रही है। नीति में सूक्ष्म उद्योगों में पूंजी निवेश के लिए एक करोड़, लघु उद्योगों के लिए 1 से 5 करोड़, मध्यम उद्योगों में 10 से 50 करोड़ निवेश की सीमा निर्धारित की गई।

# विद्यालयों को विलय करने के आदेश को वापस ले भाजपा सरकार : सनेही

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में किए जा रहे सरकारी विद्यालयों के विलय के विरोध में आभास महासंघ के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही के बताया कि भाजपा सरकार द्वारा आदेश जारी कर प्रदेश के 27,965 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को विलय किया जा रहा है। कहा कि सरकार का यह आदेश न केवल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण करने वाले छोटे बच्चों के मौलिक अधिकार व अनिवार्य शिक्षा अधिकार 21 ए पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सरकार के इस फैसले से गरीब, असहाय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर संकट आ जाएगा। कहा कि मुख्यमंत्री अपने इस निर्णय वापस लेते हुए पूरे प्रदेश में एक समान शिक्षा लागू करें। ऐसा न किए जाने पर आभास महासंघ आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षक रविंद्र कुमार भारतीय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार भास्कर, बुद्ध विलास बौद्ध, रामनारायण, विजय कुमार, विष्णु कुमार, नवदीप कुमार, विश्वदीप सुमन, एडवोकेट रजनीश कुमार, सुनील वर्मा, दिवाकर, राहुल वर्मा, रंजन भारती, लवलेश कुमार वर्मा, शिवपूजन भारती, कामता प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# 14 को गांधी महाविद्यालय में होगा रोजगार मेला

जन एक्सप्रेस। उरई




शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में रोजगार मेला एवं विश्व युवा कौशल दिवस के आयोजन के संबंध में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि रोजगार मेला 14 जुलाई 2025 को गांधी महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा, जबकि विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन 15 जुलाई 2025 को किया जाएगा।

उन्होंने रोजगार मेले के सफल आयोजन हेतु जनपद स्तरीय समिति गठित करने की जानकारी दी, जिसके नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी होंगे। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि जालौन की प्रमुख कंपनियों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों की मेले में सहभागिता सुनिश्चित कराएं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं जिला रोजगार सहायता अधिकारी को रोजगार मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने हेतु निर्देशित किया गया, वहीं नगर पालिका परिषद को मेले के आयोजन स्थल की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नेहरू युवा केन्द्र अधिकारी को अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने, एवं जिला समन्वयक/प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई उरई को जिला सूचना अधिकारी से समन्वय कर प्रचार-प्रसार की रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना के प्रशिक्षण केन्द्रों, राज्य की अन्य कौशल विकास योजनाओं के संस्थानों, आईटीआई से प्रशिक्षित एवं इच्छुक अभ्यर्थियों तथा अन्य इच्छुक छात्र-छात्राओं को भी रोजगार मेले में प्रतिभाग कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 15 जुलाई को विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इनमें ÷कौशल यूथ आइकॉन÷ का सम्मान, उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं का सम्मान, जनपद में सक्रिय प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधियों का सम्मान तथा प्रशिक्षित युवाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल होंगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से इन दोनों आयोजनों को गरिमापूर्ण, व्यवस्थित और सफल बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, नोडल प्रधानाचार्य रा.औ.प्र. सं. उपायुक्त उधोग प्रभात यादव आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नून नदी किनारे लगेगा हरियाली का घेरा 'एक पेड़ मां के नाम' से जुड़ेगा जनपद

जन एक्सप्रेस। उरई

- जनपद में 97 लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित, 9 जुलाई को वृहद अभियान

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में वृक्षारोपण महाअभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक कर वन विभाग, विकास विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कह कि जनपद में इस वर्ष कुल 97 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य तय किया गया है। इस कार्य को निर्वाचन प्रक्रिया की भांति सेक्टर, जोनल और वन बूथ के रूप में संगठित करते हुए योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। चिन्हित स्थलों पर गड्ढा खुदाई, फेंसिंग एवं पौधों की लिफ्टिंग का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। उन्होंने कहा कि **'पेड़ लगाना उतना ही जरूरी है, जितना उसे संरक्षित करना।'** इसके लिए प्रत्येक स्थान पर फेंसिंग, वृक्ष मित्रों की नियुक्ति और तीन वर्षों तक देखभाल हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह महाअभियान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरक आवाहन 'एक पेड़ माँ के नाम' के अनुरूप जनपद में भावनात्मक जुड़ाव और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को समर्पित होगा।

हर नागरिक अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बने, इस संदेश को घर-घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया है। 09 जुलाई को नून नदी के दोनों किनारों पर स्थित 47 ग्राम पंचायतों में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। लगभग 14 किलोमीटर के पुनरुद्धारित क्षेत्र को हरियाली से आच्छादित किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वालंटियर्स, जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि इस अभियान में सहभागिता निभाएंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जीरो पॉवर्टी गांवों में सहजन के पौधे, तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के लाभार्थियों को दो-दो पौधे वितरित कर उनके घरों के सामने लगाने हेतु प्रेरित किया जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान सिर्फ पौधरोपण नहीं बल्कि प्रकृति और पीढ़ी के लिए उत्तरदायित्व का प्रतीक है।

इसे पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन की राज्यव्यापी मुहिम से जोड़ते हुए जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया गया है। सभी जनप्रतिनिधि, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष व अधिकारीगण इसकी सफलता में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने 12 घंटे के अंदर लूट की घटना का सफल अनावरण कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में भरतकूप थाना पुलिस ने 12 घंटे के अंदर लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन आरोपियों को लूट की धनराशि, मोबाइल फोन, तमंचा-कारतूस व दो डण्डों सहित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

भरतकूप थाना प्रभारी मनोज चौधरी ने बताया कि सोमवार को जनपद बांदा के थाना बबेरू के ग्राम पड़री निवासी सिकन्दर वर्मा ने थाने में सूचना दी कि बीती रविवार की रात्रि वह अपने पिता मुन्ना वर्मा पुत्र नत्थू के साथ किराये के ट्रैक्टर से लकड़ी बेचकर शिवरामपुर से वापस अपने घर जा रहा था। इस दौरान तरांव पुलिया के पास तीन मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्तियों ने ट्रैक्टर रुकवा लिया तथा तमंचा दिखाकर उसके पिता की जेब से 1000 रूपये व एक मोबाइल फोन छीन लिया। इस सूचना पर थाना भरतकूप में सम्बन्धित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। लूट की इस घटना के अनावरण व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में मामले की विवेचना करते हुए सोमवार को ग्राम भरथौल नहर पुलिया के पास से तीन आरोपियों अरविन्द पटेल, अनिल वर्मा व रामजस निवासीगण ग्राम तरावं थाना भरतकूप को गिरफ्तार कर किया गया। आरोपियों के कब्जे से तमंचा-कारतूस, दो डण्डे, लूट की धनराशि, मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल बरामद की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना भरतकूप के अपराध निरीक्षक अभयराज सिंह, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, आरक्षी नरेन्द्र सिंह, अखिलेश तोमर व शुभम यादव शामिल रहे।

# शॉर्ट सर्किट से कागज फैक्ट्री में लगी आग, डेढ़ लाख का माल तबाह

जन एक्सप्रेस। उरई

कालपी के मोहल्ला रामगंज में बुंदेलखंड पेपर इंडस्ट्रीज में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। जिसमें रखा डेढ़ लाख रुपए का माल जलकर तबाह हो गया।

नगर के मोहल्ला रामगंज में बुंदेलखंड पेपर इंडस्ट्रीज में सोमवार की सुबह लगभग शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से कच्चा माल (गूदड) तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने बिकराल रूप ले लिया और वह आग की लपटे उठने लगी। घटना से फैक्ट्री में मौजूद कर्मियों में अफरातफरी मच गई और उन्होंने पानी छिडकाव करना शुरू कर दिया। लेकिन आग इस कदर भडकी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया और सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन कच्चा माल होने के कारण आग तेजी से फैल गई।

इस दौरान दमकल टीम ने आग पर काबू पाने के लिये दीवार तोडकर पानी की बौछार की। बताया गया कि लगभग चार घंटे की? कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वही फैक्ट्री के मालिका अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शार्ट सर्किट के चलते आग लगी है। इसमें उनकी फैक्ट्री में रखा करीब डेढ लाख का कच्चा माल जलकर खाक हो गया। वही एयर कंडिशन के दो आउटडोर भी जलकर खाक हो गए।

## मथानी का प्लग लगाते समय करंट लगने से झुलसी महिला

जन एक्सप्रेस/उरई। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम देवगांव निवासी रामदास वर्मा की पत्नी गिरजा देवी 55 वर्ष घर पर नातियों के साथ थी। जबकि उसके पति व बेटे दुकान पर गए थे और बहू खेत पर गई थी और वह मट्ठा बिलो रही थी। बताया गया कि जब वह लोहे का खंभा पकड़ कर मथानी का प्लग लगा रही थी। तभी बायर कटी होने के कारण उसको करंट लग गया। जिससे वह अचेत हो गई। दादी को चिपका देख नाती गौरव 13 वर्ष ने उसे उठाने की कोशिश की तो उसको भी करंट का झटका लग गया। इसके बाद वह दौड़कर सड़क पर गई और उसने दादा व पिता को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पति ने लाइट बंद कर महिला को उठाया और कोंच के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## करंट लगने से छत से नीचे गिरकर हुआ घायल मजदूर, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस/उरई। कोंच निर्माणाधीन मकान से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर झुलसकर छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। जिसे लोगों ने उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां से उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। नगर में नदीगांव रोड पर मोहल्ला नया पटेल नगर में कनासी गांव निवासी एक व्यक्ति का मकान बन रहा है। जिसमें सामी गांव निवासी 30 वर्षीय शाहरुख पुत्र शहजाद निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रहा था। रविवार की शाम शाहरुख पहली मंजिल की छत पर खड़े होकर लघुशंका करने लगा। तभी मकान के पिछले हिस्से में काफी नीचे की ओर झूल रही बिजली की हाईटेंशन लाइन से छू गया और करंट खाकर बुरी तरह झुलस गया। इसी दौरान करंट के झटके से वह छत से नीचे जमीन पर जा गिरा जिससे वह घायल हो गया। हादसा देखकर मौजूद मकान मालिक राजू पटेल ने उसे लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया।

# पंचायत चुनाव को लेकर सपा की बैठक में हुआ मंथन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



समाजवादी पार्टी कार्यालय में सोमवार को पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने बूथों तथा पंचायतों की मतदाता सूची का गहनता से अध्ययन कर छूट हुए नाम को जुड़वाएं। इस कार्य को करने वाले समर्पित व निष्ठावान पार्टी कार्यकर्ताओं को जिला पंचायत चुनाव में टिकट देकर चुनाव लड़वाने का काम किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह फ्लॉप है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर तथा स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर है। विद्यालय बंद किये जा रहे हैं और गली-गली में शराब की दुकान खोली जा रही है। भाजपा सरकार शिक्षा चैपट कर लोगों को नशेड़ी बनाने का काम कर रही है। कोऑपरेटिव के पूर्व अध्यक्ष लवलेश यादव ने बारिश के समय में गंदे पानी में डूबी गांवों की सड़के व बुर्दल विद्युत आपूर्ति भाजपा सरकार में फैले भ्रष्टाचार की देन है। बाबा साहब वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर कुरील ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने पीडीए समाज को ताकत दिलाने के लिए भारतीय संविधान की रचना की थी, जिसे भाजपा सरकार नष्ट करना चाहती है। इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लोटन राम प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद गुलाब खां, सीताराम कश्यप, सियाराम गुप्ता, जनार्दन पटेल, जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष राकेश प्रजापति, प्रवक्ता विक्की यादव, बाबा साहब वाहनी के जिलाध्यक्ष विश्वजीत सुमन, पूर्व प्रधान लोढ़वारा हरिमोहन यादव, राधेश्याम निषाद, आकाश पटेल, नवल पटेल, मोहम्मद साबिर, विशाल भाई, जलाल खान, राज किशोर विश्वकर्मा, कैलाश बौद्ध, उमाकांत यादव, रामशरण यादव, तीरथ वर्मा, राजबहादुर प्रजापति, तीरथ यादव, आनंद यादव, गोपीचंद यादव आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जनपद में चल रहे 50 लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सीडीओ ने सभी निर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने लोक निर्माण विभाग, सीएनडीएस, यूपीपीसीएल, आवास विकास परिषद आदि कार्यदाई संस्थाओं के द्वारा जनपद में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा व गाइडलाइन के अनुसार ही निर्माण कार्य कराएं तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं। कहा कि जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है, उन्हें संबंधित विभागों को हैंडओवर कराएं। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधीक्षक शैलेंद्र सिंह, अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखिलेश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 13 सितम्बर को जिले में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 13 सितंबर को जिले के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। बताया कि राष्ट्रीय लोक में शमनीय आपराधिक वाद, धारा -138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबंदी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विर्निदिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, श्रम वाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आए हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोक्ता फोरम तथा आर्बिट्रेशन से सम्बन्धित वाद का निस्तारण किया जाएगा।

# पत्नी के प्रेमी से बात करने में परेशान पति ने दी जान, भाई बोला- मोबाइल चेक कर लो... सब पता चल जाएगा

जन एक्सप्रेस। बांदा



पत्नी के प्रेमी से बात करने में परेशान पति ने साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। स्वजन ने आरोप लगाया कि पत्नी झगड़ा करने के बाद मायके चली गई थी। इन्हीं सब बातों के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिसंडा थाना के ग्राम ओरन के एक पुरवा निवासी 32 वर्षीय युवक ने रविवार शाम घर के आंगन में बनी सीढ़ी से चढ़कर फंदा लगा लिया। जब देरशाम तक वह घर के बाहर नहीं निकला तो पिता ने दरवाजा खटखटाया। उसके कोई जवाब न देने पर मंझले भाई ने दीवार से झांक कर देखा। इसमें उसका शव छप्पर में लगे बांस से लटका मिला। स्वजन के सूचना देने पर पुलिस ने शव फंदे से नीचे उतरवाया। मंझले भाई ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी का गांव के एक युवक से चार वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इससे पत्नी अक्सर उससे फोन में बात करती थी। यह बात उसके पति को नागवार गुजरती थी। फोन में बात करने से मना करने पर अक्सर दोनों के बीच विवाद होता था। विवाद बढ़ने पर पत्नी उसे कई बार पीट चुकी थी। पांच दिन पहले भी इसी तरह पत्नी झगड़ा करने के बाद अपने मायके अतर्रा थाना क्षेत्र के एक गांव चली गई थी।

इतना ही नहीं छह माह उसका भाई अपनी पत्नी व तीन बच्चियों के साथ वापी में रहकर कमाता रहा है। जहां पत्नी ने विवाद कर उसे पीटा था। इससे उसके भाई का दांत टूट गया था। सात मई को पत्नी के मायके में भाई की शादी होने से वह दोनों वापी से लौटकर वापस आए थे। पत्नी की आदतों से परेशान होकर उसके भाई ने आत्महत्या की है। उसकी पत्नी के मोबाइल की जांच कराने से स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। वापी में मजदूरी करने के साथ उसका भाई अपने हिस्से की 15 बिस्वा जमीन में खेती कराता रहा है। उधर, दूसरी ओर दिवंगत हुए युवक की पत्नी का कहना है कि पति हमेशा उस पर गलत शक करता था, जबकि उसका किसी से कोई प्रेम प्रसंग नहीं है। बिसंडा थाना प्रभारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। स्वजन ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

## कूलर के करंट से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पुत्र की मौत

जन एक्सप्रेस/जालौन। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारो भास्कर में घर में रखें कूलर में उतर रहे करंट की चपेट में आने से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पुत्र की मौत हो गई।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी रामसनेही कुशवाहा उरई कलेक्ट्रेट में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात हैं। उनका बेटा अर्जुन सिंह कुशवाहा अपने बड़े भाई रोहित के साथ मोहल्ले में चौपाला कुंए के पास स्थित घर पर रहता है। बताया गया कि सोमवार की सुबह वह बाथरूम जा रहा था। जैसे उसने बाथरूम में लगा लोहे का दरवाजा खोला तो वह पास में रखे कूलर में उतर रहे करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह वहीं गिरकर बेहोश हो गया। कुछ देर बाद जब परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने पुत्र अचेतावस्था में पड़ा देखा तो वह घबरा गए और वह उसे सीएचसी ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुत्र की मौत होने की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई और सूचना पुलिस को दी गई।

# आनंदी माता मंदिर में किया गया भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट

क्षेत्र के आनंदी माता मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने बताया कि मऊ क्षेत्र में स्थित श्री मां दक्षिणेश्वरी दुर्गा शक्तिपीठ मां आनंदी धाम एक धार्मिक स्थल है। यहां दर्शन करने वाले लोगों की मांगी गई सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। जिससे इस मंदिर के प्रति लोगों में बहुत आस्था है।

बताया कि प्रतिवर्ष इस मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के लोग प्रसाद ग्रहण करते है। इस बार भंडारे का 10वां आयोजन किया गया है। जिसमें व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए उपजिलाधिकारी सौरभ यादव, क्षेत्राधिकार यामीन अहमद व थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने भ्रमण किया। बताया कि प्रतिवर्ष इस मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के लोग प्रसाद ग्रहण करते है। इस बार भंडारे का 10वां आयोजन किया गया है। जिसमें व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए उपजिलाधिकारी सौरभ यादव, क्षेत्राधिकार यामीन अहमद व थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने भ्रमण किया। इस मौके पर मंदिर समिति की रेवती रमन रस्तोगी, मिथिलेश सोनी, अर्चित शुक्ला, मयंक सोनी, मोहित रस्तोगी, शिव रस्तोगी, सतीश, सत्येंद्र, भोला, अंशु जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने पौधरोपण कर छात्राओं को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पौधरोपण महोत्सव के तहत सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी में पौधरोपण किया। साथ ही छात्राओं को पौधे वितरित पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण अवश्य करें। पर्यावरण संरक्षण का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधरोपण करना है। पौधरोपण के बाद उसकी देखभाल करने में भी जन सहभागिता भी होनी चाहिए। अगर पृथ्वी को बचाना है, तो जल और वृक्ष को बचाना होगा इसलिए आप सभी अधिक से अधिक पौधरोपण करें तथा अपने पास-पड़ोस व सम्बन्धियों को भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करें। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण का सामूहिक प्रयास प्रदेश व देश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जाना है। इस दौरान डीएम ने विद्यालय परिसर में पौघरोपण किया। साथ ही छात्राओं को पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज शशि कला, अध्यापिका प्रियांशी गुप्ता, विनीता रानी गुप्ता, प्रज्ञा पाठक, रश्मि बाजपेई, गरिमा सिंह, नीलम बगड़िया, रितु द्विवेदी, रंजन गर्ग, शोभा देवी, शालिनी श्रीवास्तव, शालिनी देवी, गिरिजा देवी आदि मौजूद रहीं।



**2027 तक शुरू होगा कलादान प्रोजेक्ट...**


केंद्रीय पोत परिवहन, जलमार्ग और शिपिंग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और म्यांमार के बीच चल रहा महत्वाकांक्षी कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट साल 2027 तक पूरी तरह से चालू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस... पढ़ें पेज 12 पर...

# नलकूप बना मज़ाक, ऑपरेटर की मनमानी से सूख रही हैं किसानों की उम्मीदें

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

एक ओर जहां उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के हित में करोड़ों रुपये खर्च कर सिंचाई की योजनाएं लागू कर रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी तंत्र की लापरवाही और कर्मचारियों की मनमानी किसानों की कमर तोड़ रही है। ताजा मामला लखनऊ के माल विकासखंड के ग्राम पंचायत बसंतपुर के अंतर्गत आने वाले जगदीशपुर गांव का है, जहां नलकूप संख्या एम.जी-92 किसानों की फसल सिंचाई के लिए नहीं, बल्कि अफसरशाही और भ्रष्ट रवैये का नमूना बन चुका है।





### वंदना नहीं ऑपरेटर, मनमानी की ब्रांड एंबेसडर

इस ट्यूबवेल की तैनात सरकारी ऑपरेटर वंदना महीनों तक लापता रहती हैं। किसान बताते हैं कि वह महीने में बमुश्किल एक-दो बार दिखाई देती हैं और न आने के बहानेबाज़ी के लिए दो प्राइवेट लोगों को ट्यूबवेल पर बैठा रखा है। सोचने वाली बात यह है कि सरकारी ट्यूबवेल को निजी हाथों में देना सीधा नियमों का उल्लंघन है - लेकिन विभाग आंख मूंदे बैठा है।

### किसानों को नहीं मिलती चाबी, ना ही इज़्ज़त

गांव के किसान फसलें बचाने को पानी के लिए तरस रहे हैं, लेकिन वंदना सिर्फ दो किसानों को ट्यूबवेल की चाबी सौंप कर बाकी को भगवान भरोसे छोड़ चुकी हैं। जब किसान वंदना से संपर्क करने की कोशिश करते हैं, तो वह न तो अपना नंबर देती हैं, और यदि किसी तरह बात हो भी जाए तो अभद्र भाषा में जवाब देती हैं। किसान खुद को अपमानित और उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

### सुनवाई नहीं, लूट जारी

गांव में लगाए गए लाखों रुपये के पाइपलाइन और कोलाबा अब सिर्फ एक दिखावा हैं। जिनके पास चाबी है, वही तय करते हैं कि किसे पानी मिलेगा और किसे नहीं। सूत्रों के अनुसार प्राइवेट ऑपरेटर मनमानी दरों पर पानी सप्लाई कर रहे हैं, जिससे यह सरकारी सुविधा भी अब कमाई का जरिया बन चुकी है।

### किसानों के सवाल-जवाब कौन देगा?

- जब ट्यूबवेल सरकारी है, तो प्राइवेट ऑपरेटर कैसे नियुक्त हुआ?
- क्यों नहीं की गई अब तक कोई कार्रवाई, जबकि महीनों से ड्यूटी पर नहीं आती ऑपरेटर?
- किसानों को उनका हक देने में कौन है बाधा?

### जन एक्सप्रेस की मांग

- नलकूप ऑपरेटर वंदना को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए।
- प्राइवेट ऑपरेटर्स को हटाकर सरकारी व्यवस्था बहाल की जाए।
- जांच कमेटी बनाकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।
- किसानों के साथ हुई अभद्रता पर सार्वजनिक माफ़ी और दंडात्मक कार्रवाई हो।

**निष्कर्ष:** यह कोई सामान्य लापरवाही नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था के भीतर बैठा एक छोटा माफिया तंत्र है, जो किसानों की पीड़ा पर अपनी मनमानी का राज चला रहा है। अगर अब भी शासन-प्रशासन नहीं जागा, तो सरकार की योजनाओं का फायदा महज़ कागजों तक सीमित रह जाएगा, और खेतों में बर्बादी की दरारें और गहरी होती जाएंगी।

## सरकार ने बंद कर दिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट...
# नालों का पानी व गंदगी सीधे नदियों में जा रही : अखिलेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ में सोमवार को सपा मुख्यालय में अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में भूमि अधिग्रहण और मुआवजे को लेकर सरकार को घेरा। कहा कि भाजपा के लोग जहां देखों जमीन कब्जा करने पहुंच जाते हैं। अयोध्या में लोगों के घर उजाड़े गए। उन्हें ठीक से मुआवजा भी नहीं मिला। गोरखपुर में विरासत गलियारा के नाम पर लोगों के घर उजाड़े गए। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि भाजपा सरकार आस्था को व्यापार बना रही है। कारिडोर के नाम पर विरासत खत्म की जा रही है। गलियां खत्म की जा रही हैं। कारोबार या किसी भी प्रकार के आयोजन लोगों को आपस में जोड़ते हैं। मेले और पर्व हमें खुशियां देते हैं। लेकिन, ये लोग किसी को खुश नहीं देख सकते। इस सरकार में सभी अवैध काम हो रहे हैं। संगी साथी सब अवैध काम कर रहे हैं। आज पार्क, तालाब, ट्रस्टों में कब्जा किया जा रहा है।



### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद कर दिए गए

उन्होंने आगे कहा कि पूरे प्रदेश के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद कर दिए गए हैं। नालों का पानी और गंदगी सीधे नदियों में डाली जा रही है। बुंदेलखंड की नदियों को इतना खोद दिया गया कि हर जिले में सड़क पर, खेत के किनारे टीले बने हुए हैं। हमने सुना है कि नोएडा के लोगों की प्रति व्यक्ति आय जापान के लोगों से ज्यादा है। ये लोग इस तरह के आंकड़े लेकर आते हैं। अखिलेश यादव ने शिल्पग्राम में आयोजित किए गए तीन दिवसीय आम महोत्सव के आखिरी दिन आम लेने के लिए मची लूट पर सरकार की चुटकी ली। कहा कि यदि हादसे में किसी की मौत हो जाती, तो खबर बनती। ये सरकार किसी कार्यक्रम का आयोजन ठीक से नहीं कर पाती। मैनेजमेंट की कमी से आम लूटने के लिए भगदड़ मची।

### कांवड़ियों के लिए कुछ नहीं किया

सपा मुखिया ने आगे कहा कि ये सरकार आस्था के नाम पर सिर्फ वोट लेती है। 9 वर्षों में कांवड़ियों के लिए कुछ भी काम नहीं किया। सात हजार करोड़ से गोरखपुर के लिए एक्सप्रेसवे बनाया जा रहा है। लेकिन, कांवड़ियों के लिए एक हजार करोड़ से कॉरिडोर नहीं बना पाई। मुख्यमंत्री ने अपने घर के लिए तो काम किया। लेकिन, कांवड़ियों के लिए कुछ नहीं किया।

# जिले-जिले जाकर पौधे लगाएंगे योगी के मंत्री
## अयोध्या-आजमगढ़ में सीएम... बाराबंकी में राज्यपाल करेंगी पौधरोपण



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 9 जुलाई से पौधरोपण महाभियान-2025 शुरू होने जा रहा है। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके तहत एक दिन में पूरे प्रदेश में 37 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। सभी 75 जिलों में मंत्री पौधरोपण करेंगे। इससे पहले जनपदों में शासन स्तर के अधिकारियों को नोडल अफसर बनाया गया है। ये 8 जुलाई की सुबह जिलों में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लेंगे। इसको लेकर वन विभाग के अधिकारी विभिन्न विभागों, मंत्रालयों से समन्वय स्थापित कर रहे हैं। 9 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या और आजमगढ़ में पौधरोपण करेंगे। उनके साथ वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक मौजूद रहेंगे। वहीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बाराबंकी में पौधरोपण करेंगी। इस मौके पर राज्यमंत्री सतीश शर्मा मौजूद रहेंगे। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य- मेरठ और ब्रजेश पाठक- लखनऊ में पौधे लगाएंगे।

### ये मंत्री लगाएंगे पौधा


इसके अलावा कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना- शाहजहांपुर, सूर्यप्रताप शाही- अयोध्या, स्वतंत्र देव सिंह- गोरखपुर, बेबीरानी मौर्य- अलीगढ़, चौधरी लक्ष्मी नारायण- मथुरा, जयवीर सिंह- मैनपुरी, धर्मपाल सिंह- बरेली, नंदगोपाल गुप्ता %नंदी%- प्रयागराज, अनिल राजभर- आजमगढ़, राकेश सचान- कानपुर देहात, एके शर्मा- जौनपुर, योगेंद्र उपाध्याय- आगरा, आशीष पटेल- मीरजापुर, डॉ. संजय निषाद- अंबेडकरनगर, ओमप्रकाश राजभर- गाजीपुर, दारा सिंह चौहान- देवरिया, सुनील कुमार शर्मा- गाजियाबाद और अनिल कुमार- बिजनौर में पौधरोपण करेंगे। सात ही राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल- कानपुर नगर, कपिलदेव अग्रवाल- मुजफ्फरनगर, रविंद्र जायसवाल- वाराणसी, संदीप सिंह- एटा, गुलाब देवी- संभल, गिरीश यादव- प्रतापगढ़, धर्मवीर प्रजापति- झांसी, असीम अरुण- कन्नौज, जेपीएस राठौर- मुरादाबाद, दयाशंकर सिंह- बलिया, नरेंद्र कश्यप- हापुड़, दिनेश प्रताप सिंह- रायबरेली, दयाशंकर मिश्र दयालु- चंदौली में पौधरोपण महाभियान का हिस्सा बनेंगे।

# कोचिंग जाती छात्रा से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के मोहनलालगंज में कोचिंग जा रही एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। शुक्रवार को हुई इस घटना में, एक स्कूटी सवार युवक ने छात्रा का रास्ता रोककर उससे अभद्रता की। छात्रा के शोर मचाने पर मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई, जिसके बाद आरोपी अपनी स्कूटी छोड़कर फरार हो गया।पीड़िता ने सोमवार को अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार को साइकिल से कोचिंग जा रही थी। किसान पथ की सर्विस रोड पर एक स्कूटी सवार युवक ने अचानक उसकी स्कूटी रोक दी और उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा के चीखने-चिल्लाने पर आसपास के लोग जमा हो गए। लोगों को आता देख आरोपी अपनी स्कूटी वहीं छोड़कर भाग निकला। घर लौटकर छात्रा ने पूरी घटना अपने पिता को बताई, जिसके बाद उन्होंने पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने स्कूटी के नंबर के आधार पर जांच शुरू की। मामले की विवेचना कर रही महिला सब इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान आजम के रूप में हुई है, जो काकोरी के हाजी कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है।





# राज्य सूचना आयुक्त ने सीएम को भेंट किया अपना आलेख संग्रह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राज्य सूचना आयुक्त ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने आलेखों का संग्रह भेंट किया। इसमें उत्तर प्रदेश में आयुष का आधुनिक अध्याय,सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के तत्व, शौर्य की अनुभूति संघीय व्यवस्था का सकारात्मक संदेश, समग्र विकास के तत्व,उपलब्धियों का तथ्य परक उल्लेख आदि आलेख शामिल है।

# दामाद के साथ रह रही महिला का शव पेड़ से लटका मिला, दामाद फरार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ के बीबीडी थानाक्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जुग्गौर नरेंदी गांव में सोमवार सुबह 45 वर्षीय शकुंतला देवी का शव खेत में एक जामुन के पेड़ से लटका हुआ मिला। शकुंतला देवी पिछले कई सालों से अपने दामाद के साथ रह रही थीं, और इस संदिग्ध घटना के बाद से उनका दामाद फरार है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। बता दें कि जानकारी के अनुसार, शकुंतला देवी के पति परेश की 13 साल पहले मृत्यु हो चुकी थी। उनका शव किसान पथ से सटे एक खेत में जामुन के पेड़ से लटका हुआ पाया गया। इसकी सूचना गांव के प्रधान सुरेश कुमार ने तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या यह मामला आत्महत्या का लग रहा है, हालांकि महिला के दामाद का फरार होना कई सवाल खड़े कर रहा है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि शकुंतला देवी कई वर्षों से अपने दामाद के साथ ही रह रही थीं। घटना के बाद से दामाद का कोई पता नहीं है। वहीं बीबीडी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके। पुलिस फरार दामाद की सरगर्मी से तलाश कर रही है और मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



# ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी मामले में सपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन मलिहाबाद में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी रणदीप गुप्ता रिक्की के खिलाफ ब्राह्मण समाज पर अपने फेसबुक पेज पर कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। यह घटना शुक्रवार को मलिहाबाद में हुई, जिसके बाद पूरे जिले के ब्राह्मण समुदाय में भारी आक्रोश फैल गया। रणदीप की पोस्ट से ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका बढ़ गई थी। ब्राह्मण समाज और स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि रणदीप गुप्ता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो यह भविष्य में एक गंभीर समस्या का रूप ले सकता है, जो समाज के लिए खतरा बन सकता है। वहीं इस मामले में ब्राह्मण समाज के सदस्य अमन द्विवेदी, पूर्व सभासद आदित्य अवस्थी, अभिषेक द्विवेदी सहित दर्जनों लोगों ने रविवार को एसीपी विनीत सिंह से मुलाकात की। एसीपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। वहीं पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 दंगा, बलवा फैलाने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह भी बताया गया है कि रिक्की गुप्ता दंगा, बलवा फैलाने और सरकारी संपत्ति का नुकसान करने के एक पुराने मुकदमे में भी आरोपी हैं। पुलिस का कहना है कि वे इस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।

# 15 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के नेतृत्व में प्रथम चरण में 15 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों का निर्वाचक नामावली के आगामी पुनरीक्षण के दृष्टिगत प्रशिक्षण सोमवार को मेरठ के मण्डलायुक्त कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। 15 जनपदों में एटा, हाथरस, कासगंज, अमरोहा, सम्भल, बागपत, बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, मेरठ, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली के जिला निर्वाचन अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।सीईओ ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची शुद्ध रखी जाय, इसके लिए नियमित रूप से पात्र नये मतदाताओं को जोड़े जाये। ईआरओ नेट के माध्यम से मतदाता सूची में मृतक मतदाताओ एवं शिफ्टिड मतदाताओं को सूची से हटाने की कार्यवाही नियमानुसार की जाय।

# बीबीए के डिग्री कोर्स के तृतीय सेमेस्टर की कक्षाओं का नियमित संचालन प्रारम्भ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के संघटक संस्थान राज्य ललित कला अकादमी में संचालित बीबीए चित्रकला के चार वर्षीय प्रोफेशनल नियमित डिग्री कोर्स के तृतीय सेमेस्टर की कक्षाओं का नियमित संचालन 07 जुलाई से प्रारम्भ कर दिया गया है। कक्षाओं के प्रारम्भ के अवसर पर ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ श्रद्धा शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को बताया कि अकादमी में आपके शैक्षिक वातावरण को और अधिक बेहतरीन बनाने हेतु हम सतत् प्रयासरत है। अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि अकादमी द्वारा संचालित कक्षाओं के माध्यम से प्रदेश व अन्य प्रदेशों के छात्र-छात्राएं भी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राज्य ललित कला अकादमी की पहली ऐसी ललित कला अकादमी है जहां पर इस प्रकार के 04 वर्षीय नियमित प्रोफेशनल डिग्री कोर्स का संचालन किया जा रहा है। अकादमी से बीवीए चित्रकला की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात छात्र-छात्राओं को एक रोजगार परक एवं स्तरीय जीवन यापन में महत्वपूर्ण भूमिका इस कोर्स की सिद्ध होगी तथा छात्र-छात्राओं को कला जगत में एक सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने में निश्चित ही सहायक होगी। बीवीए चित्रकला पाठ्यक्रम के संचालन से अकादमी के मूल उद्देश्य नवोदित कलाकारों का उत्थान एवं प्रदेश के सुदूर अंचलों में रह रहे कला साधकों को एक सशक्त माध्यम देकर उन्हे कला जगत में स्थान दिलानें में अकादमी एक कदम और अग्रसर हुई है।बीवीए चित्रकला के नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहयोग से चल रही है जिसे जल्द ही पूर्ण कर नवीन सत्र की प्रवेश प्रक्रिया को सम्पन्न कर प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं का संचालन किया जा सकेगा।

# बीजेपी नेता के पोस्टर फाड़ने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में सपा नेता सहित 9 पर एफ़आईआर



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ में राजनीतिक तनाव तब बढ़ गया जब भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नगर महामंत्री अमित त्रिपाठी ने समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव सुजीत यादव समेत नौ लोगों के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई। आरोप है कि इन व्यक्तियों ने शहर में लगाए गए पोस्टरों को फाड़ा, माहौल खराब किया और त्रिपाठी व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। बता दें कि अमित त्रिपाठी, जो जानकीपुरम एलआईजी कॉलोनी में रहते हैं, ने पुलिस को दी अपनी तहरीर में बताया कि हाल ही में शहर के कई चौराहों पर कुछ व्यंग्यात्मक पोस्टर लगाए गए थे। शनिवार रात, सुजीत यादव, पवन सरोज, मनीष यादव, दिनेश यादव, शैलेंद्र यादव, ब्रजमोहन यादव, बीपी रघुवंशी, इंजीनियर सुशील पांडेय और कौस्तुभ तिवारी ने इन पोस्टरों को फाड़ दिया। त्रिपाठी ने आगे आरोप लगाया कि इन लोगों ने चौराहों पर खड़े होकर अराजकता फैलाई और उन्हें व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर भी उनके खिलाफ धमकी भरे संदेश वायरल किए गए।

त्रिपाठी ने अपनी शिकायत में यह भी कहा कि घटना के बाद से उनके घर के आसपास समाजवादी पार्टी के झंडे लगी गाड़ियां चक्कर काट रही हैं, जिससे उन्हें और उनके परिवार को खतरा महसूस हो रहा है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर उन्हें या उनके परिजनों को कुछ भी होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और नामजद आरोपितों की होगी। वहीं हजरतगंज के इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने इस संबंध में बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपों की गंभीरता से जांच कर रही है। इस घटना ने शहर में राजनीतिक पोस्टर विवाद और धमकियों के मुद्दे को एक बार फिर गरमा दिया है। वहीं अमित त्रिपाठी ने इस मामले में कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# जालौन के सहायक निदेशक मत्स्य मुनीश कुमार निलम्बित

- जनहित की योजनायें प्रभावित न हो और पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ- निषाद
- भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य कर रही प्रदेश सरकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद के निर्देशानुसार जालौन के सहायक निदेशक मत्स्य मुनीश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। निलम्बन अवधि में मुनीश कुमार मत्स्य निदेशालय लखनऊ से सम्बद्ध रहेगें। मुनीश कुमार पर माफियाओं को पट्टा स्वीकृत कराने, मत्स्य पालकों द्वारा शिकायतें किया जाना और शासकीय आदेशों का उल्लंघन व कार्यों में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के दृष्टिगत कार्यवाही की गयी। इस संबंध में मत्स्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।मत्स्य मंत्री डा संजय कुमार निषाद ने अधिकारियों को कहा है कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। इसमें संलिप्त पाये गये किसी अधिकारी को बक्शा नहीं जायेगा, उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य न करने वाले लापरवाह एवं अनुशासनहीन अधिकारियों को कर्तव्यों का पूरी प्रतिबद्धता के साथ पालन करने की हिदायत दी जाती है, जिससे कि जनहित की योजनायें प्रभावित न हो और समय से पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

# विकसित भारत 2047 के निर्माण हेतु यूपी के परिपेक्ष्य में अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी के उपयोग विषयक कार्यशाला का आयोजन

- भारत 2047 तक विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र ही नहीं अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीक में भी बनेगा दुनिया का नम्बर वन राष्ट्र

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में पहली बार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो अंतरिक्ष विभाग भारत सरकार व रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योजना भवन में विकसित भारत 2047 के निर्माण हेतु यूपी के परिपेक्ष्य में अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी के उपयोग विषयक एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम इसरो के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन के मुख्य अतिथि तथा मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित किया गया, जिसमें अंतरिक्ष तकनीकी एवं विकसित भारत 2047 पर विचार मंथन किया गया। कार्यशाला में स्पेस कार्यक्रमों के संबंध में 02 तकनीकी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें गृह विभाग, नगर विकास, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, शहरी विकास, जैव एवं खनन, कृषि, भूमि सुधार, भूजल, राजस्व, यूपीडास्प आदि विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया और प्रदेश में स्पेस तकनीक व रिमोट सेंसिंग के प्रयोग की संभावनाओं पर चर्चा की।कार्यक्रम में इसरो के चेयरमैन, सचिव अंतरिक्ष विभाग भारत सरकार, अध्यक्ष स्पेस कमीशन डॉ. वी नारायणन ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र ही नहीं बनेगा बल्कि अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीक में भी दुनिया का नम्बर वन राष्ट्र होगा। भारत की अंतरिक्ष प्रगति पर दुनिया को गर्व है। पहले भारत के राकेट केवल 35 किग्रा भार ले जाते थे, लेकिन अब 10 हजार किग्रा तक भार वहन करने वाले छठी पीढ़ी के उन्नत राकेट बनाये जा रहे हैं। शीघ्र ही भारत का भी अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा, जल्द ही लॉन्चिंग पैड पर इसका परीक्षण किया जाएगा, यह एक छोटा सा प्रयास होगा लेकिन भविष्य के लिए एक बड़ा कदम साबित होगा। चंद्रयान-02, 03 एवं 04 के मिशन पर कार्य हो रहा, जिससे आगे हमें अंतरिक्ष में मानव भेजने में सफलता मिलेगी।

# एस पी एन इंटर कॉलेज में करोड़ों का घोटाला प्रधानाचार्य व प्रबंधक सवालों के घेरे में

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**




शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय भ्रष्टाचार और लापरवाही का शिकार बनते जा रहे हैं।जनपद के तिलोई क्षेत्र का प्रतिष्ठित विद्यालय सुभाष पशुपतिनाथ विद्यापीठ इंटर कॉलेज इसका एक ताजा उदाहरण है।जहां प्रधानाचार्य प्रेम कुमार मिश्र और विद्यालय प्रबंधक सुरेश त्रिवेदी के बीच सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर मामला चल रहा है।सूत्रों के अनुसार विद्यालय भवन की मरम्मत और निर्माण कार्यों के नाम पर शासन द्वारा भेजे गए करोड़ों रुपये का दुरुपयोग किया गया।आरोप है, कि पुराने और कमजोर ढांचे पर ही नया निर्माण कर दिया गया।जिससे भवन और भी अधिक खतरनाक हो गया है।विद्यालय की वर्तमान स्थिति भयावह है।दीवारों में गहरी दरारें, छत से गिरता प्लास्टर और सीलन की समस्या बनी हुई है।

बारिश के मौसम में छात्रों की सुरक्षा और भी संकट में पड़ जाती है।छात्र-छात्राएं रोज़ाना जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं।इस गंभीर स्थिति पर प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने बयान देते हुए कहा कि यदि जल्द ही छात्रों के लिए सुरक्षित और समुचित व्यवस्था नहीं की गई,तो हम अभिभावकों और क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेंगे।बच्चों की जान के साथ किसी भी कीमत पर खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम कुमार मिश्र ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर विद्यालय प्रबंधक सुरेश त्रिवेदी पर वित्तीय अनियमितताओं और फंड गबन के गंभीर आरोप लगाए हैं।वहीं प्रबंधक इन आरोपों को निराधार बताते हुए कानूनी लड़ाई में अपनी सफाई देने को तैयार हैं। स्थानीय अभिभावकों जन प्रतिनिधियों और नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है, कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों को शीघ्र दंडित किया जाए।साथ ही छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए वैकल्पिक स्थान या तात्कालिक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।अब देखना होगा कि प्रशासन इस संवेदनशील मामले में कितनी तत्परता दिखाता है।और न्यायालय क्या निर्णय देता है।यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई,तो यह लापरवाही किसी भीषण दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## सोलर सिटी के बाद अब अयोध्या में विकसित होगी फॉरेस्ट सिटी

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या में सोलर सिटी स्थापित करने के बाद अब फॉरेस्ट सिटी स्थापित करने की तैयारी शुरू हो गई है। नौ जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दशरथ पथ पर सोलर सिटी पैनल के पास रामपुर हलवारा गांव की जमीन पर फॉरेस्ट सिटी की आधारशिला रखकर वहां पौधरोपण भी करेंगे। पहले चरण में इस फॉरेस्ट सिटी में 14,000 पौधे रोपित किए जाएंगे। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कमिश्नर गौरव दयाल ने बताया कि पौध रोपित करने के लिए तीन स्थानों का चयन किया गया था। पहला सोहावल तहसील के पंडितपुर गांव, दूसरा रुदौली तहसील के मां कामाख्या धाम और तीसरा सदर तहसील के रामपुर हलवारा गांव में फॉरेस्ट सिटी की स्थापना की जा रही है।

# शौर्य वन की स्थापना से देशभक्ति को मिलेगी नई पहचान

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वन विभाग देशभक्ति और वीरता की नई मिसाल पेश करने जा रहा है।वन विभाग द्वारा मुसाफिरखाना क्षेत्र के कटूनाला स्थित शहीद स्मारक के पास शौर्य वन की स्थापना की जाएगी।यह पहल भारतीय सेना के साहसिक ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में की जा रही है।इस विशेष अवसर पर शहीदों के परिजनों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।वृक्षारोपण का कार्य उन्हीं अतिथियों द्वारा संपन्न कराया जाएगा,जिससे इस आयोजन को एक भावनात्मक और राष्ट्रीय गौरव से युक्त रूप प्रदान किया जा सके। डीएफओ रणवीर मिश्र ने बताया कि **शौर्य वन** भविष्य की पीढ़ियों को भारतीय सेना की वीरता और बलिदान की याद दिलाता रहेगा।यह वन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति और वीरता का स्थायी प्रतीक बनेगा। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के सफाए के लिए चलाया गया एक साहसिक सैन्य अभियान था, जिसे पहलगाम हमले के जवाब स्वरूप अंजाम दिया गया था।वन विभाग की यह पहल न केवल शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि है, बल्कि अमेठी को राष्ट्रीय चेतना का एक नया केंद्र बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम भी है।

# सेमरौता में राशन घोटाला उजागर, भ्रष्ट कोटेदारों पर दर्ज हुआ मुकदमा

### गेहूं के बदले चावल बांटने की शिकायत पर पूर्ति विभाग ने की तत्काल कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस | तिलोई, अमेठी**



विकासखंड तिलोई के ग्राम पंचायत सेमरौता में संचालित सरकारी राशन प्रणाली में बड़ी अनियमितता सामने आई है।ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के अनुसार स्थानीय कोटेदार ने शासन द्वारा निर्धारित गेहूं के स्थान पर चावल का वितरण कर दिया।जिससे लाभार्थी परेशान हो उठे।

इस गंभीर मामले की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को मौके पर भेजकर जांच कराई। जांच के दौरान यह शिकायत सत्य पाई गई कि कोटेदार द्वारा गेहूं न देकर चावल का वितरण किया गया था।जो कि सरकारी योजनाओं की खुली अवहेलना है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित कोटेदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। इस कार्रवाई से जहां एक ओर भ्रष्ट राशन डीलरों में हड़कंप मच गया है,वहीं दूसरी ओर ईमानदार वितरण प्रणाली को बल मिला है। डीएम ने स्पष्ट किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पूर्ति विभाग ने अन्य क्षेत्रों के कोटेदारों की भी सघन जांच शुरू कर दी है, ताकि ऐसी लापरवाहियों की पुनरावृत्ति न हो।ग्रामीणों ने प्रशासन की इस तत्परता और पारदर्शिता की सराहना की है। और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। इस कार्रवाई के बाद जिले भर के कोटेदारों को सख्त संदेश गया है, कि अब भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कांवड़ यात्रियों के रास्ते के होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर लगाना होगा फूड सेफ्टी कनेक्टिंग एप

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

सावन का पवित्र माह 11 जुलाई से शुरू होने वाला है। ऐसे में कांवड़ यात्रा के लिए अयोध्या में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कमर कस ली है। कांवड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले सभी होटल, रेस्टोरेंट व ढाबों पर अब फूड सेफ्टी कनेक्टिंग एप लगाया जाएगा। इसके साथ ही उनको एक कार्ड दिया जाएगा। फूड सेफ्टी कनेक्टिंग एप में होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों के सभी विवरण भरे जाएंगे ताकि सभी को उस दुकान के बारे में जानकारी हो सके। इसके साथ ही जो कार्ड दुकान पर रखा जाएगा उसके जरिए किसी भी कांवड़िया या राहगीर को कोई शिकायत करनी हो तो वह कार्ड भर कर खाद्य सुरक्षा विभाग के एप पर जाकर शिकायत कर सकता है। सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद सिंह ने बताया कि शासन के आदेश पर कांवड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले सभी होटल और रेस्टोरेंट में यह एप लगाया जाएगा।

# अवैध ढंग से चल रहे चार अल्ट्रासाउंड सेंटर सील, संचालक फरार

### बिना रेडियोलॉजिस्ट के चल रहे थे, जांच केंद्र

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार केंद्रों को सील कर दिया।यह छापेमारी एसडीएम अभिनव कनौजिया के नेतृत्व में पुलिस बल और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर के पास स्थित नवीन अल्ट्रासाउंड, जसीम अल्ट्रासाउंड, श्रीराम अल्ट्रासाउंड और मैक्स अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर की गई।जांच के दौरान सभी सेंटर बिना पंजीकृत रेडियोलॉजिस्ट के अवैध रूप से संचालित पाए गए। सेंटरों पर अप्रशिक्षित कर्मियों द्वारा मरीजों की जांच की जा रही थी,जो नियमानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित है।

**संचालक मौके से फरार**

जैसे ही छापेमारी टीम पहुंची,सभी सेंटर संचालक मौके से फरार हो गए। प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से चारों अल्ट्रासाउंड सेंटरों को सील कर दिया। प्रशासन को इन अवैध केंद्रों के संचालन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसी आधार पर यह सघन कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान एसीएमओ डॉ. राम प्रसाद भी मौजूद रहे।एसडीएम अभिनव कनौजिया ने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन और योग्य रेडियोलॉजिस्ट के किसी भी सेंटर को चलाने की अनुमति नहीं है।यह गंभीर अपराध है।ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग अब इस मामले में आगे की जांच कर संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।और अन्य सेंटरों की भी जांच तेज कर दी गई है।

## डीएम की अध्यक्षता में मानचित्रों को स्वीकृत/निस्तारित करने हेतु समाधान दिवस 10 को

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

आम जन मानस को सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत शमन मानचित्र एवं ओ0बी0पी0ए0एस0 पोर्टल पर प्राप्त मानचित्रों को स्वीकृत/निस्तारित करने हेतु जिलाधिकारी/ उपाध्यक्ष रायबरेली विकास प्राधिकरण हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में 10 जुलाई 2025 को 10:30 बजे 01:30 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में समाधान दिवस/कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शमन मानचित्र एवं ओ0बी0पी0 ए0एस0 पोर्टल पर ग्रुप मानचित्रों की स्वीकृति/निस्तारण एक ही पटल पर किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अपना आवेदन शमन मानचित्र प्राधिकरण कार्यालय व भवन मानचित्र ओ0बी0पी0ए0एस0 पोर्टल पर जमा कर सकते हैं।

# भूमि विवाद में लाठी-डंडे से पीटकर विवाहिता की हत्या

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

**महाराजगंज।** भूमि विवाद में रविवार को दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। लाठी-डंडे व सरिया से पीट-पीटकर एक विवाहिता की हत्या कर दी गई। विवाहिता के दो भाइयों समेत तीन, जबकि दूसरे पक्ष से दो लोग घायल हुए। पुलिस घटना की जांच कर रही है। चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे अनवरगंज मजरे ज्योना निवासी हौसला प्रसाद और गुरदत्त सिंह मजरे ज्योना निवासी गुरचरण के बीच अनवरगंज चौराहा (लामी चौराहा) स्थित भूमि को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। विवादित जमीन पर गुरचरण का निर्माणाधीन मकान बना था। रविवार शाम करीब तीन बजे गुरचरण निर्माणाधीन मकान की छत डलवा रहे थे। इसकी भनक हौसला प्रसाद को लगी तो वह भारी संख्या में लोगों के साथ लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे व सरिया से हमला कर दिया। हमले में एक पक्ष से गुरचरण के दो बेटे राजेंद्र (42), सुरेंद्र (25), बेटी सुनीता (28) पत्नी सौरभ निवासी कसरैला और रामू (22), जबकि दूसरे पक्ष के हौसला की तरफ से शैलेंद्र सिंह (25) व आशीष सिंह निवासी जनई घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां रामू को छोड़कर शेष पांच घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने सुनीता को मृत घोषित कर दिया। मृतक सुनीता हाल ही में ससुराल से मायके आई थी। सुनीता की मौत से परिजनों में कोहराम है। घटना को लेकर गांव में तनाव है।

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की। सीओ महराजगंज प्रदीप कुमार ने बताया कि **भूमि विवाद में घटना हुई है।** एक महिला की मौत हुई है। तहरीर पर केस दर्ज किया जाएगा। पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कराई जा रही है।

**रात में भी हुआ था बवाल, नहीं चेती चंदापुर पुलिस**

शनिवार की रात गुरचरण निर्माणाधीन मकान पर छत डलवा रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया था। हमले में गुरचरण के बेटे रवींद्र को गंभीर चोटें आई थीं। सीएचसी से रवींद्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रात में बवाल होने के बाद भी चंदापुर थाना प्रभारी और उनके मातहत घटना को लेकर गंभीर नहीं दिखे।

क्षेत्रीय लोगों की माने तो पुलिस प्रकरण में टालमटोल करती रही। यही वजह रही कि गुरचरण शाम को छत डलवाने लगे। इसी बीच दूसरे पक्ष ने पहुंचकर हमला बोल दिया। घटना के बाद लामी चौराहा पर लोग सहमे हुए हैं। सभी आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## बकायेदारों की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 19 को

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि न्यायालय देय के बकायेदार श्री छेदी पुत्र विष्णु प्रसाद निवासी अनंत मजरे मरदानपुर, नौशाद पुत्र वशीर अहमद निवासी रासेहता, मो0 अहमद कुरैशी पुत्र स्व0 जान मोहम्मद निवासी उतरपारा (बेलाभेला), मिथलेश कुमारी सिंह पत्नी गणेश सिंह निवासी ग्राम शिवलहा मजरे कृष्णपुर ताला, नन्द किशोर पुत्र स्व0 रामबली निवासी उमरपुर गेरूखुवा एवं जगरूप पुत्र रामऔतार निवासी चन्दई रघुनाथपुर परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 19 जुलाई 2025 समय प्रातः 10:00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमी/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है।

# फसल नुकसान की भरपाई हेतु किसान इकतीस जुलाई तक कराएं फसल बीमा

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए इफको टोक्यो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड नामित

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद के सभी किसानों हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए इफको टोक्यो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को नामित किया गया है। खरीफ मौसम के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है।

धान की फसल के लिए बीमित धनराशि अंकन 79600 रुपए प्रति हेक्टेयर के सापेक्ष दो प्रतिशत कृषक अंश प्रीमियम धनराशि अंकन 1592 रुपए की दर पर बीमा निर्धारित है।उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदा ओलावृष्टि, भू-स्खलन, बेमौसम चकवाती वर्षा, आकाशीय बीजली से उत्पन्न आग व चकवात से फसलों में हुई क्षति, फसल कटाई उपरान्त अगामी चौदह दिनों तक खेत में सुखाई हेतु रखी गयी फसल को ओलावृष्टि,बेमौसम बारिश से क्षति की सूचना 72 घण्टे के अन्दर टोल फ्री नम्बर-14447 पर करना अनिवार्य है।उन्होंने जनपद के समस्त कृषकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में खरीफ फसलों का बीमा कराने का कष्ट करें,ताकि प्राकृतिक आपदा फसलों की क्षति की स्थिति में फसलों क्षति की प्रतिपूर्ति प्राप्त होने से आपकी आय स्थिर बनी रहे। बीमा कराने के लिए नियम व शर्तें की अधिक जानकारी केलिए जनदीय प्रतिनिधि फसल बीमा कम्पनी के नंबर 7309150856 अथवा कार्यालय जिला कृषि अधिकारी फसल बीमा योजना में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# प्रदेश सरकार बाल श्रमिकों को शिक्षा से जोड़कर, उनका कर रही है विकास

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश से बालश्रम उन्मूलन के लिए विशेष कार्य किये गये है। प्रदेश सरकार बालश्रमिकों को चिन्हित कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ रही है। प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

बाल श्रमिक विद्या योजना- प्रदेश में संचालित इस योजना के अन्तर्गत ऐसे बाल श्रमिकों जिनके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है अथवा वे किसी गंभीर रोग से ग्रसित होने के कारण कार्य करने की स्थिति में नहीं है। ऐसे कामकाजी बच्चों के लिए आर्थिक सहायता की धनराशि प्रत्येक माह रु0-1000/-बालकों के लिए व रू0 1200/- बालिकाओं के लिए दी जाती है। लाभार्थी कामकाजी बालक/बालिका व किशोर/किशोरी योजना के अन्तर्गत कक्षा-8, 9, एवं 10 तक शिक्षा प्राप्त करते है तो उन्हें कक्षा-8 उत्तीर्ण करने पर रू0 6000/-की अतिरिक्त धनराशि प्रोत्साहन के रूप में दी जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष 8-18 आयु वर्ग के 2000 कामकाजी बच्चों/किशोर-किशोरियों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना के अन्तर्गत रू0 3.00 करोड़ आवंटित किए गए हैं। जिससे पात्र बालक/बालिकाओं की शिक्षा पर व्यय किया जा रहा है।

बाल श्रम सर्वेक्षण योजना- बाल श्रम समस्या का आकलन कराने हेतु बाल श्रम सर्वेक्षण कराया जा रहा है, जिसमे 09-14 आयु वर्ग के खतरनाक व्यवसायों/प्रक्रियाओं में चिन्हांकित बाल श्रमिकों के शैक्षिक पुनर्वासन हेतु राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के अन्तर्गत प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त करने की योजना राज्य सेक्टर से स्वीकृत की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना के अन्तर्गत धनराशि रू0 5.00 लाख आवंटित किया गया है। जिससे सर्वेक्षण कार्य कराया जा रहा है।

नया सवेरा योजना- नया सवेरा योजना के अंतर्गत यूनीसेफ के सहयोग से प्रदेश के बाल श्रम से सर्वाधिक प्रभावित 20 जिलों के चिन्हित 1197 ग्राम पंचायतों/शहरी वार्डों को बाल श्रम मुक्त घोषित किया जाना है।

योजना में 20 जिलों के 1197 ग्राम पंचायतों/शहरी वार्डों में संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत अब तक कुल 1197 ग्राम व वार्डों का सर्वेक्षण पूर्ण कराकर 6-14 आयु वर्ग के 41285 कामकाजी बच्चों को चिन्हित किया गया है, जिसके सापेक्ष 33405 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में प्रवेशित/नियमित कराया गया है। इसी प्रकार 15-18 आयु वर्ग के 14825 कामकाजी बच्चों/किशोर-किशोरियों को चिन्हित किया गया है तथा उन्हें व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जोड़े जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## राम मंदिर के शिखर पर ध्वज दंड पताका फहराने की तैयारी शुरू

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। पहले रामलला की और उसके बाद राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई। अब राम मंदिर के शिखर पर ध्वज दंड पताका फहराने की तैयारी शुरू हो गई है। नवंबर में किसी भी दिन शुभ मुहूर्त पर यह आयोजन भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। रामनगरी अयोध्या में एक बार फिर से भव्य समारोह की तैयारी शुरू हो गई है। राम मंदिर के 161 फिट ऊंचे शिखर पर होने वाले ध्वजारोहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल हो सकते हैं। रामलला और राजा राम के प्राण प्रतिष्ठा की ऐतिहासिक गूंज अभी भी बरकरार है। राम मंदिर के अलावा परिसर के अन्य सभी मंदिरों के शिखर पर ध्वज फहराया जाएगा। रामध्वज का आरोहण केवल एक प्रतीकात्मक अनुष्ठान नहीं बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम की विजय और धर्म की प्रतिष्ठा का उदघोष होगा। यह आयोजन मंदिर निर्माण की पूर्णता की ओर बढ़ते कदम का संकेत भी माना जा रहा है।

# संपूर्ण राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोने का सपना डॉ मुखर्जी ने देखा था: अभिलाष कौशल

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



रविवार को भाजपा के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन पर क्षेत्र के सावापुर नेवादा गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने भारत राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के सपना देखा था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने साकार किया है। आज राष्ट्र एक राह पर चल निकला है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारतीय संविधान के दायरे में लाने और एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान (झंडा) के विरोध में सबसे पहले आवाज उठाने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी है। उनका यह स्वप्न स्वतंत्रता प्राप्ति के सात दशक बाद तब पूरा हुआ जब नरेन्द्र मोदी सरकार ने वर्ष 2019 में संसद में संविधान के अनुच्छेद 370 एवं 35ए को समाप्त करने का विधेयक पारित कराया। इसके बाद ही जम्मू-कश्मीर भारत देश का सही मायनों में अभिन्न अंग बना। उन्होंने कहा कि दरअसल विशेष राज्य का दर्जा, अलग संविधान, देश के अन्य प्रदेशों के नागरिकों के जम्मू-कश्मीर में प्रवेश के लिए परमिट की आवश्यकता जैसी जिन शर्तों और नियमों के साथ जम्मू-कश्मीर को भारत में शामिल किया गया था, डा. मुखर्जी प्रारंभ से ही उसके विरोध में थे। उन्होंने इसके लिए बाकायदा जम्मू कश्मीर जाकर विरोध दर्ज कराया। लेकिन उनका यह स्वप्न उनके जीते जी पूरा नहीं हो पाया और रहस्यमय परिस्थितियों में 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हो गई। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव, विजय पाल, अमरेश यादव, हरि शंकर साहू, राकेश मौर्य अनुज कुमार सुशील कुमार, सुशील कुमार, रामखेलावन, राजेश पासी, श्यामलाल रविदास आदि मौजूद थे।

## भारतीय अहिंसा पार्टी को कारण बताओ नोटिस जारी

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत उत्तर प्रदेश राज्य के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से वर्ष 2024 (6 वर्षों) के मध्य आयोग द्वारा आयोजित निर्वाचनों में एक भी चुनाव नहीं लड़े जाने के फलस्वरूप भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 द्वारा भारतीय अहिंसा पार्टी, पता-728 निराला नगर अयोध्यापुरी रायबरेली को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा उपरोक्त पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जारी ÷कारण बताओ नोटिस÷ पार्टी के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया गया है।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, मंगलवार, 08 जुलाई, 2025






**स्कूल मर्जर के विरोध में शिक्षकों ने किया...**

प्रदेश सरकार के मर्ज फैसले के विरोध में शिक्षकों का लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। परिषदीय विद्यालयों को मर्जर किये जाने का आदेश वापस लिये जाने की मांग को...

▸ शेष पेज 10 पर...

# मकान कब्जाने की शिकायत लेकर बागपत से डीएम के पास पहुंचा पीड़ित

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



साहब, विश्वास की डोर मुझे बागपत से कानपुर तक ले आई। आपके पास बड़ी उम्मीद से आया हूं। जब आप वहां पर थे तब हमारी समस्या सुनकर उसे तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए थे, लेकिन आपका तबादला हो जाने के बाद अधिकारियों ने समस्या का निस्तारण नहीं किया। यह गुहार सोमवार को 435 किलोमीटर का सफर तय कर बागपत से शहर पहुंचे 65 वर्षीय राजकुमार ने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से लगाई।

बागपत जिले की बड़ौत तहसील क्षेत्र निवासी राजकुमार अपनी पारिवारिक समस्या लेकर जनता दर्शन में पहुंचे थे। राजकुमार के अनुसार काफी समय से जमीन को लेकर परिवार से विवाद चल रहा है। बताया कि पुत्रवधु डिंपल और उसके मायके वालों ने मकान पर कब्जा कर लिया है। मुकदमे की पैरवी करने पर जान से मारने की धमकी मिलती है।

जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए राजकुमार ने कहा कि करीब छह महीने पहले बागपत में आपने हमारी समस्या सुनी थी और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण कि निर्देश दिए थे,

लेकिन आपका तबादला होने जाने के बाद समस्या जस की तस है।

जिलाधिकारी ने राजकुमार की फरियाद सुनकर बागपत के संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात की और समस्या के शीघ्र समाधान के लिए अनुरोध भी किया। उन्होंने राजकुमार को जल्द ही समस्या के निस्तारण का भरोसा दिया। बाद में राजकुमार को जलपान कराकर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाने के लिए सरकारी वाहन की भी व्यवस्था कराई।

## कानपुर में बेकाबू कंटेनर ने बाइक सवार वकील और उसकी मां को टक्कर मारी दोनों की मौके पर मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** सोमवार सुबह प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर बेकाबू कंटेनर ने बाइक सवार वकील और उनकी मां को टक्कर मारी दी। दोनों 20 फीट उछलकर सड़क पर गिर पड़े। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। नगरा मोड़ से सरसौल ओवरब्रिज तक करीब 5 किमी हाइवे पर कंटेनर को रॉन्ग साइड में दौड़ाया। कंटेनर में तीन सवारियां बैठी थीं। जो कि बचाओ-बचाओ चिल्ला रही थी। दो सवारियां चलती कंटेनर से कूद गई। घटना के बाद कंटेनर हाईवे किनारे खड़ा कर भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि कंटेनर चालक नशे में था। कंटेनर चालक ने एक कार व दो अन्य बाइकों में भी टक्कर मारी।

# तीन युवतियों समेत पांच लोगों ने की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



शहर के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में तीन युवतियों समेत पांच लोगों ने आत्महत्या कर ली। चार लोगों ने फंदा लगाया तो एक ने जहरीला पदार्थ खाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ जांच कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में मकड़ीखेड़ा निवासी सीएसए से रिटायर्ड रामगोपाल की बेटी ज्योति (26) ने रविवार देर रात फंदे से लटककर जान दे दी।

भाई राहुल ने बताया कि बहन एसएससी की तैयारी कर रही थी। 17 जुलाई को उसका एआरओ की परीक्षा थी। परीक्षा को लेकर वह इन दिनों काफी तनाव में थी। रविवार रात खाना खाने के बाद परिजन सो गए। तभी बहन ने मौत को गले लगा लिया। सोमवार सुबह भाई शिवांक व अभिषेक ने कमरे में ज्योति का शव लटकते देखा तो कोहराम मच गया। सचेंडी थानाक्षेत्र के भौंती प्रतापपुर निवासी केदार के बेटे सरवन (20) ने रविवार रात रस्सी से लटककर जान दे दी।

परिजनों ने बताया कि बड़े भाई रामगोपाल ने सरवन का रविवार रात बिजली कनेक्शन काट दिया। आरोप लगाया कि सरवन आए दिन घर की लाइट व पंखे चलाकर छोड़ देता था। इससे नाराज होकर दोनों भाइयों में जमकर झगड़ा हुआ। इसके बाद देर रात सरवन ने कमरे में रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी। चकेरी थानाक्षेत्र में काजीखेड़ा लालबंगला निवासी कारपेंटर गोपाल शर्मा (35) ने जीने में निकले लोहे के एंगल से चद्दर के सहारे लटककर आत्महत्या कर ली। रविवार शाम को वो काम से जल्दी घर लौटा और रात में छत पर सोने चला गया। सोमवार सुबह जब वह छत से नीचे नहीं लौटा तो देखने गए तब जानकारी हो हुई।

### शादी के 20 दिन बाद फंदे पर लटकी नवविवाहिता

बिधनू थानाक्षेत्र के हरदौली निवासी संतोष कुमार की पत्नी सिमरन (19) ने एक जुलाई को फंदे पर लटक गई। नवविवाहिता को फंदे से उतारकर गंभीर हालत में ससुर परशुराम ने अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान छह जुलाई की रात उसने दम तोड़ दिया। पति संतोष ने बताया कि 11 जून को उसने तिलसहरी निवासी सिमरन से शादी की थी। कैटरिंग का काम के चलते 16 जून को मथुरा गया था। एक जुलाई की रात पत्नी ने फोन कर जल्द घर आने की बात कही। इस पर उन्होंने काम खत्म कर आने को कहा। इसी बात पर गुस्से में कदम उठा लिया।

### युवती ने जहरीला पदार्थ खाया, अस्पताल में मौत

चकेरी थानाक्षेत्र में रामादेवी निवासी पल्लवी (23) ने 26 जून की शाम को डिप्रेशन के कारण जहरीला पदार्थ खा लिया।

हालत बिगड़ने पर भाई कुनाल ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसने रविवार रात दम तोड़ दिया। कुनाल ने बताया कि बहन बीए फाइनल के साथ प्राइवेट जॉब कर रही थी। डिप्रेशन के कारण उसका इलाज भी डॉक्टर से चल रहा था।

# ब्रह्मनगर चौराहे पर 36 फीट क्षतिग्रस्त हुआ नाला, डेढ़ माह दुश्वारियां झेलेंगे लोग

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



ब्रह्मनगर चौराहे पर डॉट नाला तीन दिशाओं में 36 फीट क्षतिग्रस्त हुआ है। सोमवार को नगर निगम ने जेसीबी से खोदाई कराकर मलबा निकाला। आठ जुलाई को तीनों तरफ लोहे की शीट लगाने के बाद मरम्मत शुरू कराई जाएगी। इस कार्य में एक से डेढ़ माह लगने की संभावना है। ईंटों से बना अंग्रेजों के जमाने का यह नाला अपनी मियाद पूरी कर चुका है। 30 जून को बारिश के दौरान ब्रह्मनगर चौराहे पर डॉट नाला क्षतिग्रस्त होने के साथ ही सड़क और चौराहे का करीब एक तिहाई हिस्सा धंस गया था। पेड़ कटवाने और बिजली के चार खंभे हटवाने के बाद नगर निगम ने जेसीबी से मलबा हटवाया। नगर निगम जोन चार के अधिशासी अभियंता नानक चंद ने बताया कि इस चौराहे पर डॉट नालों का जंक्शन है। 80 फीट रोड, नेहरूनगर, रामबाग की ओर के डॉट नाले करीब 12-12 मीटर तक क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनसे ईदगाह की तरफ सीसामऊ नाले में पानी जा रहा है। क्षतिग्रस्त नालों में दोनों तरफ लोहे की शीट लगाकर बैरिकेडिंग की जाएगी, ताकि आसपास की मिट्टी न धंसे। इसके बाद पिलर बनाए बनाकर उसके ऊपर ढलाई कराई जाएगी। जंक्शन प्वाइंट पर चैंबर भी बनेगा।

## अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, चकेरी में कब्जा मुक्त हुआ फुटपाथ

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** चकेरी के शिवकटरा में रेड ऑर्किड होटल समेत कई अन्य दुकानदारों ने फुटपाथ पर कब्जा कर रखा है। जिसमें लोग अपनी बाइक और अन्य वाहन खड़ा करते हैं। इससे कभी-कभी जाम की स्थिति भी बनती है। साथ ही लोगों को आवाजाही करने में भी परेशानी होती है। इलाकाई लोगों ने इसकी शिकायत कई बार नगर निगम में की थी। जिसका संज्ञान लेकर सोमवार को नगर निगम जोन 2 की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रेड ऑर्किड होटल समेत कई अन्य लोगों के फुटपाथ को अतिक्रमण अभियान चलाकर फुटपाथ को कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान लोगों की भीड़ जुट गई। हंगामे की आशंका को देखते हुए पुलिस और नगर निगम की जोनल टीम भी मौजूद रही। टीम ने आगे कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई की बात कहीं।

## कानपुर के पांच छोटे स्टेशनों में बढ़ेगी प्लेटफार्म की ऊंचाई

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

ट्रेनों में लिंक हॉफमैन बुश (एलएसबी) कोच लगाए जा रहे हैं। इंजन भी अपग्रेड हो रहे हैं। इसी के मद्देनजर रेलवे ने कानपुर के पांच स्टेशनों में प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने का निर्णय लिया है। अभी इनकी ऊंचाई कम है जिस वजह से रेलवे के अपग्रेड कोच के प्लेटफार्म पर लगने में दिक्कत होती है। उत्तर-मध्य रेलवे, प्रयागराज ने मंडल के छोटे रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके तहत मंडल के 27 रेलवे स्टेशनों को चिह्नित किया गया है। इनमें कानपुर के चकेरी, चंदारी, रूमा, मैथा व रसूलाबाद स्टेशन भी हैं। अब इन स्टेशनों के प्लेटफार्म औसतन दो फीट छह इंच के बनेंगे। जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि रेलवे अपग्रेड हो रहा है। इसी के तहत छोटे स्टेशनों के प्लेटफार्म एलएसबी कोच के हिसाब से बनाए जा रहे हैं। बता दें कि एलएचबी कोच 160 किमी प्रति घंटा तक की गति से दौड़ने में सक्षम हैं जो एलएचबी कोचों की तुलना में अधिक है। रेलवे ने 2030 तक सभी ट्रेनों को एलएचबी कोचों में बदलने का लक्ष्य रखा है।

# हाईवे पर उलटी दिशा में भाग रहे कंटेनर ने बाइक सवार अधिवक्ता व उनकी मां को कुचला

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





महाराजपुर थानाक्षेत्र में सरसौल ओवरब्रिज पर सोमवार सुबह उलटी दिशा में भाग रहे कंटेनर ने बाइक सवार अधिवक्ता व उनकी मां को कुचल दिया। दर्दनाक हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे से पहले कंटेनर चालक ने दो बाइक व एक कार सवार को टक्कर मारी। जिससे दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने नशे में धुत चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। कंटेनर में बैठी अन्य सवारियां ने हैंडब्रेक खींचकर कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के परिजनों को जानकारी दी तो कोहराम मच गया।

कानपुर-प्रयागराज हाइवे पर भेवली मोड़ के सामने सरसौल ओवरब्रिज पर सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे उलटी दिशा से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने सामने से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में कल्याणपुर के पुराना शिवली रोड अशोक नगर निवासी अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह (35) और उनकी मां चित्ररेखा (50) सड़क पर गिर गए। इस दौरान भागने के चक्कर में कंटेनर चालक ने दोनों को कुचल दिया।

दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अधिवक्ता के बड़े भाई पनकी निवासी संदीप सिंह ने बताया कि राघवेंद्र फतेहपुर की बिंदकी तहसील जा रहे थे। मां को फतेहपुर के पारा धनई गांव ननिहाल छोड़ना था। सुबह 8.30 बजे बाइक से घर से दोनों निकले थे। पिता राम कृपाल सिंह भूतपूर्व सैनिक हैं। हादसे के बाद कंटेनर खड़ा कर भाग रहे चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। लगभग एक घंटे तक कानपुर-फतेहपुर हाईवे का यातायात बाधित रहा। महाराजपुर इंस्पेक्टर संजय पांडेय ने बताया कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत हुई है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पोस्टमॉर्टम कराया गया है।

### नशे में धुत था चालक दो घायलों को पहुंचाया सीएचसी

बाइक सवार मां-बेटे को कुचलने से पहले आरोपी कंटेनर चालक ने बाइक सवार रहनस निवासी आकाश गुप्ता व महाराजपुर निवासी आकाश व कार सवार को टक्कर मारी। हादसे में कुल चार लोग घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस की जांच में सामने आया है, कि फर्रुखाबाद के थाना मोहम्दाबाद के ग्राम नैनसा निवासी ऋषभ सिंह उर्फ जीतू है जो नशे में धुत था।

### हैंड ब्रेक मारकर कूदी सवारियों की बची जान

कंटेनर में बैठे फतेहपुर के थरियांव निवासी शिवपथ ने पुलिस को बताया कि वह थरियांव से कंटेनर में बैठे थे। चालक नशे में धुत था। कई बार रास्ते में गाड़ी धीरे चलाने के लिए बोला। लेकिन उसने एक नहीं सुनी। साथ ही कंटेनर में बैठे दो युवक और एक वृद्ध ने भी चालक से गाड़ी धीरे चलाने के लिए कहा। लेकिन उसने नशे और जिद्द में सात किमी हाइवे पर कंटेनर भगाया।

जिसके बाद उन सवारियों को चालक से जमकर विवाद हुआ। चालक ने गाड़ी धीमी की तो दोनों युवकों ने हिम्मत कर गाड़ी का हैंडब्रेक लगा दिया। इस पर एक के बाद एक चारों सवारियों ने अपनी कूदकर जान बचा।

## यूटयूबर समेत छह लोगों पर रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कल्याणपुर में एक व्यापारी ने यूटयूबर, उसकी पत्नी, बेटे समेत छह लोगों पर रंगदारी, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कल्याणपुर कला निवासी व्यापारी धीरज सिंह ने बताया कि उसकी पुश्तैनी भूमि पर बाजार है, जिसमें करीब 50 दुकानें किराये पर चलती हैं। इसका संचालन वह अपने चचेरे भाई सौरभ सिंह उर्फ सोनू के साथ करते हैं। तीन जुलाई की शाम करीब 6=30 बजे आशीष कुमार, उसका बेटा अजय और तीन-चार अन्य लोग जबरन बाजार पहुंचे और सौरभ सिंह से 30 हजार रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर हमला करने की कोशिश की।

धीरज सिंह का आरोप है कि पूर्व में भी आरोपियों के खातों में 6.60 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए जा चुके हैं।

# वन महोत्सव के तहत गंगा टास्क फोर्स, गोरखा राइफल्स ने किया पौधरोपण



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सरसौल ब्लॉक के बड़ा गांव मिलन केंद्र में वन महोत्सव के तहत गंगा टास्क फोर्स व 39 गोरखा राइफल्स की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और स्वच्छ गंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस मौके पर मौजूद लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व नायब सूबेदार टेक बहादुर ने किया। उन्होंने कहा कि हर पौधा एक जीवन है।

यह अभियान गंगा की निर्मलता के साथ-साथ धरती की हरियाली को भी समर्पित है। नमामि गंगे संस्था से रामशंकर तिवारी ने कहा कि एक पौधा मां के नाम पर अवश्य लगाए साथ ही उसका पोषण भी करें।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया और गंगा स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अम्बरीश उत्तम, अरुण कुमार वर्मा, वर्षा गौतम सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# गुर्दे की खराबी से युवाओं का ब्लड प्रेशर हाई, ये बातें जानना बेहद जरूरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



गुर्दे में खराबी युवाओं का ब्लड प्रेशर हाई हो रहा है। चिंता की बात यह है कि इन रोगियों का ब्लड प्रेशर एक दवा से कम नहीं होता, उन्हें दो-तीन दवाएं या फिर दवाओं का कॉम्बिनेशन लेना पड़ता है। खराबी गुर्दे में पहले होती है और पता पहले ब्लड प्रेशर का चलता है। मल्टी सुपर स्पेशियलिटी एंड पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट के नेफ्रोलॉजी विभाग के सैंपल सर्वे में यह तथ्य पता चला है।

रोगियों की जांच से पता चला है कि गुर्दे की छन्नियों और नसों में पहले खराबी आती है जिससे रेनिन नामक रसायन निकलता है, जो ब्लड प्रेशर बढ़ा देता है।

नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. युवराज गुलाटी ने बताया कि ओपीडी में हर महीने औसत 1000 गुर्दा रोगी आते हैं। इनमें 100 रोगी ऐसे होते हैं, जिनका ब्लड प्रेशर बढ़ा होता है। उन्हें कई दवाएं बीपी के लिए देनी पड़ती हैं। इन रोगियों का आयु वर्ग 20 से 40 वर्ष के बीच होता है। इनके ब्लड प्रेशर बढ़ने का मुख्य कारण गुर्दे की खराब होना होता है। यह समस्या रोगी को पता नहीं होती। जांचों में गुर्दे की गड़बड़ी पकड़ में आती है। उन्होंने बताया कि गुर्दा रोग का यह एक नया तरह का ट्रेंड सामने आ रहा है। यह स्थिति बढ़ रही है। रोगियों की हिस्ट्री का अध्ययन किया गया तो कई तरह के बिंदु सामने आए हैं।

उन्होंने बताया कि कुछ में ऑटो इम्यून कारण होते हैं।

शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली उसे नुकसान पहुंचाने लगती है। इससे रोगी के पेशाब से प्रोटीन निकलने लगता है। इससे गुर्दे में खराबी आती है और रेनिन तत्व का रिसाव शुरू हो जाता है। इसकी वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। रेनिन का रिसाव होता रहता है तो बीपी जल्दी काबू में नहीं आता है। रोगी के पेशाब में खून भी आता है, लेकिन सामान्य तरीके से देखने पर यह पता नहीं चलता। जब माइक्रोस्कोप से देखा जाता है तो खून के कण दिखते हैं। इसके अलावा धूम्रपान, मोटापा भी गुर्दे में खराबी का बड़ा कारण होता है।

रोगियों को बीमारी की असली वजह जांचों के बाद पता चल पाती है।

### ऐसे होते हैं गुर्दे खराब

शरीर में रेनिन एल्ट्रोस्टेरोन सिस्टम होता है।

इसमें गड़बड़ी होने पर पेशाब से प्रोटीन जाने पर शरीर में पानी और नमक का जमाव बढ़ने लगता है। इससे शरीर का ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है।

इसके अलावा गुर्दे की नसें सिकुड़ने लगती हैं और छन्नियां खराब हो जाती हैं।

ऐसा कोई संक्रमण होने, धूम्रपान से शरीर में निकोटीन तत्व बढ़ने और कोलेस्ट्राल बढ़ने से होता है।

# बंधक बना 52 लाख की धोखाधड़ी: 22 दिन तक खाने में खिलाई नशीली गोलियां

■ शातिरों ने उन्हें मूलगंज के सिटी पैलेस होटल में ठहराया था। छह दिन तक होटल की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में बंधक बनाए रखा था।



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिहार के गया जिले की मगध कॉलोनी निवासी ट्रस्ट संचालक रंजीत कुमार से धोखाधड़ी करने वाले शातिरों ने 22 दिनों तक उन्हें बंधक बनाकर रखा। शातिरों ने उन्हें मूलगंज के सिटी पैलेस होटल में ठहराया था। छह दिन तक होटल की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में बंधक बनाए रखा था। वह शोर न मचा सकें, इसके लिए उन्हें खाने में नशीली गोलियां मिला देते थे। उनकी निगरानी के लिए एक व्यक्ति हमेशा उनके इर्द-गिर्द रहता था। छह दिन बाद सूनसान स्थान पर ले गए और वहां रखा।

रंजीत के अनुसार, नौ मई को वह ट्रस्ट के संबंधित दस्तावेजों को लेकर समर स्पेशल ट्रेन से कानपुर आया था। स्टेशन पर मिले अर्पित राठौर ने उसे मूलगंज स्थित सिटी पैलेस होटल के कमरा नंबर 301 में ठहराया। कमरे में पहुंचने के बाद शातिरों ने बातों में फंसाकर उनसे दस्तावेज हासिल कर लिए। उनके लिए खाना मंगाया। इसे खाने के बाद उन्हें बेहोशी सी आने लगी। उन्होंने आरोपियों से कहा तो उन लोगों ने यात्रा की थकान बताकर उन्हें आराम करने की सलाह दी। होश में आने के बाद उनका मोबाइल गायब था।पूछने पर आरोपियों ने पहले तो टालमटोली की, बाद में बताया कि मोबाइल उनके कब्जे में है। इसके बाद जबरन उनसे बैंक खातों से जुड़ी जानकारी और पासवर्ड हासिल कर लिया। इस दौरान आरोपियों ने 15 मई को नशे की हालत में ही उन्हें बैंक ले जाकर खाते से आठ लाख रुपये निकलवाए।

### लाल कार से ले गए सूनसान जगह

16 मई को आरोपी उन्हें लाल रंग की कार में बैठाकर सूनसान स्थान पर ले गए। कभी-कभी पत्नी से मोबाइल पर बात करवाता था। कहा कि घर पर फोन करके पता लगवाओ कि पत्नी के खाते में कितना बैलेंस है।

उनके धमकाने पर पत्नी को फोन कर खाता चेक करने के लिए कहा तो पता चला कि खाते में 1.80 लाख रुपये हैं। इस पर आरोपियों ने पत्नी को रंजीत के मोबाइल से स्कैनर भेजा और सारे पैसे उसी के खाते में ट्रांसफर करवा लिए और बाद में निकाल लिए। आरोपियों ने पत्नी को धमकी दी थी कि पुलिस को खबर दी तो तुम्हारे पति को मार कर फेंक देंगे। नशे की हालत में आरोपियों ने दो जून को उन्हें स्टेशन के पास छोड़ दिया। वहां से वह ट्रेन पकड़कर बिहार लौट गए थे।


# हिस्ट्रीशीटर सबलू की हत्या के प्रयास में फरीद आलम गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

हिस्ट्रीशीटर सबलू की हत्या के प्रयास में शाहिद पिच्चा गैंग के सदस्य बेकनगंज निवासी फरीद आलम को पुलिस ने रविवार शाम गिरफ्तार कर लिया। स्वरूपनगर थानाक्षेत्र में हर्षनगर चौराहे के पास 30 जून को सबलू को गोली मारी गई थी। हिस्ट्रीशीटर व डीटू गैंग के सदस्य एजाजुद्दीन उर्फ सबलू को गोली मारने के मामले में शाहिद पिच्चा के साथी 25-25 हजार के इनामी जीशान कुरैशी और उसके भाई फैसल को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि यूसुफ चटनी ने न्यायालय में सरेंडर किया था। पुलिस की जांच में सामने आया था कि यूसुफ ने सबलू को गोली मारी थी। सबलू ने स्वरूपनगर थाने में जेल में बंद शाहिद पिच्चा, उसकी मां, बहनोई जीशान, सनी मौरंग, बिल्डर फिरोज भइया, युसूफ चटनी और तीन अज्ञात पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस अब तक युसुफ चटनी, जीशान कुरैशी और उसके भाई फैसल को जेल भेज चुकी है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दिलाने का झांसा देकर 20 हजार रुपये ठगे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दिलाने का झांसा देकर युवक ने महिला से बीस हजार रुपये ठग लिए। महिला ने रेलबाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फेथफुलगंज निवासी राजनंदनी के अनुसार, चकेरी के अहिरवां निवासी अमित कुमार शर्मा उर्फ बब्लू ने अक्तूबर 2023 में प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दिलाने का झांसा देकर दो बार में बीस हजार रुपये ले लिए।

खुद को अधिवक्ता बताने वाले अमित ने रुपये लेने के कुछ माह बाद एक कब्जानामा सौंपा, जिसमें योजना अधिकारी बलराम त्यागी के नाम की मुहर लगी थी। युवक ने जल्द ही प्लॉट के आवंटन होने की बात कही। एक वर्ष बाद भी लाभ न मिलने पर लखनऊ में जानकारी की तो ठगी का पता चला। 19 मई को घर जाकर रकम मांगी तो धमकाकर भगा दिया। जून में थाने में सुनवाई न होने पर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत की। रेलबाजार थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि अमित कुमार, राजरानी व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, धमकाने, कूटरचना व अमानत में खयानत में रिपोर्ट दर्ज की गई है।



# विचार एक्सप्रेस



 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# लोकतंत्र बहाली के लिए अमेरिका को ट्रंपवादी राजनीति से निकलना होगा

**4000 नैशनल गाड्र्स और 700 मरीन की तैनाती देख कर ऐसा मालूम होता है कि हौलीवुड हस्तियों की रिहाइश के लिए मशहूर लौस एंजलिस कोई जंग का मैदान हो। मेयर कैरन बैस ने नेशनल गार्ड और मरीन्स को भेजने की आलोचना करते हुए कहा कि अभी हम अंधेरे में हैं। हमें नहीं पता कि कब क्या होने वाला है। हमारे पास इस स्थिति से निपटने की क्षमता है और हमें सेना या नेशनल गाड्र्स की जरूरत नहीं है, खासकर तब जब हम ने इस के लिए कहा ही नहीं था। राष्ट्रपति ने राज्यपाल की शक्ति छीन ली है। यह अस्वीकार्य है।**

*ट्रंप की राजनीतिक रेलगाड़ी डर और नफरत के उसी कोयले पर चलती है, जिस से भारत में भगवा पार्टी के मुखिया की चलती है. नफरत और धार्मिक उन्माद पैदा किए बगैर सत्ता पाना इन के बस की बात ही नहीं है। लौस एंजलिस में नेशनल गाड्र्स की तैनाती, सड़कों पर पुलिस का तांडव, प्रदर्शनकारियों की चीखें और रुदन, हाथों में पोस्टरबैनर और मशालें, सरकारी आतंक से लोहा लेने की मजबूरी, अमेरिका की ऐसी स्थिति देख कर दुनिया अचरज में है. अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने नारा दिया था, 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन', लेकिन अब उन के अटपटे फैसलों और उन के नतीजों को देख कर ऐसा लगता है, जैसे उन का लक्ष्य हो 'मेक अमेरिका बेड अगेन' क्योंकि ट्रंप के शासन में अमेरिका में ग्रेटनेस कम और विवाद और प्रदर्शन ज्यादा हो रहे हैं। अमेरिका के दुश्मनों की संख्या ज्यादा हो रही है और दोस्तों की गिनती कम होती जा रही है. यहां तक कि जिन दोस्तों के अथक प्रयासों ने ट्रंप को सत्ता हासिल करने में मदद की, वे भी अब ट्रंप के निर्णयों से खफा हो कर किनारा कर रहे हैं। ट्रंप की नस्लवादी सोच, दिखावा, घमंड, ताकत के प्रदर्शन का शौक और धार्मिक कट्टरता ने अमेरिका को गृहयुद्ध की स्थिति में झोंक दिया है. ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को रिकार्ड संख्या में निर्वासित करने और अमेरिका व मैक्सिको सीमा बंद करने का ऐलान किया है। ट्रंप की डिपोर्टेशन पौलिसी के तहत इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट को हर दिन बिना दस्तावेज वाले 3000 अप्रवासियों को रिकार्ड संख्या में गिरफ्तार कर डिपोर्ट करने का लक्ष्य है. जिस के तहत लोगों को गिरफ्तार कर जबरन हथकड़ीबेड़ी में जकड़ कर उन के देश वापस भेजा जा रहा है. इस के विरोध में लौस एंजलिस सहित अमेरिका के 12 राज्यों के 25 शहरों के लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को, डलौस, औस्टिन, टेक्सास और न्यूयौर्क जैसे शहरों में प्रदर्शन उग्र रूप लेता जा रहा है. प्रदर्शनकारियों के आगे जीवनमरण का सवाल है इसलिए अब उन्हें पुलिस की गोलियों का भी खौफ नहीं है. ये वे लोग हैं जिन्हें ट्रंप ने अवैध प्रवासी का तमगा दिया है. मगर ये कोई आसमान से टपके एलियंस तो नहीं हैं. ये वही लोग हैं जो सालों से अमेरिका की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं. जो वहां दुकानों में काम करते हैं. बड़ीबड़ी बिल्डिंग्स और घर बनाते हैं. फल और अनाज उगाते हैं. गाड़ियां ठीक करते हैं। दशकों से ये लोग वहां रह रहे हैं. ये न हों तो अमेरिका की रफ्तार थम जाए मगर इस वक्त ट्रंप को इन लोगों से परेशानी है. क्यों? क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं उन की राजनीति की रेलगाड़ी पटरी से न उतर जाए, उन को वोटों का ईंधन का मिलता रहे, इसलिए अमेरिका भर में बाहरी लोगों की धरपकड़ का खेल चल रहा है। दरअसल ट्रंप की राजनीतिक रेलगाड़ी डर और नफरत के उसी कोयले पर चलती है, जिस से भारत में भगवा पार्टी के मुखिया की चलती है. नफरत और धार्मिक उन्माद पैदा किए बगैर सत्ता पाना इन के बस की बात ही नहीं है. जैसे भारत में 'बाहरियों' का होहल्ला मचा कर एनआरसी व सीएए करवाया जा रहा है, बिलकुल उसी तर्ज पर अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप अप्रवासियों की धरपकड़ के लिए छापे पड़वा रहे हैं। उन्हें यह गुमान है कि इस से गोरी चमड़ी वाले अमेरिकी खुश होंगे और उन की प्रसिद्धि बढ़ेगी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**हिन्दू होना सेकुलर विरोधी होना है और मजहबी कट्टरपंथ का समर्थन धर्मनिरपेक्षता है। बड़ा हास्यास्पद और हिंसक हथियार है धर्मनिरपेक्षता। 'हम भारत के लोग' प्राचीन धर्म और संस्कृति के कारण ही सर्वपंथ आदरभाव से युक्त हैं। यहां आयातित सेकुलरवाद की कोई जरूरत नहीं है। पंथ निरपेक्षता भारत का स्वभाव है। इसका मूल अर्थ सर्वपंथ समभाव है। अथर्ववेद में माता पृथ्वी की स्तुति है। यह माता भिन्न-भिन्न विचार वाले जनों को पोषण देती है। सारे मत अंततः एक हैं। गीता भी कहती है कि जो विभक्त दिखाई पड़ने वाले संसार को अविभक्त इकाई देखता है, वही सही देखता है। छद्म 'धर्म-निरपेक्षता' राष्ट्रभाव का अपमान है। रिलीजन-मत या मजहब की आस्था और धर्म एक नहीं है।**

# छद्म धर्म-निरपेक्षता : राष्ट्रभाव का अपमान



हृदयनारायण दीक्षित

**आखिरकार मजहबी बहुमत वाला एक भी मुल्क पंथनिरपेक्ष क्यों नहीं है? भारतीय धर्म और संस्कृति ने दयानंद, विवेकानंद, गोखले, तिलक, गांधी, पटेल, डॉ हेडगेवार, डॉ. लोहिया, विपिन चन्द्र पाल, बंकिम चन्द्र जैसे प्रेरक व्यक्तित्व दिये हैं। सेकुलर का अर्थ भौतिक और सांसारिक ही होता है, धर्मनिरपेक्ष नहीं। मजहबी अल्पसंख्यक परस्ती तो कतई नहीं।**

संविधान की उद्देशिका में सेकुलर शब्द आपातकाल में जोड़ा गया था। संविधान के मूल पाठ में भी इसका अंग्रेजी शब्दानुवाद 'सेकुलर' नहीं था। प्रो. के.टी. शाह ने संविधान सभा में इसे दो दफा जुड़वाने की कोशिश की। 15 नवम्बर 1948 के दिन अनु. 1 में 'सेकुलर' शब्द जोड़ने का उनका प्रस्ताव गिर गया। फिर 25 नवम्बर 1948 को एक अन्य प्रस्ताव में 'सेकुलर' शब्द का प्रस्ताव औंधे मुंह गिरा। आपातकाल (1976) में पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने 42वें संविधान संशोधन के जरिए 'सेकुलर' जोड़ा। इसका अधिकृत हिन्दी पाठ धर्मनिरपेक्षता न होकर पंथनिरपेक्षता है। धर्म की धारणा पंथ, मत, रिलीजन या आस्था विश्वास से भिन्न है। धर्म हरेक वस्तु या प्राणी का स्वभाव है, आस्था नहीं। अग्नि का धर्म ताप और जल का धर्म है रस। पृथ्वी का गुण कर्म धर्म है-गुरूत्वाकर्षण। पंथ, मत, मजहब आस्था विश्वास हैं। धर्म आस्थामुक्त है। यहां कोई एक देवदूत नहीं। कोई एक आस्थाग्रन्थ नहीं। भारत के लोगों की विवेकशील जीवनशैली का नाम है धर्म। धर्म यानी सनातन सत्य। इसलिए भारत धर्मनिरपेक्ष नहीं हो सकता। पंथनिरपेक्षता भारत के धर्म का ही स्वाभाविक प्रवाह है। अवसरवादी राजनीति सेकुलर का अनुवाद धर्मनिरपेक्ष करती है और इसी बहाने देश के बहुसंख्यक समाज को अपमानित करती है। प्रत्येक शब्द का अर्थ होता है। अर्थ की विकृति में अनर्थ होता है। हरेक शब्द के जन्म का एक इतिहास भी होता है। एक विशेष परिस्थिति और संस्कृति में शब्द का विकास होता है। जर्मन दार्शनिक वाल्टेयर ने इसीलिए 'तर्क से पहले शब्दों की परिभाषा' को जरूरी बताया था। सेकुलर विचार का जन्म यूरोपीय पंथिक राज्य की तानाशाही की प्रतिक्रिया में हुआ। प्राचीन भारतीय इतिहास में पंथ/आस्था की तानाशाही वाला कोई राजा या राज्य नहीं हुआ। इस्लामी राज में बेशक औरंगजेब जैसे कई बादशाहों ने मजहब आधारित राजव्यवस्था चलाने के प्रयास किये, लेकिन भारत के धर्म की स्वाभाविक पंथनिरपेक्ष जीवनशैली के चलते सारे प्रयास असफल रहे। लेकिन इसी समय यूरोप में चर्च की पंथ आधारित तानाशाही चली। आमजनों के साथ-साथ राजा और राज्यव्यवस्थाएं भी बिलबिला गयीं। भारत धर्म क्षेत्र होकर भी धार्मिक तानाशाही से मुक्त रहा। यूरोप कथित विवेक विज्ञान से लैस होकर भी अंधआस्थावाद के जबड़ों में पिसा। यूरोपीय मध्यकाल अंधकार युग है, भारतीय मध्यकाल में मजहबी बादशाहत के बावजूद ज्ञान-विज्ञान और तर्क सम्मत धर्म विवेक का प्रवाह है। छद्म सेकुलरवाद या कथित धर्मनिरपेक्षता सड़ा-गला विदेशी माल है। पश्चिम में चर्च की तानाशाही और राजा की राजशाही के बीच लम्बी लड़ाई चली। पोप इन्नोसेन्ट तृतीय के समय (1198-1216) चर्च के सामने राजा की ताकत नगण्य थी। इंग्लैण्ड और फ्रांस के राजा उसके दबदबे में थे। इटली उसके नियंत्रण में था। पोप से फ्रांस के राजा





**उधार के शब्द और भी खतरनाक होते हैं। निरंतर प्रयोग से शब्द भी घिसते हैं। दुरूपयोग से पिटते भी हैं। इस तरह घिसे पिटे शब्द अपनी आभा खो देते हैं। शब्दों का सम्यक ज्ञान सम्यक प्रयोग ही लोकमंगल का मार्ग है। पतंजलि ने महाभाष्य में शब्दों के सम्यक प्रयोग के ही निर्देश दिए हैं।**

फिलिप का विवाद हुआ। मूल प्रश्न था कि सत्ता राजा चलाएगा? या पोप की पंथिकसत्ता? फ्रांस के राजा फिलिप ने पादरी समुदाय पर भी कर लगाया। पोप ने विरोध किया। पोप ने आदेश पत्र में कहा कि राजा और राज्य भी पोप-चर्च के अधीन हैं। चर्च की सम्पत्ति या लोग सांसारिक राज्य के अधीन नहीं आते। यही आदेश इंग्लैण्ड के लिए भी था। इंग्लैण्ड में काफी जद्दोजेहद के बाद राजा का आदेश माना गया, पादरी झुक गये। फ्रांस में पोप के आदेश के विरूद्ध राजा ने पोप के लोगों का फ्रांस प्रवेश रोक दिया। पोप और फ्रांस के राजा के बीच की टकराहट बढ़ती गयी। राजा ने देश के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर तय किया, हम सांसारिक मामलों में किसी अन्य सत्ता के अधीन नहीं हैं। इंग्लैण्ड के राजा हेनरी सप्तम और हेनरी अष्टम भी चर्च के आधिपत्य से लड़े। हेनरी अष्टम के सहायक और हाउस आफ लार्डस के सदस्य कार्डीनल वूल्जे ने बाइबिल के हवाले से कहा, ÷जो ईश्वर का है, उसे ईश्वर को दो और जो राजा का है वह राजा को।÷ सिद्धांत यह बना कि सभी सांसारिक विषयों पर सत्ता का अधिकार है और ईश आस्था से जुड़े कार्य चर्च के हैं। चर्च की अंध आस्थावादी तानाशाही और संसारवाद की लड़ाई में यथार्थवाद की जीत हुई। 1870 में पोप के रोम पर इटली का अधिकार हो गया। इटली की संसद (1871) ने 'ला आफ पेपर गारंटीज' पारित किया। पोप को उनका पड़ोसी क्षेत्र 'वेटिकन' देकर सर्वोच्च शासक माना गया। बाकी रोम अलग हो गया। 1905 में फ्रांस ने भी कानून बनाकर भौतिक विषयों पर राज्यव्यवस्था का एकाधिकार मजबूत किया। सारांश यह कि राजकाज के संचालन में संगठित पंथ से भिन्न व्यक्ति की गरिमा ही सेकुलरवाद है। लेकिन भारतीय राजनीति के कथित सेकुलर मजहबी कट्टरपंथ और धर्मान्तरणवादी ईसाइयत को सेकुलरवाद बताते हैं। वेटिकन दुनिया का सबसे छोटा देश है। पोप पंथिक राष्ट्राध्यक्ष हैं। सारी दुनिया को ईसाई बनाना उनका लक्ष्य है। कथित धर्मनिरपेक्षता अवसरवादी भारतीय राजनीति का 'फास्टफूड' है। चैम्बर्स ट्वैन्टीन्थ सेन्चुरी डिक्शनरी व अंग्रेजी लागमैन डिक्शनरी सहित पश्चिम के सभी शब्दकोषों में इसका अर्थ पंथ-मजहब से असम्बद्ध, ईश्वर आस्था से पृथक भौतिक संसार है लेकिन अल्पसंख्यकवादी भारतीय राजनीति में इसका अर्थ मजहबवाद है। यहां मजहबी आरक्षण भी सेकुलर है और इसका संवैधानिक विरोध भी साम्प्रदायिकता है। हिन्दू होना सेकुलर विरोधी होना है और मजहबी कट्टरपंथ का समर्थन धर्मनिरपेक्षता है। बड़ा हास्यास्पद और हिंसक हथियार है धर्मनिरपेक्षता। 'हम भारत के लोग' प्राचीन धर्म और संस्कृति के कारण ही सर्वपंथ आदरभाव से युक्त हैं। यहां आयातित सेकुलरवाद की कोई जरूरत नहीं है। पंथ निरपेक्षता भारत का स्वभाव है। इसका मूल अर्थ सर्वपंथ समभाव है। अथर्ववेद में माता पृथ्वी की स्तुति है। यह माता भिन्न-भिन्न विचार वाले जनों को पोषण देती है। सारे मत अंततः एक हैं। गीता भी कहती है कि जो विभक्त दिखाई पड़ने वाले संसार को अविभक्त इकाई देखता है, वही सही देखता है। छद्म 'धर्म-निरपेक्षता' राष्ट्रभाव का अपमान है। रिलीजन-मत या मजहब की आस्था और धर्म एक नहीं है। भारत में प्रत्येक आस्था को आदर मिला। आखिरकार मजहबी बहुमत वाला एक भी मुल्क पंथनिरपेक्ष क्यों नहीं है? भारतीय धर्म और संस्कृति ने दयानंद, विवेकानंद, गोखले, तिलक, गांधी, पटेल, डॉ हेडगेवार, डॉ. लोहिया, विपिन चन्द्र पाल, बंकिम चन्द्र जैसे प्रेरक व्यक्तित्व दिये हैं। सेकुलर का अर्थ भौतिक और सांसारिक ही होता है, धर्मनिरपेक्ष नहीं। मजहबी अल्पसंख्यक परस्ती तो कतई नहीं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 24:36 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 27:06 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | शुक्ला, 22:05 |
| सूर्योदयः | 05:33 |
| सूर्यास्तः | 19:17 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 15:51-17:34 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### सेंकते हम रोटी !

*छोटी छोटी घटना पर ।*
*सेंकते हम रोटी ।।*
*करनी राजनीति है ।*
*बात नहीं ये छोटी ।।*
*कोशिश लगातार है ।*
*टूट न जाए क्रम ।।*
*रहना हमको ज़िदी ।*
*ना इसमें हो भ्रम ।।*
*होंगे लाख जलील पर ।*
*ना लाना बदलाव ।।*
*जनता ने ठुकरा कर ।*
*दिया बराबर घाव ।।*
*मुद्दों की हम ख़ोज में ।*
*है लाना हर हाल ।।*
*भले लाख हम पर ।*
*उठते हों सवाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गर्भ में पल रहे बच्चे का बड़ा नुकसान कर सकती है विटामिन बी 12 की कमी

**गर्भावस्था** के दौरान विटामिन बी12 एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो मां और भ्रूण दोनों के स्वास्थ्य और विकास के लिए जरूरी है। लेकिन. ज्यादा महिलाओं में इसे लेकर जानकारी का अभाव है जिसे वजह से कई बार स्थिति खराब हो सकती है। इसलिए आज हम जानेंगे कि विटामिन बी 12 प्रेग्नेंसी में महिलाओं के लिए क्यों जरूरी है। इसकी कमी से गर्भ में पल रहे शिशु पर कैसे असर पड़ सकता है। गर्भावस्था के दौरानविटामिन बी12 की कमी से मां और गर्भ में पल रहे बच्चे दोनों को कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। यह आवश्यक विटामिन लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण, डीएनए संश्लेषण और तंत्रिका संबंधी कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विटामिन बी12 के अपर्याप्त स्तर के परिणामस्वरूप मेगालोब्लास्टिक एनीमिया हो सकता है, जो असामान्य रूप से बड़ी और निष्क्रिय लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन की विशेषता है, जो थकान, कमजोरी और प्रसव के दौरान जटिलताओं के जोखिम को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, विटामिन बी12 की कमी से भ्रूण के मस्तिष्क का विकास बाधित हो सकता है, जिससे संभावित रूप से संज्ञानात्मक कमी और विकास संबंधी देरी हो सकती है। इतना



ही नहीं कम विटामिन बी12 स्तर वाली गर्भवती महिलाओं को समय से पहले जन्म और कम वजन वाले बच्चे जैसी जटिलताओं का सामना करने का अधिक जोखिम होता है। इसके अतिरिक्त, इल कमी से गर्भावस्था से संबंधित स्थितियों के लक्षण बढ़ सकते हैं, जैसे कि सुबह की बीमारी और थकान, जो मां के स्वास्थ्य को और जटिल बना देती है।

**प्रेग्नेंसी में विटामिन बी 12 क्यों जरूरी है?:** भ्रूण के मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के समुचित विकास के लिए विटामिन बी12 बेहद जरूरी है। यह जन्म दोषों को रोकता है, जैसे कि न्यूरल ट्यूब दोष को रोकने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, विटामिन बी12 लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन के लिए आवश्यक है, जो भ्रूण को ऑक्सीजन पहुंचाती हैं। इस विटामिन की खास बात यह है कि विटामिन बी12 डीएनए संश्लेषण के लिए आवश्यक है, जो भ्रूण के विकास और वृद्धि के लिए आवश्यक है। इसकी कमी जन्म के समय कम वजन और अन्य विकास संबंधी बाधाओं से जुड़ा हुआ है। विटामिन बी12 तंत्रिका तंतुओं के माइलिनेशन के लिए आवश्यक है, जो उचित तंत्रिका कार्य के लिए जरूरी है।

**किन महिलाओं में ज्यादा होता है विटामिन बी12 की कमी का खतराः** जो महिलाएं वेजिटेरियन डाइट लेती हैं उनमें विटामिन बी12 की कमी का खतरा ज्यादा होता है। जठरांत्र संबंधी विकारों का इतिहास रखने वाली महिलाएं और प्रोटॉन पंप अवरोधक जैसी कुछ दवाएं लेने वाली महिलाओं में इसका खतरा ज्यादा होता है। खराब आहार या पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों तक सीमित पहुंच वाली महिलाओं में इसकी कमी हो सकती है।

**विटामिन बी12 के कमी को कैसे पूरा करें?:** विटामिन बी12 के कमी को पूरा करने के लिए आप इन टिप्स की मदद ले सकते हैं। जैसे कि अपनी डाइट में पशु-आधारित खाद्य पदार्थ, जैसे मांस, मछली, मुर्गी, अंडे और डेयरी उत्पादों को शामिल करें। फोर्टिफाइड प्लांट आधारित दूध और अनाज का सेवन करें। विटामिन बी12 सप्लीमेंट लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# गुरु हर किशन सिंह जी का चमत्कारी जीवन



प्रो. आरके जैन

**गुरुद्वारे का सरोवर, जहाँ गुरु जी ने रोगियों को जल पिलाया था, आज भी उनकी करुणा की कहानी कहता है। यहाँ आने वाला हर श्रद्धालु उनके जीवन से प्रेरित होकर यह संकल्प लेता है कि वह अपने जीवन में सेवा और सत्य को सर्वोपरि रखेगा।**

**सिख** इतिहास की स्वर्णिम गाथा में कुछ नाम ऐसे हैं जो चिरस्थायी प्रेरणा के प्रतीक बन गए हैं। इनमें से एक है सिखों के आठवें गुरु, गुरु हर किशन सिंह जी, जिनका जीवन मात्र आठ वर्ष का रहा, परंतु उनकी शिक्षाएं, करुणा और साहस आज भी लाखों लोगों के लिए मार्गदर्शक हैं। 7 जुलाई 1656 को कीरतपुर साहिब में जन्मे गुरु हर किशन जी सातवें गुरु, गुरु हर राय जी और माता कृष्णा कौर के सुपुत्र थे। उनकी जीवन गाथा केवल एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि मानवता, सेवा और सत्य के प्रति अटूट निष्ठा का जीवंत उदाहरण है। पाँच वर्ष की आयु में गुरु गद्दी पर आसीन होने वाले इस बाल गुरु ने सिख धर्म के इतिहास में एक अनूठा स्थान बनाया, जिसकी चमक आज भी उतनी ही प्रखर है। गुरु हर किशन जी का जन्म उस समय हुआ जब सिख पंथ एक ओर आध्यात्मिक ऊँचाइयों को छू रहा था, तो दूसरी ओर मुग़ल शासन की क्रूरता और धार्मिक दमन का सामना कर रहा था। उनके पिता, गुरु हर राय जी, ने सिखों को न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी सशक्त बनाने का कार्य किया था। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गुरु हर किशन जी ने अपने छोटे से जीवन में जो प्रभाव छोड़ा, वह किसी चमत्कार से कम नहीं था। उनकी बाल्यावस्था में ही उनकी आध्यात्मिक

**सच्चा नेतृत्व आयु, अनुभव या शारीरिक शक्ति से नहीं, बल्कि आत्मिक शक्ति, करुणा और सत्य के प्रति निष्ठा से परिभाषित होता है। उन्होंने यह दिखाया कि सबसे कठिन परिस्थितियों में भी मानवता और धर्म के प्रति समर्पण को बनाए रखा जा सकता है। उनकी कहानी केवल सिखों के लिए ही नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो सत्य और सेवा के मार्ग पर चलना चाहता है।**

परिपक्वता और करुणा ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। जब गुरु हर राय जी ने उन्हें गुरु गद्दी सौंपने का निर्णय लिया, तो यह केवल एक पिता का अपने पुत्र के प्रति स्नेह नहीं था, बल्कि यह उनकी दिव्यता, सहज बुद्धि और सेवा भाव के प्रति विश्वास था। यह निर्णय सिख समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था, क्योंकि इतनी कम उम्र में किसी को गुरु गद्दी सौंपना अपने आप में एक असाधारण कदम था। 1661 में, जब गुरु हर किशन जी मात्र पाँच वर्ष के थे, उन्हें गुरु की गद्दी सौंपी गई। यह वह दौर था जब मुग़ल सम्राट औरंगज़ेब का शासन अपने चरम पर था। औरंगज़ेब, जो सिख धर्म के बढ़ते प्रभाव से चिंतित था, ने गुरु हर किशन जी को दिल्ली बुलवाया। उसका उद्देश्य सिख पंथ को कमज़ोर करना और गुरु तेग बहादुर जी के प्रभाव को सीमित करना था। लेकिन गुरु हर किशन जी ने अपनी बुद्धिमत्ता और आध्यात्मिक शक्ति से औरंगज़ेब की इस चाल को नाकाम कर दिया। उन्होंने दिल्ली पहुँचकर भी बादशाह के दरबार में उपस्थित होने से इनकार कर दिया। इसके बजाय, उन्होंने अपना समय दिल्ली की जनता की सेवा में समर्पित कर दिया। यह घटना न केवल उनकी दृढ़ता को दर्शाती है, बल्कि यह भी सिद्ध करती है कि सच्चा गुरु सत्ता के सामने कभी नहीं झुकता। दिल्ली में उस समय चेचक की महामारी ने भयंकर रूप ले लिया था। लोग असहाय थे, और मृत्यु का भय हर ओर फैला हुआ था। ऐसे कठिन समय में गुरु हर किशन जी ने जो किया, वह उनकी महानता का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने जाति, धर्म और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर रोगियों की सेवा शुरू की। एक आठ वर्षीय बालक, जिसके कंधों पर गुरु गद्दी का दायित्व था, वह रोगियों के बीच जाकर उन्हें पानी पिलाता, उनकी देखभाल करता और उनकी पीड़ा को कम करने का प्रयास करता था। उनकी करुणा इतनी गहन थी कि लोग कहते थे कि उनके स्पर्श और ÷बोले सो निहाल÷ के उद्घोष से रोगियों को राहत मिलती थी। यह सेवा केवल शारीरिक उपचार तक सीमित नहीं थी; यह एक आध्यात्मिक संदेश था कि मानवता ही सच्चा धर्म है। गुरु हर किशन जी का यह सेवा भाव उनकी शिक्षाओं का मूल था। उन्होंने कभी लंबे प्रवचन नहीं दिए, न ही जटिल दार्शनिक उपदेश। उनकी शिक्षाएं उनके कार्यों में थीं। उनकी सौम्य मुस्कान, करुणा भरी निगाहें और सेवा के प्रति समर्पण ही उनका संदेश था। उन्होंने सिखाया कि सच्चा धर्म वह है जो दूसरों के दुख को अपना समझे और उनकी सेवा में स्वयं को समर्पित कर दे। यह उनके जीवन का वह पहलू है जो आज भी हमें प्रेरित करता है। दुर्भाग्यवश, दूसरों की सेवा में स्वयं को समर्पित करते हुए गुरु हर किशन जी स्वयं चेचक की चपेट में आ गए। उनकी छोटी आयु और कमज़ोर शरीर इस बीमारी का सामना नहीं कर सका। फिर भी, अंतिम क्षणों में भी उन्होंने धैर्य और शांति का परिचय दिया। 30 मार्च 1664 को, मात्र आठ वर्ष की आयु में, उन्होंने दिल्ली में अपनी अंतिम साँस ली। उनकी मृत्यु केवल एक जीवन का अंत नहीं थी; यह एक बलिदान था, जो सिख धर्म के मूल्यों - सत्य, सेवा और त्याग - को अमर कर गया। उनके अंतिम शब्दों में भी उनकी दूरदर्शिता झलकती थी, जब उन्होंने गुरु गद्दी को गुरु तेग बहादुर जी को सौंपने का निर्देश दिया।

# हैंड्स ऑन फिजिक्स की गूंज : पीलीभीत में अन्वेषिका फिजिक्स भारत यात्रा का शानदार आयोजन

- शहर के विभिन्न विद्यालयों में रंगोली, रैली, पोस्टर, कार्यशाला व मॉडल प्रदर्शनी के माध्यम से विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





विज्ञान को जटिलताओं से निकालकर सरल व रोचक बनाने की दिशा में चल रही अन्वेषिका फिजिक्स भारत यात्रा सोमवार को जनपद पीलीभीत में पहुंची, जहां इसका भव्य आयोजन और व्यापक प्रभाव देखने को मिला। हैंड्स ऑन फिजिक्स की इस पहल ने छात्रों और शिक्षकों के बीच विज्ञान के प्रति उत्सुकता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया।

इस यात्रा के तहत बेनहर पब्लिक कॉलेज, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर बलका इंटर कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय अशरफ खान, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, वीरांगना अवंतीबाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय बरहा, गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और इकरा गर्ल्स पब्लिक स्कूल समेत कई शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला विद्यालय निरीक्षक श्री संतोष कुमार ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा, अन्वेषिका फिजिक्स यात्रा के माध्यम से विज्ञान शिक्षण को नया दृष्टिकोण मिलेगा और छात्र प्रयोग आधारित शिक्षा की ओर आकर्षित होंगे। उन्होंने इसे भौतिक विज्ञान के शिक्षण में एक बड़ा परिवर्तन बताया।

### छात्रों की रचनात्मकता का प्रदर्शन

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, पोस्टर प्रदर्शनी, इंटरनेशनल ईयर ऑफ क्वांटम पर गोष्ठी, भौतिकी मॉडल प्रदर्शन, शिक्षक कार्यशालाएं और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### शिक्षकों और प्रशासन का सक्रिय सहयोग

कार्यक्रम में निर्मला शर्मा, रोशनी बग्गा, अमरीन नाज़, उपासना शर्मा, कमलेश शर्मा, अमित विश्वकर्मा, यामिनी मिश्रा, अख़लाक हसन, वसीम अहमद खान, नज़ीर हुसैन, कविता जी, अजय चौहान, शालिनी श्रीवास्तव, नेहा सक्सेना, भावेश शर्मा, सर्वेश कुमार गंगवार, डॉ. आर.पी. गंगवार, राजकुमार, संतोष खड़े, ममता गंगवार और दीपक पाठक समेत अनेक शिक्षकों व प्रधानाचार्यों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई और अपने-अपने विद्यालयों में अन्वेषिका यात्रा के उद्देश्यों को लागू करने का संकल्प दोहराया।

### विज्ञान को सरल और प्रयोगशील बनाने का प्रयास

स्टेट रिसोर्स ग्रुप के रमेश पटेल और डॉ. शिवम मिश्रा ने कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिक प्रयोगों के प्रदर्शन और भौतिकी से जुड़ी भ्रांतियों के समाधान में सहयोग किया। वहीं नेहरू युवा केंद्र के धीरेंद्र कुमार और प्रखर त्रिवेदी ने आयोजन व्यवस्थाओं में सराहनीय भूमिका निभाई।

### शिक्षा के क्षेत्र में एक रचनात्मक कदम

जनपद में हुए इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि यदि विज्ञान को हाथों से छूने और समझने की स्वतंत्रता दी जाए, तो विद्यार्थी इसमें गहरी रुचि और उत्साह से जुड़ सकते हैं। अन्वेषिका फिजिक्स भारत यात्रा इसी दिशा में एक अभिनव और प्रेरक कदम साबित हो रहा है।

---

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी आयोजित कर व्यक्त किए विचार

- मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने पहुंचकर किया प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**




**हजारा।** डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन ट्रांस शारदा क्षेत्र के भाजपा कार्यालय पर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने पहुंचकर प्रतिभाग किया और विचार व्यक्त किया है। ट्रांस शारदा क्षेत्र में रविवार को डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन ट्रांस शारदा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय रामनगर में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने पहुंचकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके संबंध में विस्तार से जानकारी दिया।इस कार्यक्रम में रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह सहित मंडल के अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि पीलीभीत भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा का माला पहनाकर स्वागत किया और डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आयोजित संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किया। इस मौके पर रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह उपाध्यक्ष रामप्रवेश कनौजिया, राजीव जायसवाल बबलू, महामंत्री सत्यप्रकाश सिंह, रोहित मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा किसान मोर्चा अध्यक्ष हरदेव सिंह, राजकुमार सिंह, जनार्दन दुबे, प्रियंका सिंह, शांती नगर ग्राम प्रधान रामकृपाल वर्मा कबीरगंज ग्राम प्रधान इकबाल सिंह उर्फ पाले बमनपुरी भगीरथ के पूर्व ग्राम प्रधान गुरदेव सिंह उर्फ मंगू शास्त्री नगर ग्राम प्रधान मनोज सिंह के अलावा रामनगर भाजपा मंडल टीम के सभी पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

---

# तहसीलदार ने ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंचकर शारदा भूमि कटान का किया निरीक्षण, बचाव कार्य में तेजी का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



हजारा। पूरनपुर तहसील के नायब तहसीलदार ने सोमवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंचकर शारदा नदी के द्वारा किये जा रहे भूमि कटान का जायजा लेते हुए बचाव कार्य में गुणवत्ता पूर्वक मजबूती से तेजी लाने का बाढ़ खंड को निर्देश दिया है। ट्रांस शारदा क्षेत्र में शारदा नदी एक बार फिर से ताडंव मचाना शुरू कर दिया है।शारदा नदी इस समय ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव श्रीनगर में किसानों की कृषि भूमि मय गन्ना,धान,मक्का, केला सहित अन्य फसलों को निशाना बनाते हुए कटान किया जा रहा है। शारदा नदी के द्वारा भूमि कटान करने से परेशान एवं दुखी ग्रामीणों ने बचाव कार्य में तेजी लाने की गुहार लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया है।इधर पूरनपुर तहसील के नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी सोमवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंचकर श्रीनगर शारदा नदी के द्वारा किए जा रहे कटान का निरीक्षण करते हुए बाढ़ खंड विभाग के द्वारा कराए जा रहे बचाव कार्य को देखा और मौके पर मौजूद बाढ़ खंड के कर्मचारियों को बचाव कार्य में गुणवत्ता पूर्वक मजबूती से करने एवं कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इस मौके पर कानून गो महेश चंद्र राजस्व लेखपाल आशीष कुमार निषाद श्रीनगर ग्राम प्रधान राधेश्याम राव, अमित कुमार सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

---

## एक्सप्रेस खबरें...

### घुंघचाई क्षेत्र में आस्था और परंपरा के साथ मनाया गया मोहर्रम

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** मोहर्रम के अवसर पर सोमवार को घुंघचाई कस्बे में ताजिए के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। परंपरा के अनुसार रंग-बिरंगे ताजिए कस्बे की गलियों से गुजरते हुए कर्बला पहुंचे, जहां ताजिए की मिट्टी को दफन कर रस्म पूरी की गई। इस दौरान मिठाई और खिलौनों की दुकानों से बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। घुंघचाई के साथ-साथ दिलावरपुर, डूडा, सिमरिया, मदारपुर, उदरहा, मटेहना, जनकापुर, गुलडिया भूपसिंह व सिकरहाना गांवों से भी लोग बड़ी संख्या में ताजिया देखने पहुंचे। मेले में बच्चों ने खिलौनों और मिठाइयों की जमकर खरीदारी की। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें महिलाओं की भी भारी भागीदारी रही।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक की पिटाई

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** घुंघचाई कस्बा निवासी अमित बाजपेई के साथ रंजिश के चलते कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित के अनुसार वह घर के बाहर खड़ा था, तभी गांव के ही कुछ लोगों ने उसे अपशब्द कहने शुरू कर दिए। जब उसने विरोध किया, तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई।इतना ही नहीं, रात में उपलों से भरे वठिया में आग लगा दी गई, जिससे उसका काफी नुकसान हुआ। पीड़ित ने स्वयं मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस मामले में पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है, पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है।

### युवक के साथ किशोरी फरार, जेवरात और नकदी भी ले गई

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के अचानक लापता होने से परिवार में हड़कंप मच गया। किशोरी के पिता ने बताया कि वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे, जबकि किशोरी अलग कमरे में थी। इसी दौरान गांव का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर शादी के इरादे से भगा ले गया।आरोप है कि किशोरी घर से कुछ जेवरात और नकदी भी अपने साथ ले गई। परिजनों ने काफी तलाश के बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला की पिटाई कर दी हत्या की धमकी

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के डूंडा कॉलोनी नंबर आठ निवासी अर्चना देवी और उनके परिवार पर खेत में काम करते समय हमला कर दिया गया। पीड़िता ने बताया कि वह कुसुम देवी, सियांसु और रितिक के साथ खेत में धान की रोपाई कर रही थीं, तभी गांव के कुछ लोग लाठी-डंडों से हमला करते हुए पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने अर्चना को खेत के पानी में गिराकर डुबो-डुबो कर मारा और हत्या की धमकी दी। पड़ोसी राजाराम ने जब बीच-बचाव किया तो उन्हें भी पीटा गया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रामेश्वर, राहुल, रोहित व अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह के अनुसार मामले की गहन जांच की जा रही है।

### हाईस्कूल और इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा अब 26 को

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** जिले में संचालित यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षाओं की तिथि में संशोधन किया गया है। पूर्व में यह परीक्षा 19 जुलाई को प्रस्तावित थी, लेकिन सावन झूला मेला, कांवड़ यात्रा और छात्र-छात्राओं के सुगम आवागमन को देखते हुए परीक्षा की तारीख बदल दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि अब हाईस्कूल की इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा 26 जुलाई को सुबह 8ः30 से 11ः45 बजे तक और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा उसी दिन दोपहर 2 से 5ः15 बजे तक कराई जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** थाना उचौलिया क्षेत्र के गांव खड़सड़ा निवासी एक महिला की घर के अंदर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। सीतापुर जिले के थाना हरगांव क्षेत्र के गांव झरेखापुर झबरी निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी 20 वर्षीय बेटी अर्चना की शादी खीरी जिले थाना उचौलिया क्षेत्र के गांव खड़सड़ा निवासी श्याम सिंह के बेटे मुनेन्द्र के साथ करी बतीन साल पहले की थी। आरोप है कि ससुरालीजन अर्चना को अतिरिक्त दहेज के प्रताड़ित करते थे। परिजनों ने बताया कि ससुरालियों ने अर्चन की पीट-पीटकर फंदे पर लटका दिया।

### सुलह-संवाद से सजेगा न्याय का रास्ता

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार पूरे देश में 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखीमपुर खीरी के अध्यक्ष से0 माऊज बिन आसिम के निर्देशानुसार जिले में भी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वीरेंद्र नाथ पाण्डेय ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य दीवानी मामलों का त्वरित, सौहार्दपूर्ण और सुलभ निस्तारण सुनिश्चित करना है। वैवाहिक विवाद, सड़क दुर्घटना क्षतिपूर्ति, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक मामले, सेवा विवाद, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति बंटवारा, बेदखली, भूमि अधिग्रहण जैसे कई मामलों को आपसी सुलह से सुलझाया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर अपने मामलों को आपसी सहमति से निपटाएं और न्याय प्रणाली पर बोझ को कम करते हुए अभियान को सफल बनाएं।

### गोला विधायक ने अरूण्या आयुर्वेदा का फीता काटकर किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला में स्ववर्गीय डॉ, विनोद वर्मा के सुपुत्र डॉ, विपुल शंकर वर्मा के अरुण्या आयुर्वेदा क्लीनिक आयुर्वेदा पंचकर्मा स्पेशलिटी सेन्टर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक अमन अरविन्द गिरी द्वारा किया गया ।और उनके औषधालय की मंगल शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मकसूदन गिरी डॉ, मालिक डॉ, रवि डॉ, एस के वर्मा डॉ, सर्वेश वर्मा, अवधेश मिश्रा गुरु, भेकराम वर्मा के के शुक्ला, प्रिंकल जलोटा जी प्रधान मुकेश गुप्ता, उमेश शुक्ला, प्रधान रोहित, शिक्षक नरेंद्र वर्मा, प्रधान जीतेंद्र बाजपेई प्रधान रोहित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

---

## चार्टर्ड अकाउंटेंट बने साबिर हसन खान, क्षेत्र का नाम किया रोशन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला भूरें खां निवासी एजाज़ हसन खान (सेवानिवृत्त प्रवक्ता, एस.एन. इंटर कॉलेज) के सुपुत्र साबिर हसन खान ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान द्वारा घोषित परिणाम में सफलता प्राप्त कर साबिर हसन ने अपने परिश्रम और लगन का परिचय दिया। वे प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं। हाईस्कूल में उन्होंने 98त्न अंक अर्जित किए थे। उन्होंने 11वीं कक्षा से लेकर एम.कॉम तक की शिक्षा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से प्राप्त की और फिर चार्टर्ड अकाउंटेंसी कोर्स में प्रवेश लेकर अपनी इंटर्नशिप दिल्ली में पूरी की। वर्तमान में साबिर हसन एक प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि साबिर हसन, इक़रा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अखलाक़ हसन के भतीजे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, शिक्षकों और परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।



---

# कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन




**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

प्रधानाचार्य आनंद प्रकाश सरोज के दिशा निर्देशन में हुआ साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण, गीत, पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका अंशिका सोनी ने वन हमारे जीवन के लिए क्यों आवश्यक है विषय पर बहुत ही संजीदा एवं जोशपूर्ण ढंग से भाषण प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। रिया वर्मा ने वन महोत्सव पर बात जरूरी समझ लो भैया गीत प्रस्तुत किया। जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने घर में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने यह बताने का प्रयास किया कि आज जब प्रदूषण बढ़ रहा है, ग्लोबल वार्मिंग एक चिंता का विषय है तब पेड़ ही वह समाधान है जो इस संकट को रोक सकते हैं। प्रधानाचार्य ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश यादव, लखपत भारती, अशोक कुमार वर्मा कृषि प्रवक्ता अरविंद यादव स्काउट प्रभारी देवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

---

# डीएम ने ली जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति व मिशन समिति की बैठक, दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



जिले में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को लेकर प्रशासन द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा जिला मिशन समिति की बैठक आयोजित की गई।

### समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन पर डीएम का जोर

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि व जल संरक्षण योजनाएं समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरी हों। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी हैं, बल्कि कृषक आय वृद्धि और जल संकट से निपटने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। डीएम ने ग्राम स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाओं की प्राथमिकता तय करने पर भी बल दिया।

### योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा

भूमि संरक्षण अधिकारी बी.एन. उपाध्याय ने गत वर्ष की बैठक की कार्यवृत्ति समिति के समक्ष प्रस्तुत की। इसके बाद उन्होंने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बताया कि जनपद में कार्यरत भूमि संरक्षण की दो इकाइयों द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, खेत तालाब योजना, वर्षा सिंचित क्षेत्र ञ्कयोजना व मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। बैठक में खेत तालाब योजना के तहत 50 तालाबों के निर्माण हेतु ?26.25 लाख का अनुदान प्रस्तावित किया गया। वहीं ञ्क योजना के अंतर्गत 94.50 हेक्टेयर भूमि पर कार्य हेतु ?50.40 लाख की वित्तीय व्यवस्था प्रस्तावित की गई। इसके अतिरिक्त, मनरेगा योजना के माध्यम से 389.40 हेक्टेयर क्षेत्र में जल संरक्षण संबंधी कार्य प्रस्तावित हैं। इन सभी कार्यों को कराए जाने हेतु डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी (गोमती) सुभाष चन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी (जिला योजना) बी.एन. उपाध्याय, नामित विभागीय अधिकारी व प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

---

# उफनाई सरयू से 15 गांवों में बाढ़ का खतरा

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

सरयू नदी का जलस्तर 24 घंटे में करीब 60 सेमी तक बढ़ा है। रविवार को सरयू का जलस्तर 117.80 मीटर दर्ज किया गया। हालांकि अभी बाढ़ जैसे हालात नहीं हैं। इसके बाद भी गिरिजापुरी बैराज से छोड़ा जा रहा पानी खतरे की घंटी बजा रहा है। बैराज से रविवार को 1.83 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। इससे तटवर्ती 15 गांवों के बाशिंदे दहशत में हैं। जिले के गांजरी इलाके में हर साल बाढ़ व कटान से तबाही मचती है। पहाड़ों पर बारिश और गिरिजापुरी बैराज से छोड़े जाने वाले लाखों क्यूसेक पानी से सरयू उफनाती हैं। इस बार अभी बाढ़ तो नहीं आई है, लेकिन सरयू के जलस्तर में उतार-चढ़ाव से तटीय क्षेत्र के लोगों की धड़कनें तेज होने लगी हैं। पिछले दो दिनों से लगातार नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। रविवार को अंगरौरा में लगे मीटर गेज पर सरयू का जलस्तर 117.80 मीटर दर्ज किया गया। शनिवार की तुलना में पानी 60 सेमी बढ़ा है। खतरे के निशान 119 मीटर से पानी अब 1.20 मीटर नीचे बह रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जलस्तर इसी तेजी से बढ़ता रहा तो बाढ़ किसी भी समय आ सकती है।

परमगोंडा निवासी नंद किशोर ने बताया कि शनिवार रात सरयू का जलस्तर तेजी से बढ़ते देख कटान का खतरा मंडराने लगा था। गनीमत है कि जलस्तर बढ़ने के बावजूद भी कटान सामान्य है। प्यारेपुरवा निवासी सत्यम ने बताया कि रात से नदी का जलस्तर बढ़ रहा है।

पुरवा व कोठार समेत 15 गांवों के लोगों को बाढ़ का भय सताने लगा है। लोग अपनी गृहस्थी का सामान समेटने लगे हैं।

---

# हाईवे किनारे गड्ढे में पड़ा मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

सीतापुर में एक युवक का शव हाईवे किनारे गड्ढे में पड़ा मिला। वह दवा लेने की बात कहकर घर से निकला था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यूपी के सीतापुर में सोमवार की सुबह हाईवे किनारे एक गड्ढे में युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर एएसपी और सीओ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य संकलित किए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना महोली कोतवाली क्षेत्र में हेमपुर ओवरब्रिज के निकट की है। शव की पहचान कोतवाली क्षेत्र के ही हरदासपुर निवासी हर्षित (22) के रूप में हुई है। पिता राजकुमार वर्मा ने बताया कि हर्षित रविवार शाम 4ः30 बजे घर से बाइक लेकर दवा लेने के लिए रामकोट के निकट पिपरी गांव जाने की बात बताकर निकला था। आज सुबह सुबह उसका शव पड़े होने की सूचना मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शव हाईवे किनारे एक कीचड़ युक्त गड्ढे में पड़ा मिला।

पास में ही बाइक खड़ी थी। बाइक की चाबी युवक की जेब में मिली है। पास ही एक पत्थर पर उसके जूते रखे थे। परिजनों ने किसी प्रकार की रंजिश होने से इन्कार किया है।

बताया गया कि तीन साल पहले ही हर्षित की शादी हुई थी।

---

# 'एक पेड़ मां के नाम' क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने किया वृक्षारोपण



**जन एक्सप्रेस। अमीरनगर खीरी**

मोहम्मदी रेंज के अन्तर्गत उच्च विद्यालय परिसर परसपुर में सोमवार को वन महोत्सव (एक पेड़ माँ के नाम)का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने हरिशंकरी( पीपल, पाकड़, बरगद) वहीं पाकड़ जामुन महुआ आदि के पौधों का विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं स्कूली बच्चों के द्वारा पौधारोपण किया गया। क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि वन महोत्सव कार्यक्रम के साथ पर्यावरण संरक्षण व पर्यावरण बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को बढ़-चढ़कर अपने घरों के आस-पास अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करना परिवार रूप से सुनिश्चित करें जिससे कि आने वाली पीढ़ियों को हरे भरे पर्यावरण के साथ एक संदेश दिया जा सके। विधायक ने कहा आज के प्रवेश में आम जनमानस के साथ मिलकर इस महोत्सव को बेहतर तरीके से सफल बनाने के लिए हम सभी को एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाकर उसके संरक्षण के साथ वातावरण के लिए संदेश देने का काम करें जिससे समाज में एक संदेश जाए।भाजपा कार्यकर्ता आत्मानंद शुक्ला ने कहा कि हमारे समाज में हर व्यक्ति अगर एक-एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण कर ले तो निश्चित रूप से एक बहुत बड़ा जिले से संदेश मां के नाम देने का काम किया जा सकता है।इस अवसर पर मोहम्मदी रेंज के रामनरेश वर्मा, मो उमर, सुरेन्द्र पाल गौतम, वहीं क्षेत्रीय भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता आत्मानंद शुक्ला पुनीत मिश्रा सुचित प्रताप सिंह प्रदीप सिंह उत्तम चौधरी राजेश कुमार राममूर्ती यादव उमरिया के पूर्व प्रधान संदीप सिंह रोहित श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ वा क्षेत्रिय गणमान्य लोग मौजूद रहा।

---

# अंजुमने हुसैनिया अध्यक्ष व शिया कमेटी ने दिया सभी का दिल से धन्यवाद

## कुशलता से निपटे सभी जुलूस, मीडिया का भी दिया दिल से धन्यवाद

- पुलिस टीम ने लगातार टीम के साथ सहयोग किया,वही नगर पालिका की सफाई, चूना, आवारा जानवरों के रोकथाम के लिए

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

मोहम्मदी अजुमने हुसैनिया व शिया कमेटी के अध्यक्ष अब्बास नकवी ने पहली मोहर्रम से लेकर दस मोहर्रम तक आयोजित सभी जुलूसों व कार्यक्रमो मे जिस तरीके से पुलिस व प्रशासन ने सहयोग किया वो बेहद सराहनीय है, पुलिस टीम ने लगातार टीम के साथ सहयोग किया,वही नगर पालिका की सफाई, चूना, आवारा जानवरों के.रोकथाम के लिऐ अपनी टीम लगातार रोकने मे महत्वपूर्ण सहयोग, विझुत विभाग, स्वास्थ्य विभाग,बिकास खण्ड अधिकारी के माध्यम से करबला की सफाई सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य मे सहयोग मिला, उपजिलाधिकारी ने मोहर्रम की दसवीं मोहर्रम के लिऐ सभी विभागों को उचित दिशानिर्देश दिऐ थे,वही दसवीं मोहर्रम मे हमारे हिन्दू भाइयों ने जो आपसी भाई चारे की जो मिसाल कायम की उसकी मिसाल और कहीं देखने को नही मिलती है,

जिसमे स्कंद गुप्ता कोटेदार के यहा से शुकलापुर ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई व उनकी टीम से लेकर नतथू चौराहा, त्रिमोहन लाल गुप्ता के यहा, अमान गिफ्ट सेंटर, अतुल रस्तोगी, संदीप गुप्ता मेडिकल स्टोर,करबला सहित जगह-जगह पर पानी की सबीले आयोजित की गई,

वही बाजार गज मे दसवीं मोहर्रम के जुलूस को रोककर अजुमन का मातम और नौहा पढवाना एक अनोखी मिसाल कायम करता है,और इसानियत को जिंदा रखा, सभी का दिल से धन्यवाद, सभी विभागों के अधिकारियों, मोहम्मदी की पुलिस अधिकारियों, सहित सभी का दिल से धन्यवाद, सभी ने सदेश दिया कि इमाम हुसैन किसी एक के नही सभी के है।

# गोमतीनगर इंटरसिटी में रखा था लावारिस बैग, आरपीएफ ने खोला तो...उड़ गए होश

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के पीआरओ से मिली जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर-गोमतीनगर इंटरसिटी में छह जुलाई को एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात गोरखपुर आरपीएफ के हेड कांस्टेबल ह्रदय लाल मांझी, कांस्टेबल सुरेंद्र प्रताप चौरसिया, कांस्टेबल जितेंद्र चौधरी को एक कोच संख्या 193400/सी एनई में एक लावारिस काले रंग का पिट्ठू बैग मिला। गोरखपुर-गोमतीनगर इंटरसिटी में रखे लावारिस बैग में मिले 20 लाख रुपये को आरपीएफ गोंडा ने जब्त किया। रेल प्रशासन गोरखपुर से लखनऊ जा रही गोमतीनगर इंटरसिटी (15081) में रविवार को एक कोच में आरपीएफ एस्कॉर्ट को लावारिस रखे गए काले रंग के बैग में 20 लाख रुपये मिले हैं। आरपीएफ एस्कॉर्ट ने रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, गोंडा में रुपये सहित बैग को सुरक्षित रखवा दिया है।

पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के पीआरओ से मिली जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर-गोमतीनगर इंटरसिटी में छह जुलाई को एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात गोरखपुर आरपीएफ के हेड कांस्टेबल ह्रदय लाल मांझी, कांस्टेबल सुरेंद्र प्रताप चौरसिया, कांस्टेबल जितेंद्र चौधरी को एक कोच संख्या 193400/सी एनई में एक लावारिस काले रंग का पिट्ठू बैग मिला। इसकी सूचना एस्कॉर्ट ने आरपीएफ गोंडा पोस्ट को दी। ट्रेन जब गोंडा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पर पहुंची तो आरपीएफ गोंडा के प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध राय रेलवे स्टॉफ के साथ प्लेटफॉर्म पर पहुंच गए। बैग को चेक किया गया तो एक बैंगनी कलर के चादर में कुल 20 लाख रुपये मिले। आरपीएफ ने कोच में यात्रा कर रहे सभी यात्रियों से काले रंग के बैग के मालिक के संबंध में पूछताछ की लेकिन लोगों ने अनभिज्ञता जाहिर कर दी। यात्रियों ने बताया कि पहले से बैग रखा हुआ था। उन लोगों के सामने किसी ने लाकर नहीं रखा है। इसके बाद बैग को अग्रिम कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोंडा पर सुरक्षित रखा गया है।

## ताजिया देखने गए दो युवकों पर हथियार और फावड़े से हमला

जन एक्सप्रेस | देवरिया

थाना क्षेत्र के मुंडेरा खुर्द गांव में शनिवार की रात करीब नौ बजे ताजिया देखने गए दो युवकों पर धारदार हथियार और फावड़े से हमला होने का आरोप है। घायल युवक के परिवार वालों का आरोप है कि पुरानी रंजिश में पड़ोसियों ने वारदात को अंजाम दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस को देख हमलावर भाग निकले। पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर कार्रवाई की बात कह रही है। पुलिस का कहना है कि पुरानी रंजिश में दो पटीदारों में मारपीट हुई है। ताजियादारों से विवाद का कोई लेना-देना नहीं है। जानकारी के अनुसार, मुंडेरा खुर्द गांव निवासी नागेंद्र चौहान (28) का गांव में कुछ लोगों से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद है। नागेंद्र के परिवार वालों के अनुसार, शनिवार रात को वह अपने ट्रैक्टर चालक रोहित विश्वकर्मा (24) के साथ गांव में ताजिया देखने गया था। वहां ताजिएदार करतब दिखा रहे थे। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने पीछे से चालक रोहित और नागेंद्र पर पीछे से धारदार हथियार और फावड़े से हमला कर दिया।

# रेलवे में आज से नया नियम लागू 8 घण्टे पहले बनेगा आरक्षण चार्ट

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



रेल प्रशासन आठ जुलाई से नया नियम लागू कर रहा है। पहले ट्रेनों का आरक्षण चार्ट चार घंटे पहले बनता था। रेलवे बोर्ड के डायरेक्टर पैसेंजर मार्केटिंग एंड कोआर्डिनेशन प्रवीण कुमार का निर्देश मिलने के बाद रेल प्रशासन ने अपनी तैयारी कर ली है। ट्रेनों का आरक्षण चार्ट आठ जुलाई से चार घंटे की जगह आठ घंटे पहले बनने लगेगा। सुबह पांच से दोपहर दो बजे की ट्रेनों का आरक्षण चार्ट एक दिन पहले नौ बजे तक बन जाएगा। रेल प्रशासन ने इसकी तैयारी कर ली है।

रेलवे बोर्ड के डायरेक्टर पैसेंजर मार्केटिंग एंड कोआर्डिनेशन प्रवीण कुमार का निर्देश मिलने के बाद रेल प्रशासन ने अपनी तैयारी कर ली है। नए नियम के अनुसार, जो ट्रेनें सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच चलेंगी, उनके लिए पहला आरक्षण चार्ट एक दिन पहले रात 9 बजे तक तैयार कर लिया जाएगा।

साथ ही जो ट्रेनें दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच चलेंगी, उनका आरक्षण चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे के बाद बनेगा। अगली सुबह 5 बजे से पहले चलेंगी, उनके लिए आरक्षण चार्ट ट्रेन खुलने से आठ घंटे पहले बन जाएगा। इसी आधार पर वीआईपी कोटा के लिए भी नया नियम बनाया गया है। शेड्यूल के मुताबिक, रात आठ से 12 बजे की ट्रेनों का कोटा सुबह नौ बजे तक, रात 12 से सुबह 10 बजे तक की ट्रेनों का कोटा एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक, सुबह 10 से रात आठ बजे तक की ट्रेनों का वीआईपी कोटा के तहत सीट आवंटन यात्रा तिथि से एक दिन पहले अपराह्न तीन बजे तक होगा। इस हिसाब से गोरखधाम, वैशाली और कुशीनगर एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों का वीआईपी कोटा एक दिन पहले ही आवंटित कर दिया जाएगा।

### चार माह पहले पत्नी ने कर ली थी खुदकुशी

# अब पति ने भी दे दी जान– मां ने फंदे से झूलता देखा शव

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



परिजनों ने बताया कि जनार्दन दो बहनों में इकलौता था। उसके पिता की भी मौत हो चुकी है। उसकी मौत के बाद बुजुर्ग मां और दो बच्चों के सिर से सहारा उठ गया है। जनार्दन की मौत के बाद मां और दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना क्षेत्र के डुमरी नंबर दो में पत्नी के गम में डूबे युवक ने फंदे से लटक कर जान दे दी। रविवार सुबह उसका शव पंखे के कुंडे से गमछे के सहारे लटकता मिला। चार माह पहले पत्नी की खुदकुशी के बाद से वह डिप्रेशन का शिकार हो गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जंगल डुमरी नंबर दो के टोला मंगलपुर निवासी जनार्दन निषाद (35) की शादी नौ साल पहले पनियरा के देवीपुर निवासी रीमा निषाद से हुई थी। जनार्दन हैदराबाद में रहकर नौकरी करता था। चार माह पहले उसकी पत्नी रीमा ने खुदकुशी कर ली थी। पत्नी की मौत के बाद जनार्दन घर रहकर बुजुर्ग मां केदला देवी और दोनों बच्चों मनीष (8) व सोनम (7) की देखभाल कर रहा था। परिजनों ने बताया कि पत्नी की मौत के बाद से वह डिप्रेशन में रहने लगा था। घर से बाहर भी कभी-कभार ही निकलता था। हाल ही में उसकी बेटी ननिहाल गई थी। रविवार सुबह बेटा मनीष घर के बाहर खेल रहा था। जनार्दन ने अपनी मां से मनीष को खाना खाने के लिए बुलाने को कहा। उसकी मां जैसे ही घर से बाहर गई उसने फंदे से लटक कर जान दे दी। उसकी मां जब नाती को लेकर कमरे में गई तो जनार्दन का शव फंदे से लटकता देख उसके होश उड़ गए। मां की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि जनार्दन दो बहनों में इकलौता था। उसके पिता की भी मौत हो चुकी है। उसकी मौत के बाद बुजुर्ग मां और दो बच्चों के सिर से सहारा उठ गया है। जनार्दन की मौत के बाद मां और दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ट्रक से तीन लाख की शराब बरामद, चालक गाड़ी छोड़कर भागा

जन एक्सप्रेस | देवरिया

पिंडी तिराहे पर रविवार की सुबह पुलिस ने छापेमारी कर एक ट्रक से करीब तीन लाख रुपये की देसी-अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद किया, जबकि चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस के अनुसार, पुलिस को सूचना सूचना मिली कि तस्कर ट्रक से शराब बिहार ले जाने के फिराक में हैं। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी दिलीप सिंह, भागलपुर चौकी प्रभारी सुमित कुमार राय आदि मईल भागलपुर-पिंडी मार्ग पर पिंडी तिराहे पर वाहन की चेकिंग करने लगे। इसीओ बरहज अंशुमन श्रीवास्तव भी पहुंच गए। इसी बीच एक ट्रक आता दिखा। पुलिस टीम को देख चालक ट्रक छोड़कर अंधेरा का लाभ उठाते हुए भाग गया। पुलिस खोजबीन की, मगर चालक का पता नहीं चल सका। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो बड़ी मात्रा में देसी, अंग्रेजी और बीयर बरामद हुआ।

# पंखुड़ी का स्कूल में हो गया दाखिला: फीस माफ होने के साथ शुरू हो गई पढ़ाई, बोली– 'थैंक्यू महाराज जी'

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



पढ़ाई निर्बाध शुरू होने पर पंखुड़ी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा-थैंक्यू महाराज जी। उसने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री जी बहुत अच्छे हैं। उनकी मदद से ही उसकी पढ़ाई शुरू हो पाई है।

आर्थिक दिक्कतों से फीस न जमा कर पाने के चलते स्कूल जाने से वंचित महानगर के पुरदिलपुर निवासी पंखुड़ी त्रिपाठी की पढ़ाई सोमवार से निर्बाध शुरू हो गई। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री द्वारा पंखुड़ी की परेशानी का संज्ञान लिए जाने के बाद प्रशासन और शिक्षा विभाग ने स्कूल प्रबंधन से संपर्क कर पंखुड़ी की फीस माफ करवा दी।

फीस माफ होने के साथ कक्षा सात में पढ़ने वाली इस बिटिया ने सोमवार को स्कूल जाकर क्लास अटेंड करना शुरू कर दिया है। पढ़ाई शुरू होने पर पंखुड़ी और उसके माता-पिता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति बारंबार आभार जताया है। 1 जुलाई को गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन में पंखुड़ी त्रिपाठी भी पहुंची थी।

पंखुड़ी सरस्वती शिशु मंदिर (इंग्लिश मीडियम) पक्की बाग में कक्षा सात में पढ़ती है। जनता दर्शन में उसने मुख्यमंत्री से कहा था, 'महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इंतजाम करा दीजिए।' उसने बताया था कि पिता राजीव त्रिपाठी को चोट लगने के बाद परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है।

**मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा 12 में पढ़ने वाला भाई भी है।**

पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण वह कक्षा सात में पढ़ाई करने नहीं जा पा रही है।

उसकी समस्या सुनने के बाद सीएम योगी ने उसे भरोसा दिया था कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकने पाएगी। वह खूब पढ़े, फीस माफ कराया जाएगा या फीस का इंतजाम कर दिया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने अफसरों को निर्देशित भी किया था और पंखुड़ी की ख्वाहिश पर उसके साथ फोटो भी खिंचवाई थी।

मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में आए इस प्रकरण के संदर्भित होने के बाद प्रशासन और शिक्षा विभाग ने सरस्वती शिशु मंदिर पक्की बाग के प्रबंधन से संपर्क किया और पंखुड़ी त्रिपाठी की फीस माफ करवाई। साथ ही पंखुड़ी को बताया कि वह सोमवार से स्कूल जाए। पंखुड़ी आज स्कूल यूनिफॉर्म पहने स्कूल पहुंची और कक्षा सात वर्ग बी में उसकी पढ़ाई शुरू हो गई।

पढ़ाई निर्बाध शुरू होने पर पंखुड़ी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा-थैंक्यू महाराज जी। उसने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री जी बहुत अच्छे हैं। उनकी मदद से ही उसकी पढ़ाई शुरू हो पाई है। पंखुड़ी के पिता राजीव त्रिपाठी और माता मीनाक्षी ने भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें महाराज जी पर पूरा भरोसा है और उनकी सहृदयता और संवेदनापूर्ण कार्यशैली से ही बिटिया की पढ़ाई संभव हुई है।

# 112 ट्रांसफॉर्मरों की बढ़ेगी क्षमता, लो-वोल्टेज और फॉल्ट से निजात की उम्मीद

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



शहर के 34 हजार उपभोक्ताओं को बिजली की समस्या से राहत दिलाने के लिए ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता की वृद्धि की जाएगी। इससे लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। अभियंताओं ने बिजनेस प्लॉन के तहत वर्ष 2025-26 में 150 से अधिक क्षमता का ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता की वृद्धि कराने के लिए कार्ययोजना तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजा था। भेजे गए प्रस्ताव में से 112 ट्रांसफार्मर के क्षमता वृद्धि की स्वीकृति मिलने के बाद ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसमें 10 केवीए से लेकर 100 केवीए के ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी।

शहर में करीब एक हजार ट्रांसफार्मर लगे हैं। इन ट्रांसफार्मरों से करीब 34 हजार बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति होती है। गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने पर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते हैं। इससे उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज और बार-बार फाल्ट की समस्या से जूझना पड़ता है। परेशान लोग अपने मोहल्ले में लगे ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि के लिए बिजली निगम के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कई बार शिकायती पत्र देकर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की मांग कर चुके थे। उपभोक्ताओं की मांग समय पर पूरा नहीं होने से शहर के कई मोहल्लों के लोग विद्युत उपकेंद्र पर एकत्र होकर हंगामा भी कर चुके थे। लोगों की परेशानियों को देखते हुए बिजली निगम के अधिकारियों ने बिजनेश प्लॉन के तहत शहर के 150 से अधिक ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। भेजे गए प्रस्ताव पर विचार कर निगम ने 112 ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करने की स्वीकृति दी है। अब शहर के लोगों को बार-बार फाल्ट और लो वोल्टेज की समस्या से परेशान लोगों को शीघ्र ही राहत मिलने वाली है।

विद्युत निगम की तरफ से शहर के 112 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की जाएगी। इसके लिए विद्युत निगम बिजनेस प्लॉन के तहत 112.23 लाख रुपये खर्च करेगा। निगम की तरफ से कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इन ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि होने से लोगों को भरपूर बिजली मिलेगी।

## आम महोत्सव में रामप्रताप और उमेश सम्मानित

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

खड्डा ब्लॉक के ग्राम अंत छपरा निवासी रामप्रताप कुशवाहा व उमेश कुशवाहा को आम महोत्सव में प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने पर सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यायद राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में आयोजित आम महोत्सव में रामप्रताप कुशवाहा, उमेश कुशवाहा ग्राम अंत छपरा ब्लॉक खड्डा की ओर से शुक्ल एवं रोमानी आम की प्रजाति के साथ प्रतिभाग करने के पर प्रदेश में प्रथम स्थान व अरुण चंद्र सिंह को गौरजीत आम के लिए तृतीय स्थान मिला।

# डिस्चार्ज बढ़ा तो नरवाजोत बांध को होगा खतरा, दहशत में लोग

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



गंडक नदी का डिस्चार्ज रविवार को दोपहर में घट कर साठ हजार क्यूसेक से नीचे आ जाने के बाद भी नरवाजोत बांध पर पानी का दबाव बना हुआ है। नदी कई जगहों पर बांध से सटकर बह रही है। लोगों में भय है कि डिस्चार्ज बढ़ने पर यह बांध की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि पानी का डिस्चार्ज लंबा चलने वाला है। राहत व बचाव कार्य पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में डिस्चार्ज बढ़ने पर बांध के साथ पिपराघाट के कई गांवों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

नरवाजोत बांध पिछले कई वर्षों से काफी संवेदनशील रहा है। यह बांध लगातार कई सालों से पानी के भारी दबाव झेल रहा है। पिछले साल जब वाल्मीकिनगर बैराज से गंडक नदी में साढ़े पांच लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया था तो गंडक नदी पूरे उफान पर आ गयी थी। जिसके चलते ठोकर का नोज क्षतिग्रस्त हो गया था। इस क्षेत्र मे लोगों को भारी क्षति का सामना करना पड़ा था। उसी क्षति को देखते हुए इस वर्ष शासन की ओर से इस ठोकर पर मरम्मत व अन्य बचाव कार्य के लिए 9.73 करोड़ की एक परियोजना को मंजूरी दी गयी है। जिसके तहत बांध बचाव कार्य कराया जा रहा है।

इस परियोजना को पुरा कराने में बाढ़ खंड के अधिकारी कर्मचारी लगे है। गांव के केदार सिंह, प्रभु गुप्ता, कैलाश सिंह, राजू चौहान, प्रताप सिंह आदि लोगों का कहना है कि रविवार को डिस्चार्ज घट कर साठ हजार क्युसेक से नीचे आ गया है। बावजूद इसके नरवाजोत, भंगी टोला, दहारी टोला व तवकल टोला के सामने नदी कहीं बांध के समीप तो कहीं बांध से 30-40 मीटर दूरी पर बह रही है। जो किसी खतरे के संकेत से कम नहीं है। डिस्चार्ज बढ़ने पर खतरा और बढ़ सकता है।

# चतुरछपरा में दिखा जंगली जानवर, दहशत

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

थाना क्षेत्र के चतुरछपरा गांव के सरेह में रविवार की सुबह एक युवक ने तेंदुआ जैसा जंगली जानवर देखने का दावा किया। इसके बाद गांव में दहशत और भय का माहौल बन गया है। सूचना पर गांव पहुंचे वन विभाग की टीम जानवर की तलाश में जुटी है।

चतुर छपरा गांव निवासी संजय कुशवाहा ने बताया कि वह सुबह करीब आठ बजे सरेह की तरफ से गए थे। वहां अचानक तेंदुआ की तरह दिखने वाला एक जानवर सियार का पीछा करते हुए उनके सामने आ गया। उसे देख वे बदहवास होकर गांव की तरफ भाग निकले। उनके शोर मचाने पर गांव के लोग जुट गए।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने घटना स्थल पर आकर पदचिन्ह की जांच कर कांबिंग में जुटी हुई है। वन दरोगा सदानंद यादव और लक्ष्मण प्रसाद की मौजूदगी में सरहे में पटाखे छोड़कर जानवर को भगाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि दिखाई देने वाला तेंदुआ है या कोई अन्य जानवर। गन्ना की फसल में जानवर कहीं गुम हो गया है। कुछ दिन पहले कोपजंगल गांव में हिंसक जानवर उत्पात मचाया था। वह एक बकरी को मार डाला था, दो युवक बाल-बाल बचे थे।कुछ दिन पहले कोपजंगल गांव में हिंसक जानवर उत्पात मचाया था। वह एक बकरी को मार डाला था, दो युवक बाल-बाल बचे थे।

इस संबंध में डीएफओ वरूण सिंह ने बताया कि तेंदुआ जैसे जानवर चतुरछपरा गांव के पास सरेह में दिखने की सूचना मिली है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। टीम वहां छानबीन में जुटी है। पदचिन्हों के आधार पर दिखे जानवर की तलाश की जा रही है। तेंदुआ है या कोई और जानवर है इसकी अभी पुष्टि नहीं की जा सकती है। वैसे लोगों को सर्तक रहने के लिए अपील की गई है।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने घटना स्थल पर आकर पदचिन्ह की जांच कर कांबिंग में जुटी हुई है। वन दरोगा सदानंद यादव और लक्ष्मण प्रसाद की मौजूदगी में सरहे में पटाखे छोड़कर जानवर को भगाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि दिखाई देने वाला तेंदुआ है या कोई अन्य जानवर। गन्ना की फसल में जानवर कहीं गुम हो गया है। कुछ दिन पहले कोपजंगल गांव में हिंसक जानवर उत्पात मचाया था। वह एक बकरी को मार डाला था, दो युवक बाल-बाल बचे थे।

## आरपीएफ ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | देवरिया

आरपीएफ ने चोरी के एक मामले में वांछित आरोपी गोरखपुर जिले के चौरीचौरा थाना क्षेत्र के 34 वर्षीय सिनोद राजभर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर करजहां से कुशीनगर जाने वाले हाईवे पर एक होटल के पास से वांछित आरोपी सिनोद राजभर को गिरफ्तार कर लिया गया।

वह रेलवे स्टेशन सरदार नगर पर खड़ी मालगाड़ी से गिरोह बनाकर सामान की चोरी करने में आरोपी है। इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# देवरिया का धनंजय हत्या कांड: फरार चल रहे तालिबान की पुलिस से मुठभेड़, पैर में लगी गोली

जन एक्सप्रेस | देवरिया



जानकारी पर पहुंचे एसपी विक्रांत वीर,एएसपी अरविंद कुमार सहित कई पुलिस अधिकारियों ने वहां पहुंच जानकारी ली। गौरतलब है की फतेहपुर के धनंजय पाल 27 जून की रात अपने विद्यालय के बरामदे में सोए थे। रात में ही उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई।

जिले के रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर में स्कूल संचालक धनंजय पाल हत्याकांड में शामिल भाड़े के बदमाश कमरूदीन उर्फ तालिबान को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयोग किया गया हथियार बरामद करने के लिए गांव लेकर जा रही थी।

इसी बीच पुलिस टीम पर उसने हमला कर दिया। बचाव में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की है। इस दौरान उसके पैर में गोली लगी है। घायलावस्था में मेडिकल कालेज देवरिया में भर्ती कराया गया है। जानकारी पर पहुंचे एसपी विक्रांत वीर, एएसपी अरविंद कुमार सहित कई पुलिस अधिकारियों ने वहां पहुंच जानकारी ली गौरतलब है की फतेहपुर के धनंजय पाल 27 जून की रात अपने विद्यालय के बरामदे में सोए थे। रात में ही उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या कांड का पुलिस ने दो दिन पहले पर्दाफास कर दिया था। मृतक के सौतेले बेटे ने संपत्ति विवाद में 50 हजार रुपये भाड़े के बदमाश कमरूदीन उर्फ तालिबान निवासी पटखौली थाना सुरौली से कराई थी।

घटना के बाद से ही यह फरार चल रहा था। रविवार की देर रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयोग किया गया धारदार हथियार बरामद के लिए गांव लेकर जा रही थी। पुलिस के मुताबिक दरोगा की पिस्टल छीन पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। टीम ने बचाव करते हुए जवाबी कार्रवाई की। इससे उसके पैर में गोली लग गई।

# मोहर्रम जुलूस में सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरों से की गई निगरानी

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती दिखाई दी। ड्रोन कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी गई। इस दौरान डीएम व एसपी सहित सभी अधिकारी क्षेत्र में ही सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायज लेते रहे।

जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद में मोहर्रम का पर्व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच सकुशल, शांतिपूर्वक संपन्न कराया जा गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा पूरे जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए थे। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी, पुलिस लगातार भ्रमणशील रही।

जुलूस मार्गों की निगरानी रूफटाप ड्यूटी, ड्रोन कैमरों, सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से की जा रही थी तथा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से भी विशेष सतर्क दृष्टि रखी गई। बलरामपुर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी की जा रही है किसी भी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा होने पर तत्काल डायल-112 या सम्बन्धित थाना चौकी पर सूचना देने की अपील की गई। समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील व सतर्क रहने के दिशा निर्देश दिए गए थे। जिससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पर्व पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न हो सके। जनपदीय पुलिस द्वारा मोहर्रम का त्यौहार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सकुशल संपन्न कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद वासियों से सहयोग और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए अपील की गई।

## पूर्व चेयरमैन को गोली मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना अकराबाद क्षेत्र अंतर्गत पिलखना नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन पति सपा नेता मोहम्मद आरिफ पर हुए हमले में पकड़े गए दो आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। वहीं नामजद भाजपा नेता जीशान सहित तीन अन्य की तलाश व उनकी भूमिका की जांच में पुलिस टीम जुटी है। घटना 3 जुलाई दोपहर करीब 2 बजे की है। निकाय चुनाव की रंजिश व हाल में एक सड़क निर्माण से जुड़े विवाद में इस हमले का आरोप है। इसका मुकदमा भाजपा से चेयरमैन का चुनाव लड़ीं जमीला खातून के बेटे भाजपा नेता जीशान व उसके भाइयों जुनैद, जुबैर, हसन ग्यास,आमिर हसन पर कराया है। पुलिस ने नानऊ के सासनी रोड से नामजद आमिर व हसन ग्यास को पकड़ लिया था। इन्हें जेल भेजा गया। इनके पास से तमंचे, कारतूस आदि बरामद हुए हैं। सीओ बरला गर्वित सिंह का कहना है कि दोनों को जेल भेज दिया गया। बाकी की तलाश चल रही है। उनकी भूमिका की भी जांच जारी है।

# देर रात तक चला ताजिया जुलूस पर की गई कड़ी निगरानी

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मुहर्रम

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में ताजिया दफन करने का सिलसिला रविवार देर रात तक चलता रहा। इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराया गया।

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के पर्यवेक्षण में 6 जुलाई को जनपद में मोहर्रम का पर्व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच सकुशल, शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए थे।

संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी, पुलिस लगातार भ्रमणशील रही। जुलूस मार्गों की निगरानी रूफटाप ड्यूटी, ड्रोन कैमरों, सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से की गयी तथा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से भी विशेष सतर्क दृष्टि रखी गयी। बलरामपुर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी की जाती रही। एसपी ने समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील व सतर्क रहने के दिशा निर्देश दिए। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सका कि पर्व पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न हो सके। जनपदीय पुलिस द्वारा मोहर्रम का त्यौहार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सकुशल संपन्न कराया गया।

# गायत्री मंदिर में गुरु पूर्णिमा से पूर्व गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित गायत्री गायत्री मंदिर पर सोमवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम के विषय में चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार 7 जुलाई को तहसील मुख्यालय तुलसीपुर स्थित गायत्री मंदिर में गायत्री परिवार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा तुलसीपुर द्वारा 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन हेतु गायत्री मंदिर के साधना हाल में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत गुरु पूर्णिमा पर्व की तैयारी हेतु कार्यकर्ताओं के मध्य वृहद चर्चा की गई। कार्यक्रम के बारे में ट्रस्टी प्रदीप गोयल ने बताया की प्रातः 6:00 बजे से सायं 6:00 तक अखंड जप का कार्यक्रम किया जाएगा। साथ ही प्रातः 7:00 बजे से 9:00 बजे तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम रखा गया है। सायं काल 7:00 बजे से 9:00 बजे तक संगीत एवं प्रवचन के साथ दीप महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। दीप यज्ञ के पश्चात भोजन प्रसाद का भी आयोजन है। गोष्ठी में गायत्री परिवार के महिला मंडल की सदस्यों के साथ सत्य प्रकाश शुक्ला, गुलाबचंद भारती, प्रदीप कुमार गोयल, नीरज गुप्ता, सुमति कसौंधन, अशोक अग्रवाल, राम भारती गोस्वामी, अशर्फीलाल व राकेश मिश्रा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## युवक के दो मोबाइल मुंशी ने किए गायब, कोर्ट ने किया तलब

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना सासनी गेट से दहेज हत्या के मामले में जेल भेजे गए युवक के दो मोबाइल थाने के मुंशी ने मालखाने में जमा नहीं किए।जमानत पर छूटकर आए युवक ने जब मोबाइल वापस मांगे तो मुंशी ने मोबाइल देने से इन्कार कर दिया।मामले में मुंशी के खिलाफ अदालत में वाद दायर किया गया है।कोर्ट ने मुंशी को 24 जुलाई को तलब किया है। राजकुमार को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया।मुंशी शेखर सिंह ने राजकुमार के दो मोबाइल जमा किए। जेल से जमानत पर आने के बाद उसने अपने भाई को मुंशी के पास भेजा तो मुंशी ने साफ कह दिया कि यहां कोई मोबाइल नहीं है।

# डीएम और एसपी ने मुहर्रम के मद्देनजर शांति व्यवस्था का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



रविवार को पूरे जनपद में मुहर्रम मनाया गया । जिसको लेकर प्रशासन पूरे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तत्पर रहा। इसी के तहत डीएम व एसपी द्वारा थाना ललिया क्षेत्र अन्तर्गत मथुरा बाजार व थाना को0 नगर क्षेत्र में भ्रमण कर मोहर्रम के दृष्टिगत शांति व्यवस्था का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बताते चले कि डीएम पवन अग्रवाल व एसपी विकास कुमार द्वारा थाना ललिया क्षेत्र अन्तर्गत मथुरा बाजार व थाना को0 नगर क्षेत्र में भ्रमण कर त्योहार मोहर्रम के दृष्टिगत शांति व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान डीएम व एसपी द्वारा पुलिस बल के साथ फ्लैग-मार्च किया गया तथा धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर वहाँ के संभ्रान्त लोगों से वार्ता की तथा किसी भी तरह के आपराधिक तत्वों के संदेह होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया।

भ्रमण के दौरान आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपदीय पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। इसी दौरान क्षेत्राधिकारी ललिया डॉ0 जितेन्द्र कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैडेट्स को पढ़ाया डा. कलाम के आदर्शों का पाठ

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

मंगलायतन विश्वविद्यालय में 8 यूपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास एवं सैन्य प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों पर विशेष ध्यान दिया गया। परेड ग्राउंड में कैडेट्स ने राइफल ड्रिल और मार्च पास्ट में अनुशासन का परिचय दिया। शारीरिक प्रशिक्षण सत्र में ऊंची छलांग, दौड़ और अन्य फिजिकल एक्टिविटीज कराई गई।

कैंप कमांडर कर्नल अजय लूंबा ने पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम के संघर्ष, वैज्ञानिक उपलब्धियों और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की भावना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा हर युवा के भीतर असीम संभावनाएं होती हैं, जिन्हें अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच से साकार किया जा सकता है। कैडेट्स ने डा. कलाम से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। हवलदार हरेंद्र सिंह ने सेना में उपयोग होने वाले हथियारों की गहन जानकारी देते हुए कार्यप्रणाली, रखरखाव, युद्ध में भूमिका को विस्तार से समझाया।

# प्रवेश समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर की गई चर्चा



जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में सोमवार को प्रवेश समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रवेश तथा शिक्षण संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार 7 जुलाई को तहसील मुख्यालय तुलसीपुर के आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल तुलसीपुर बलरामपुर में प्रवेश समन्वय समिति की एक बैठक प्रधानाचार्य की डाक्टर डीपी सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित हुई। मीटिंग में प्रवेश की स्थिति को देखते हुए विद्यालय मे विद्यार्थियों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह ने बताया कि विद्यालय के पुराने विद्यार्थी जो प्रवेश नहीं ले सके हैं उनके अभिभावकों को आज 8 जुलाई 2025 तक हर हालत में प्रवेश लेने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। परीक्षा विभाग के सूचना अनुसार 13 जुलाई से विद्यालय की प्रथम यूनिट टेस्ट की परीक्षा आरंभ हो रही है। एकाउंट्स डिपार्टमेंट द्वारा परीक्षा विभाग को विद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों की लिस्ट सीटिंग प्लान के लिए उपलब्ध करा दी गई है।

## आगरा फोर्ट स्टेशन पर पकड़ी गई 80 कट्टों में भरी प्रतिबंधित पॉलीथिन

जन एक्सप्रेस। आगरा

नगर निगम प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन पर गुजरात से आई 80 कट्टों में भरी प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई है। इस खेप में 242 किलो से अधिक प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग थे, जिन्हें आगरा में अलग-अलग स्थानों पर सप्लाई किया जाना था।

सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम हरकत में आ गई। जोनल सैनिटरी ऑफिसर आशुतोष वर्मा के नेतृत्व में एक टीम स्टेशन पहुंची और रेलवे अधिकारियों से समन्वय कर औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इन कट्टों को अपने कब्जे में लिया।

जेडएसओ के अनुसार, यह प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग पर्यावरण और स्वच्छता नियमों का घोर उल्लंघन है। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब्त की गई पूरी पॉलीथिन को नियमानुसार नष्ट किया जाएगा ताकि इसका कोई भी हिस्सा बाजार में दोबारा न पहुंच सके।

# सर्पदंश में झाड़-फूंक हो सकती है जानलेवा

## निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्र पर कराएं उपचार: एडीएम

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़




बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी आपदा प्रमोद कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या देरी करने के बजाय तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर चिकित्सकीय उपचार प्राप्त करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

श्री कुमार ने बताया कि सर्पदंश के कारण यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है, तो शासन द्वारा राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के अंतर्गत मृतक के आश्रितों को 4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। सहायता प्राप्त करने के लिए घटना की सूचना तत्काल ग्राम प्रधान, राजस्वकर्मी या संबंधित तहसील कार्यालय को देना अनिवार्य है।

प्राप्त सूचना के आधार पर राजस्व विभाग की टीम घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच आख्या तैयार करती है, जिसे अनुमोदन के उपरांत सहायता की संस्तुति के लिए प्रेषित किया जाता है। स्वीकृति मिलने पर सहायता राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से मृतक के नामित आश्रित के आधार से लिंक्ड बैंक खाते में स्थानांतरित की जाती है। इस प्रक्रिया के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व जांच रिपोर्ट, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण एवं पारिवारिक विवरण जैसे दस्तावेजों की पूर्ति आवश्यक होती है।

एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बताया कि जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सर्पदंश के उपचार हेतु एंटी-स्नेक वेनम दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि सर्पदंश के किसी भी मामले में तत्परता के साथ चिकित्सा उपलब्ध कराई जाए। जिला प्रशासन जनहित में यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रत्येक पीड़ित को समय पर उचित उपचार एवं पात्र सहायता उपलब्ध हो।

**पानी में डूबने से मृत्यु पर 4 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान:**

बरसात के मौसम में नदियों, नहरों, तालाबों एवं अन्य जल स्रोतों में डूबने की घटनाएं भी सामने आती हैं। यदि कोई व्यक्ति दुर्घटनावश डूबकर मृत्यु को प्राप्त करता है, तो शासन द्वारा एसडीआरएफ के तहत मृतक के आश्रितों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके लिए राजस्व जांच रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट (यदि उपलब्ध हो), पारिवारिक विवरण एवं बैंक खाता संबंधित दस्तावेजों के आधार पर सहायता अनुमोदित की जाती है।

## शिकायत पर त्वरित कार्रवाई- शीतला गली रोड से अस्थाई बाड़े हटाए गए

जन एक्सप्रेस। आगरा

शहर में सड़क किनारे अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को नगर निगम ने चित्रा टॉकीज के पीछे शीतला गली रोड पर बनाए गए अस्थाई बाड़ों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई आईजीआरएस (जनसुनवाई पोर्टल) पर की गई शिकायत के आधार पर की गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, कुछ लोगों ने सार्वजनिक सड़क पर प्लास्टिक और तिरपाल की सहायता से अस्थाई बाड़े बना लिए थे। इन बाड़ों में कुछ लोगों ने निजी सामान भी रख लिया था, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।नगर निगम की टीम जब मौके पर पहुंची तो कुछ लोगों ने विरोध की भी कोशिश की, लेकिन अधिकारियों ने सख्ती दिखाते हुए अतिक्रमण हटवा दिया। इस दौरान तिरपाल और प्लास्टिक से बने ढांचे पूरी तरह से हटाए गए और सड़क को खाली कराया गया।

## टीका, जांच और इलाज से करें हेपेटाइटिस का अंत

जन एक्सप्रेस। आगरा

हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है - यह दिन एक ऐसी बीमारी की याद दिलाता है जो लाखों जिंदगियों को चुपचाप निगल रही है, जबकि इसे रोका और इलाज किया जा सकता है। हेपेटाइटिस, यानी लिवर में सूजन, आज के समय की सबसे कम पहचानी जाने वाली लेकिन गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। भारत समेत दुनियाभर में करोड़ों लोग हेपेटाइटिस बी या सी से ग्रस्त हैं, लेकिन उन्हें इसका अंदाजा तक नहीं होता। अधिकतर मरीज तब डॉक्टरों के पास आते हैं जब लिवर पहले से ही क्षतिग्रस्त हो चुका होता है या फेल होने की स्थिति में होता है।

मैक्स हॉस्पिटल, साकेत के हेपेटोलॉजी विभाग के कंसलटेंट डॉ. विपुल गौतम ने कहा कि इस साल विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम - हेपटाइटिसः लेट्स ब्रेक इट डाउन, इस मुद्दे को गहराई से समझने और हर स्तर पर बाधाएं तोड़ने की अपील करती है।

इन बाधाओं में आर्थिक सीमाएं, सामाजिक कलंक, जागरूकता की कमी और सिस्टम में देरी शामिल हैं। लिवर शरीर का एक अनिवार्य अंग है, जो 500 से ज्यादा जरूरी काम करता है - जैसे भोजन को पचाना, ऊर्जा का भंडारण, विषैले पदार्थों को निकालना और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखना। लेकिन जब हेपेटाइटिस होता है, ये सारी क्रियाएं बाधित हो जाती हैं। हेपेटाइटिस ए और ई आमतौर पर दूषित भोजन या पानी से फैलते हैं और थोड़े समय में ठीक हो जाते हैं। लेकिन हेपेटाइटिस बी और सी बेहद खतरनाक होते हैं - ये वर्षों तक बिना लक्षण के शरीर में मौजूद रह सकते हैं और धीरे-धीरे सिरोसिस, लिवर फेल्योर या कैंसर का कारण बनते हैं।

## सचेत एप के माध्यम से आकाशीय बिजली से रहें अलर्ट

# बरसात में आकाशीय बिजली से रहें सावधान

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़



बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं जनहानि और पशुहानि का कारण बनती रही हैं। ऐसी किसी भी दुखद घटना में यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है, तो राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार मृतक के आश्रितों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

प्रभारी अधिकारी आपदा और एडीएम वित्त प्रमोद कुमार उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आकाशीय बिजली से मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को स्थानीय प्रशासन अथवा राजस्व विभाग को तत्काल सूचना देनी चाहिए, जिससे समयबद्ध ढंग से जांच की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके। लेखपाल द्वारा घटना का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाती है, जिसके उपरांत तहसील स्तर पर जांच आख्या बनाकर अनुमोदन के लिए भेजी जाती है। अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात सहायता राशि डीबीटी प्रणाली के माध्यम से नामित लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे भेज दी जाती है।

उन्होंने बताया कि कई बार ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी के अभाव में पात्र परिवार इस सहायता का लाभ नहीं ले पाते। ऐसे में राजस्वकर्मियों, ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसी घटनाओं की सूचना तत्काल उपलब्ध कराएं और पीड़ित परिवार को आवश्यक दस्तावेजों के संकलन एवं प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें। सहायता के लिए मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट, पारिवारिक विवरण, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण दस्तावेज आवश्यक होते हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट यदि उपलब्ध हो तो संलग्न की जाती है, यद्यपि आकाशीय बिजली के मामलों में प्रत्यक्षदर्शियों और स्थलीय निरीक्षण की पुष्टि भी पर्याप्त मानी जाती है।

**एडीएम (वित्त एवं राजस्व) ने बताया कि** जिला प्रशासन द्वारा आकाशीय बिजली से बचाव के लिए लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सचेत एप पर आकाशीय बिजली से संबंधित अलर्ट भी जारी किया जाता है। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि मौसम खराब होने की स्थिति में खेतों, नालों, ऊंचे पेड़ों या विद्युत खंभों के पास न ठहरें। मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों और स्थानीय प्रशासन की सलाहों का पालन करें।

## वित्तीय सुरक्षा प्रदान करके बनाया जा सके सशक्त

जन एक्सप्रेस। आगरा

करूर वैश्य बैंक (केवीबी) और क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने आज एक महत्वपूर्ण बैंकाश्योरेंस गठबंधन की घोषणा करते हुए भारत के ग्रामीण और कृषि-केंद्रित समुदायों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए दोहरे लाभ वाले बीमा उत्पाद–क्षेमा किसान साथी–की पेशकश की। यह गठबंधन ग्रामीण और अर्ध-शहरी बैंकिंग के क्षेत्र में केवीबी की मज़बूत पकड़ और क्षेमा के उत्कृष्ट तकनिक से संचालित बीमा योजनाओ को जोड़ता है ताकि लाखों ग्राहकों को समग्र वित्तीय सुरक्षा प्रदान करके सशक्त बनाया जा सके।

यह साझेदारी भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए केवीबी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। करूर वैश्य बैंक 109 वर्षों से अधिक की विरासत, और विश्वसनीयता तथा सेवा के प्रति अपनी गहन आस्था रखते हुए अपने ग्राहकों की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर बदलाव को अपनाता रहा है। यह गठजोड़ एक ख़ास साझेदारी है और कृषि समुदाय के लिए विशेष रूप से तैयार उत्पाद के ज़रिये भारत के बैंकेश्योरेंस के क्षेत्र में मौलिक बदलाव लाएगा। दो विनियमित निजी संस्थाओं की यह संयुक्त पहल सिर्फ भागीदारी ही नहीं बल्कि यह क्षेमा की प्रौद्योगिकी प्लैट्फॉर्म और केवीबी के ग्रामीण ग्राहकों की तादाद का लाभ उठाकर कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, बीमा करने और उसका उत्थान करने का मिशन है। क्षेमा का लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था की ढाल के रूप में कार्य करना है–न केवल बीमा प्रदान करके, बल्कि मज़बूती, तैयारी और निरंतरता का साधन बनकर।

# स्कूल मर्जर के विरोध में शिक्षको ने किया पैदल मार्च, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

- हठवादी रवैया छोड़ गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वंचित न करे सरकार- उदयशंकर शुक्ल
- विद्यालयों की मर्जर से भविष्य में गंभीर परिणाम होगे,आने वाली पीढ़ी निरक्षर होगी–राघवेंद्र सिंह

**जन एक्सप्रेस बस्ती**

प्रदेश सरकार के मर्ज फैसले के विरोध में शिक्षकों का लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। परिषदीय विद्यालयों को मर्जर किये जाने का आदेश वापस लिये जाने की मांग को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक षिक्षक संघ के आवाहन पर शिक्षकों और पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के नेतृत्व में प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। शिक्षक पहले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुये और यहां से पद यात्रा करते हुये डीएम कार्यालय पहुंचे और एक स्वर से मांग किया कि सरकार विद्यालयों को बंद करने का निर्णय व्यापक हितों को लेकर तत्काल प्रभाव से वापस ले।

ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि सरकार का हठवादी रवैया ठीक नहीं है। कहां तो सबको शिक्षा के अधिकार, अवसरों से जोड़ना था और स्थिति ये है कि सरकार ही स्कूलों को बंद करने का दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय ले रही है। इससे गरीबों के पाल्य शिक्षा से वंचित हो जायेंगे। कहा कि सरकार अपना निर्णय वापस ले और परिषदीय स्कूलों में प्री-प्राइमरी भी संचालित कराना शुरू करे। कहा कि सबको शिक्षा का अधिकार देने का विधिक प्राविधान है और स्वयं कानूनों का उल्लंघन न करे। यदि विद्यालयों को मर्जर करने का निर्णय वापस न लिया गया तो प्रान्तीय स्तर पर संघर्ष को तेज किया जायेगा।




जनपद में चरणबद्ध आन्दोलन जारी रहेगा।

यह जानकारी देते हुये संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जिला मंत्री राघवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, देवेन्द्र वर्मा, चन्द्रभान चौरसिया, शैल शुक्ल, अभिषेक उपाध्याय, रीता शुक्ला, रामपाल चौधरी, सतीश शंकर, राम प्रकाश शुक्ल, विनोद यादव, सन्तोष शुक्ला, राजीव पाण्डेय, त्रिलोकीनाथ, मारूफ खान, ओम प्रकाश पाण्डेय, अकिलेश कुमार, ओम प्रकाश, विजय वर्मा, अरूण कुमार, अभिषेक शुक्ल, सुनील पाण्डेय, आदित्यनाथ तिवारी, रविन्द्रनाथ, नरेन्द्र पाण्डेय, मुक्तिनाथ, राजेश कुमार, योगेश्वर शुक्ल, विवेक गौतम, रमेश विश्वकर्मा, आदित्य तिवारी, शिवम शुक्ल, राजेश पाठक, नवीन कुमार, सरिता पाण्डेय, प्रशान्त प्रियदर्शी, इन्दुबाला, राघवेन्द्र उपाध्याय, रामरेखा, ज्योति सोनी, अफसापरवीन, महमूद आलम अंसारी, नीलम श्रीवास्तव, श्रवण कुमार, विपिन शुक्ल, विजय बहादुर वर्मा, गुरूलाल, कन्हैयालाल भारती, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय, विनय कुमार, सचिन शुक्ला, वैभव कन्नौजिया, रचना देवी, विनोद गुप्ता, अमित कुमार वर्मा, आनन्द कुमार शुक्ल, विन्दावती, सुमन श्रीवास्तव, दीपा पाण्डेय, सुनीता कुमारी, अभिषेक यादव, मंजेश राजभर, अंगद पाण्डेय, जय प्रकाश शुक्ल, पूनम पाण्डेय, सुशीला त्रिपाठी, शीला वर्मा, विभा, अनुराधा, अभिनव कुमार, रमेश चौधरी, प्रभाकर शुक्ल, अरूण शुक्ल, चन्द्रिका सिंह, राघवेन्द्र पाण्डेय, चन्द्रशेखर शर्मा, विजय कुमार, प्रेमनाथ, रविन्द्रनाथ, अवनीश तिवारी, गिरजेश चौधरी, गौरव सिंह, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, भरतराम, शशिकान्त धर द्विवेदी, सुशील कुमार उपाध्याय, संध्या त्रिपाठी, ओंकार उपाध्याय, वृजेश कुमार पाण्डेय, रामचन्द्र शुक्ल, प्रणव मिश्र, अवध नरायन शुक्ल, अभिनव उपाध्याय, बुद्धिराम यादव, रामप्रकाश यादव, भैया राम राव, अजय प्रताप, अनिल कुमार सिंह, राजेश्वर शर्मा के साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकायें और संघ पदाधिकारी, मेधा प्रवक्ता दीनदयाल तिवारी के साथ ही अनेक संगठनों के लोग शामिल रहे।



> सरकार का यह तानाशाही फैसला बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उलंघन करने वाला आदेश है।गरीब शोषित मजदूर के बच्चो का छीना जा रहा है। इस फैसले को सरकार तत्काल वापस ले अन्यथा जिले से लेकर पूरे प्रदेश के शिक्षक संगठन बड़े आंदोलन करने को बाध्य होंगे।
>
> **अभय सिंह यादव, जिला कोषाध्यक्ष/अध्यक्ष बनकटी।**



> स्कूल मर्ज के आदेश से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा में प्रभावित होगी। छोटे बच्चों के स्कूल उनके घर से दूर हो जाएंगे और उन्हें स्कूल आने-जाने में परेशानी होगी।सरकार को बच्चो के हित में मर्ज फैसला वापस लेना चाहिए। शोषित मजदूर के बच्चो का छीना जा रहा है। इस फैसले को सरकार तत्काल वापस ले अन्यथा जिले से लेकर पूरे प्रदेश के शिक्षक संगठन बड़े आंदोलन करने को बाध्य होंगे।
>
> **सूर्य प्रकाश शुक्ला, जिला प्रवक्ता।**



> विद्यालय मर्ज करने के बजाय संसाधनों में वृद्धि करें जिससे छात्र संख्या बढ़ सके।गांवों के बच्चे दो-तीन किलोमीटर दूर स्कूल नहीं जा पाएंगे, जिससे उनका नामांकन और उपस्थिति दोनों प्रभावित होंगे। सरकार अपना फैसला तत्काल रद्द करें अन्यथा संगठन बृहद आंदोलन को बाध्य होगा।
>
> **राघवेंद्र सिंह, जिला मंत्री।**

# ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनायें पदाधिकारी: आनन्द

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े वन के निकट स्थित एक होटल के सभागार में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद आनन्द प्रकाश गौतम ने पदाधिकारियों को शपथ के साथ संकल्प दिलाया कि वे कांग्रेस को मजबूत करने, पार्टी के सिद्धान्तों, कार्यक्रमों से जन- जन को जोड़ने की दिशा में ऐसा प्रयास करें कि ग्राम पंचायत स्तर पर मजबूत संगठन हो। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के दिशा निर्देश के अनुरूप ऐसा वातावरण बने जिससे आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस निर्णायक रूप में उभरे। पूर्व सांसद आनन्द प्रकाश गौतम ने जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी, नर्वदेश्वर शुक्ल कोषाध्यक्ष, संदीप श्रीवास्तव, मो. रफीक, सुरेन्द्र मिश्रा, अलीम अख्तर, इफ्तिखार अहमद, डा. वाहिद अली सिद्दीकी, डा. दीपेन्द्र सिंह, लाबोनी सिंह, साधूशरन आर्य, राकेश मणि त्रिपाठी, शकुन्तला देवी, शबीहा खातून, रामधीरज चौधरी उपाध्यक्ष, सोमनाथ निषाद 'संत', अतीउल्ला सिद्दीकी, राहुल चौधरी, रविन्द्र सिंह 'राजन', शेर मोहम्मद, अमर बहादुर शुक्ल, अमरदेव सिंह, आलोक त्रिपाठी, राहुल चतुर्वेदी, गुड्डू सोनकर,', लालजीत पहलवान, राना सिंह, रामबचन भारती महासचिव, इसके साथ ही फिरोज खान, प्रताप नारायण मिश्र, सर्वेश शुक्ल, प्रेम सागर पाठक, प्रकाश गौतम, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, आनन्द कुमार निषाद, जमील कादरी, संतराम गौतम, शोभित चौधरी, वीरेन्द्र सिंह, कपिलदेव यादव, विनोद रानी आहूजा, सद्दाम हुसेन, मो.अशरफ अली, त्रियुगी नारायण मिश्रा, राम सिंह, सलाहुद्दीन, गणेश दूबे, जय प्रकाश गुप्ता, अब्दुल सलाम खान, राम पूरन चौधरी, विनोद कुमार, फजले आजम, अनूप पाठक, मीरा सिंह, सीमा निषाद, सरोजबाला कन्नौजिया, ताहिरा खातून को सचिव पद की शपथ दिलाया। पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र भी सौपा गया। पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण अवसर पर मुख्य रूप से जिला कोआर्डिनेटर निर्मला पासवान, देवेन्द्र श्रीवास्तव, अनिरूद्ध त्रिपाठी, जयन्त चौधरी, अनिल भारती, गिरजेश पाल, कर्नल ए.के. सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# सपा की मासिक बैठक में मतदाता सूची के निरीक्षण पर जोर

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक रविवार को सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती, मतदाता सूची में सुधार और पीडीए कार्यक्रम को निरन्तर जारी रखने पर जोर दिया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुये सपा जिलाध्यक्ष महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि बदलती परिस्थितियों में चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिये कार्यशैली और रणनीति में बदलाव करना होगा। कहा कि बूथ स्तर के पदाधिकारी अपने-अपने बूथों के मतदाता सूची की समीक्षा करते रहें और कमी मिलने पर इसमें सुधार करायें। इसके साथ ही लोगों से अपना संवाद बनाये रखें। लोगों की परेशानियां दूर करने में मदद करते हुये पार्टी के नीति, कार्यक्रम से लोगों को जोड़ते हुये उनके हितों के लिये संघर्ष करें।




सपा की मासिक बैठक में पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक कविन्द्र चौधरी 'अतुल', पूर्व जिलाध्यक्ष राजाराम यादव, चन्द्रभूषण मिश्र, दयाशंकर मिश्र, मो. स्वालेह, मो. सलीम, अरविन्द यादव, राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, मो. उमर, सुशील यादव, महेश चौधरी, अजय यादव, समीर चौधरी और इन्द्रावती शुक्ला ने संगठन की मजबूती के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये। कहा कि साप्रदायिक शक्तियों से लड़ने के लिये हमें निरन्तर कठिन परिश्रम करना होगा जिससे आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी निर्णायक जीत हासिल कर सके।

बैठक में मुख्य रूप से जावेद पिण्डारी, गुलाब सोनकर, जमील अहमद, प्रशान्त यादव, दीपक आर्य, जितेन्द्र यादव, राजदेव प्रसाद, रहमान सिद्दीकी, भोला पाण्डेय, विश्वम्भर चौधरी, वैजनाथ शर्मा, राम अशीष वर्मा, अरविन्द सोनकर, राजू गौड़, संजय गौतम, रामसकल मौर्य, संजय सोनकर, राहुल सिंह, मंशाराम कन्नौजिया, पंकज निषाद, राम प्रकाश सुमन, निजामुद्दीन, कक्कू शुक्ला, भोला पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, गौरीशंकर, अरूण कुमार मिश्र के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# ट्रक को बचाने में बस डिवाइडर पर चढ़ी कंडक्टर घायल

- बाल बाल बचे यात्री, चंदौली से सीतापुर जा रही थी जय गुरुदेव संगत की बस

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**जफराबाद।** क्षेत्र के सिरकोनी बाजार में सोमवार को एक ट्रक को बचाने के चक्कर में टूरिस्ट बस डिवाइडर पर चढ़ गयी। अचानक हुए इस बड़े हादसे से वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने दौड़कर सभी सभी लोगों को बस से सुरक्षित बाहर निकलवाया और पुलिस को सूचना दिया। यह संयोग ही रहा की कंडक्टर को छोड़कर बाकी सभी यात्री बाल बाल बच गए। जनपद चंदौली से एक टूरिस्ट बस सीतापुर जिले में जय गुरुदेव के होने वाले कार्यक्रम में उनके भक्तों को लेकर जा रही थी। बस में जयगुरुदेव संगत से जुड़े 50 अनुयायी शामिल थे। सभी लोग आराम से बैठ कर गाते बजाते हुए जा रहे थर। बस जैसे ही सिरकोनी बाजार के कजगाव मोड़ के पास पहुंची। उसी समय कजगाव की तरफ से एक ट्रक राजमार्ग पर अचानक आ गया।

बस के ड्राइवर ने बेहद ही सावधानी के साथ ट्रक को बचाने में डिवाइडर की ओर मोड़ दिया। पूरी बस डिवाइडर पर चढ़ गयी। संयोग अच्छा था कि बस नही पलटी, अन्यथा काफी लोग घायल हो सकते थे।हालांकि कंडक्टर गुड्डू पुत्र रामदेव निवासी चकिया चंदौली घायल हो गए।

उनके पैर में काफी चोट आयी। चालक सुरेश कुमार ने बताया अगर बस को डिवाइडर पर नही चढ़ाया जाता तो बड़ी घटना हो जाती।

घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष जलालपुर त्रिवेणी सिंह मय हल्का प्रभारी रोहित यादव व फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने यात्रियों को बस से यात्रियों को उतरवाकर बस को हटवाया। कुछ लोग मामूली रूप से चोटिल थे। उन्हें पास के एक डॉक्टर से प्राथमिक उपचार कराया गया। उसके बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो गया।

# विद्यालयों के मर्जर के विरोध में आंदोलन तेज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

विद्यालयों के मर्जर, पेयरिंग के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन तेज होता जा रहा है। सरकार की इस व्यवस्था से आक्रोशित शिक्षक अब अपने हक के लिए अटेवा पेंशन बचाओ मंच के बैनर तले आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हो गए हैं। इस मंच के जिला महामंत्री शिक्षक नेता इंदु प्रकाश यादव के नेतृत्व में सोमवार को शिक्षकों ने मछली शहर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करके सरकार की इस व्यवस्था के खिलाफ कड़ी नाराजगी जतायी। इसके पहले सभी शिक्षक विद्यालयों में पठन-पाठन करके दोपहर में छुट्टी के बाद तहसील परिसर में एकत्रित हुए। यहां उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए इंदु प्रकाश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा विभाग को पूरी तरह से निजी करण करने के चक्कर में लग गई है। इसीलिए सरकार साजिश के तहत सभी विद्यालयों का पहला मर्जर कर रही है। फिर धीरे-धीरे उन विद्यालय भवनों को भी नीलाम करने की रणनीति अपनाएगी। क्योंकि जिस प्रकार सरकार ने बीएसएनल की काफी कुछ संपत्तियों को बेंच दिया। ठीक उसी प्रकार विद्यालयों को भी बंद करके एक बड़ी साजिश रचने जा रही है। लेकिन अटेवा पेंशन बचाओ मंच सरकार के इस फैसले का विरोध करता है ,और करता रहेगा। हम लोग इस फैसले को लागू नहीं होने देंगे। भले ही हम लोगों को कितना आंदोलन करना पड़े।

उन्होंने कहा कि यह आदेश शिक्षा के मौलिक अधिकारों का पूर्णतः उल्लघंन है और ग्रामीण शिक्षा के साथ साथ विशेष रूप से बालिका शिक्षा के लिए अभिशाप है। जहाँ सरकार एक ओर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण विद्यालयों को बंद करके ग्रामीण बालिकाओं को शिक्षा से वंचित करने का कार्य भी कर रही है। जैसा कि सर्वविदित है कि सुरक्षा कारणों से आज भी बहुत सी बालिकायें उच्च शिक्षा से वंचित रह जा रही हैं। जिला संयोजक चंदन सिंह ने कहा कि सरकार के इस काले कानून की वजह से अब बालिकाएं प्राथमिक शिक्षा से भी वंचित रह जाएंगी। बैठक को संबोधित करने वालों में जिला संयोजिका डॉ यामिनी सिंह, जिला कोषाध्यक्ष नन्द लाल पुष्पक मुख्य रहे।

इस मौके पर सुभाष सरोज, जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश उपाध्याय, जिला संगठन मंत्री अरविंद यादव, प्रमोद प्रजापति, अध्यक्ष धर्मापुर मनीष यादव, अध्यक्ष खुटहन आनन्द स्वरूप यादव, आशीष लोहिया, अध्यक्ष रामनगर शेर बहादुर यादव, हनुमान प्रजापति अन्य उपस्थित रहे।

## दुकान का सामान गिराया, वीडियो हुआ वायरल, विरोध करने पर दुकानदार की पत्नी बच्चों को पीटा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद। क्षेत्र के बीबीपुर गांव में एक चाट समोसे की दुकान में बीती शाम एक व्यक्ति द्वारा सारा सामान ढकेल कर गिरा दिया गया। पीडित ने जफराबाद थाने पर प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। लेकिन पुलिस ने तत्काल में कोई कार्रवाई नहीं की। उधर जब इस पूरे मामले का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस भी हरकत में आ गई।

बीबीपुर गांव निवासी अरविन्द प्रजापति बीबीपुर गांव में चाट समोसे की दुकान खोल रखा है। सोमवार को जफराबाद थाने में दी हुई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही अनिल सिंह उसके विरोधी रविन्द्र प्रजापति के कहने पर आये और दुकान का सारा सामान गिरा कर तहस-नहस कर दिया। रोके जाने पर उन लोगों ने उसे व उसके लड़के और पत्नी को भी मारा पीटा।

घटना में सामान को गिराये जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक आदमी यह कहते हुए सामान को गिरा रहा है कि बिना न्यायालय के आदेश के अब दुकान न लगाना। प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह का कहना है

की तहरीर के आधार पर दो के विरुद्ध केस दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बीईओ ने बच्चों के नामांकन पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर विकास खंड के इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय सरायज्ञानचंद के बच्चों ने सोमवार को स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली। जिसमें बच्चों के साथ क्षेत्रीय ग्रामीण भी काफी संख्या में मौजूद रहे। रैली को धर्मापुर के बीईओ राजेश कुमार वैश्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताते हुए कहा कि आप अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में अवश्य करवाएं। यहां अच्छे तरीके से बच्चों की पढ़ाई लिखाई होती है। रैली स्कूल से निकलकर गांव में भ्रमण करते हुए वापस स्कूल पहुंच कर संपन्न हुई। रैली में बच्चे विभिन्न जागरूकता नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण मोहन पांडेय, संतोष कुमार गुप्त, प्रमोद कुमार, मनीष कुमार, विक्रम प्रकाश, टीनू सिंह, प्रियंका सिंह, निशा यादव, हवलदार, सुधीर कुमार आदि रहे। रैली के बाद बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें टॉफी और बिस्किट वितरित किया गया।

### बाइक की टक्कर में होमगार्ड और दो अन्य लोग घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** इमामपुर बाज़ार के पास दो बाइक की जोरदार टक्कर जिसमें दो होमगार्ड व अन्य दो लोगों गंभीर रूप से घायल। जानकारी के अनुसार खुटहन के तरफ से दीदखोरा गांव निवासी अजय पुत्र नंदलाल रोजी–रोटी के लिए अहमदाबाद जा रहे थे। ट्रेन छूट जाने के कारण उक्त गांव निवासी रामसकल के साथ घर वापस जा रहे थे। उधर जौनपुर से ड्यूटी करके वापस घर आ रहे साधनपुर गांव निवासी राजाराम गौतम अपने हमराही चन्द्रेश निवासी गुलामीपुर जैसे इमामपुर के पास पहुंचे थे। तभी दोनों बाइक में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें दो होमगार्ड सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके स्थानीय जनता एंबुलेंस की मदद से खुटहन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया चारों की गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों की टीम ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### भूमि विवाद में मारपीट में चार लोग घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मजडीहा गांव में जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी के दौरान हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। क्षेत्र के मजडीहा गांव में सोमवार को जमीनी विवाद को लेकर पट्टीदारों में जमकर चले लाठी–डंडे में 60 वर्षीय राम अदालत पुत्र अभयराज,55 वर्षीय सेवाती देवी पत्नी राम अदालत, और 40 वर्षीय सुनीता देवी पत्नी मनी प्रसाद,30 वर्षीय अनीता पत्नी शनि प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद परिजनों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दे न्याय की गुहार लगाई है।

### सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवक घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत नगर अहिरौला पड़ाव के समीप सड़क दुघर्टना में दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के सुल्तानपुर मार्ग स्थित समधीपुर गांव निवासी 19 वर्षीय आयुष यादव पुत्र वेचन यादव बाइक से शाहगंज बाजार आ रहें थे।कि सबरहद गांव निवासी 33 वर्षीय अम्बिका कश्यप पुत्र अमरजीत की नगर के आजमगढ़ मार्ग स्थित अहिरौला पड़ाव के समीप बाइकों की भिड़ंत में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## शिखा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बन कर जनपद का बढ़ाया सम्मान, प्रतिभाशाली बेटी की खुशियों पर लोगों ने बांटी मिठाई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शहर के मरदानपुर मोहल्ला निवासी संदीप गुप्ता की प्रतिभाशाली बेटी शिखा गुप्ता ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बन कर जिले का सम्मान बढ़ाया पहली ही परीक्षा में बिना किसी कोचिंग सेंटर का सहारा लिए इस बिटिया के बेहतर नंबर आने से जिले के लोगों ने प्रसन्नता जताई है।

शिखा ने अपनी इस प्रतिभा के पीछे अपनी माता संगीता गुप्ता की प्रेरणा और अपने दादा स्व.राजेन्द्र नाथ गुप्त जो कचगांव इंटर कॉलेज में गणित के अध्यापक थे मुख्य आशीर्वाद बताया। बचपन से ही कुछ खास बनने का संकल्प लिए इस प्रतिभाशाली बेटी शिखा ने केएफआई राजघाट बेसेंट स्कूल, वाराणसी से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद बीएचयू से बीकॉम किया। 2019 से सीए की तैयारी एवं परीक्षा देनी शुरू की और 2025 में फाइनल परीक्षा पास कर सीए बन गई। शिखा के सीए बनने पर परिवारजनों, रिश्तेदारों एवं पास-पड़ोस के लोगों में खुशी का माहौल है। सोमवार को जिले की इस बिटिया की प्रतिभा पर परिवार व मोहल्ले के लोगों ने उसे मिठाई खिला कर अपनी शुभकामना दी। शिखा ने अपनी सफलता का राज़ माता-पिता एवं गुरुजनों का आशीर्वाद तथा अपनी लगन को बताया।इंटरमीडिएट के बाद ही उसने सीए बनने का लक्ष्य बनाया था। कहा कि जीवन में कुछ बनने का अगर संकल्प हो तो कठिन से कठिन मुकाम हासिल हो सकता है। कभी कदम पीछे नहीं खींचना चाहिए।

# थाना कोतवाली जनपद जौनपुर द्वारा शांति भंग में 17 अभियुक्तो का चालान किया गया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0स0 205/ 2025 धारा 115(2), 352, 351(3) बीएनएस मुकदमा वादी सैय्यद कौसर मेहदी उर्फ शम्सी आजाद पुत्र सैय्यद हसन मेहदी निवासी मोहल्ला मीरघर (पानदरीब) थाना कोतवाली जनपद जौनपुर बनाम 1 मिर्जा जलील पुत्र अच्छे 2. रमी मिर्जा पुत्र वकार उर्फ निसार निवासी बलुआघाट थाना कोतवाली जनपद जौनपुर 3. साजन पुत्र अज्ञात निवासी अजमेरी थाना कोतवाली जौनपुर आदि के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया है। मुकदमे के विवेचना के क्रम में जांच व आवश्यक कार्यवाही में मै उ0नि0 गोविन्द मौर्य मह हमराह कोबरा 02 कर्मचारीगण के मुकदमा वादी के साथ मौके पर पहुचा जहाँ पर नामजद मिर्जा जलील व रमी मिर्जा के घर पर पहुचा तो वहाँ पर मुकदमा वादी सैय्यद कौसर मेहदी उर्फ शम्सी आजाद उपरोक्त से मिर्जा जलील के साथी व मोहल्ले के लोगो द्वारा मुकदमा वादी के तू-तू मै- मै करने लगे तथा एक गोल बनाने लगे मौके पर ही चौकी सिपाह के कोबरा 04 के कर्माचारीगण को भी बुलाया गया। और शान्ती व्यवस्था हेतु मोहल्ले के लोगो का काफी समझाने का प्रयास किया गया। परन्तु मर्जा जलील के समर्थन में मोहल्ले वह उनके दोस्तो द्वारा एक गोल बनाकर विरोध किया जा रहा है। समझाने बुझाने के बावजूद भी उग्र होने लगे थे, सभी उपाय असफल होते देख मौके पर क्षेत्र में मामूर मोबाइल 02 के अधिकारी से सम्पर्क कर वहाँ पर इकट्ठे लोग जो मुकदमा वादी से उग्र व शोरगुल कर रहे थे, जिनको कारण बताकर हिरासत पुलिस लिया गया, जिसमें 1.तबरेज हैदर पुत्र जाने आलम उम्र 34 वर्ष 2. मिर्जा सलमान हैदर पुत्र मिर्जा आमिर अहमद उम्र 39 वर्ष 3.दिलशाद पुत्र अंसार उम्र 35 वर्ष 4.सिराज अली पुत्र रमजान अली उम्र 40 वर्ष 5. जाकिर हुसैन पुत्र मो0 जफर उम्र 40 वर्ष 6. रजि हैदर पुत्र नन्हू उम्र 19 वर्ष 7. शहबाज पुत्र जमील अहमद उम्र 20 वर्ष 8. काशिम हैदर पुत्र रियाज हैदर उम्र 32 वर्ष 9.मेहताब हुसैन पुत्र इकबाल उम्र 30 वर्ष 10 यावर अब्बास पुत्र मेहताब उम्र 28 वर्ष 11 गिजान खाँ पुत्र मुजाहिज मुस्तफा 30वर्ष 12.मो0 सैफ पुत्र मोफिद य़उम्र 22वर्ष 13.अब्बास मेहदी पुत्र करायम मेहदी उम्र 38 वर्ष 14 सरफराज उर्फ शानू पुत्र अजीज उम्र 38 वर्ष 15 इमरान हैदर पुत्र अली हसनैन उम्र 45 वर्ष 15.मुनैवर अली पुत्र सरीफ उम्र 48 वर्ष समस्त निवासीगण बलुआघाट थाना कोतवाली जनपद जौनपुर 17. हुसैन हसन पुत्र अब्बास हसन उम्र 45 वर्ष निवासी पानदरीबा थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को कारण बताकर समय करीब 13.35 बजे हिरासत पुलिस लिया गया अगर मौके से गिरफ्तारी न की जाती तो अवश्य ही पुनः एकत्रीत होकर गोल बनाकर संज्ञेय अपराध कारित कर सकते थे। गिरफ्तार शुदा व्यक्तियो का चालान अन्तर्गत धारा 170,162/ 135 बीएनएसएस में करते हुए मा0 न्यायालय किया जा रहा है। तथा अन्य नामित अभियुक्त नामित 1.मिर्जा जलील पुत्र अच्छे उम्र 50 वर्ष 2.रमी मिर्जा पुत्र वकार उर्फ निसार उम्र 46 समस्त निवासीगण बलुआघाट थाना कोतवाली जनपद जौनपुर 3. साजन पुत्र मंशीफ उम्र 40 वर्ष निवासी अजमेरी थाना कोतवाली जौनपुर जो मौके से हट बढ़ गये थे । जिनका चालान 126/135 बीएनएसएस में करते हुए चालानी रिपोर्ट मा0 न्यायालय में भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी का विवरण आज दिनांक 0707.2025 को श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अभियान के तहत व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना कोतवाली जनपद जौनपुर पुलिस द्वारा शांति भंग करने हेतु 1.तबरेज हैदर पुत्र जाने आलम उम्र 34 वर्ष 2. मिर्जा सलमान हैदर पुत्र मिर्जा आमिर अहमद उम्र 39 वर्ष 3.दिलशाद पुत्र अंसार उम्र 35 वर्ष 4.सिराज अली पुत्र रमजान अली उम्र 40 वर्ष 5. जाकिर हुसैन पुत्र मो0 जफर उम्र 40 वर्ष 6. रजि हैदर पुत्र नन्हू उम्र 19 वर्ष 7. शहबाज पुत्र जमील अहमद उम्र 20 वर्ष 8. काशिम हैदर पुत्र रियाज हैदर उम्र 32 वर्ष 9.मेहताब हुसैन पुत्र इकबाल उम्र 30 वर्ष 10 यावर अब्बास पुत्र मेहताब उम्र 28 वर्ष 11 गिजान खाँ पुत्र मुजाहिज मुस्तफा 30वर्ष 12.मो0 सैफ पुत्र मोफिद य़उम्र 22वर्ष 13.अब्बास मेहदी पुत्र करायम मेहदी उम्र 38 वर्ष 14 सरफराज उर्फ शानू पुत्र अजीज उम्र 38 वर्ष 15 इमरान हैदर पुत्र अली हसनैन उम्र 45 वर्ष 15. मुनैवर अली पुत्र सरीफ उम्र 48 वर्ष समस्त निवासीगण बलुआघाट थाना कोतवाली।

# शिखा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बन कर जनपद का बढ़ाया सम्मान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शहर के मरदानपुर मोहल्ला निवासी संदीप गुप्ता की प्रतिभाशाली बेटी शिखा गुप्ता ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बन कर जिले का सम्मान बढ़ाया

पहली ही परीक्षा में बिना किसी कोचिंग सेंटर का सहारा लिए इस बिटिया के बेहतर नंबर आने से जिले के लोगों ने प्रसन्नता जताई है।

शिखा ने अपनी इस प्रतिभा के पीछे अपनी माता संगीता गुप्ता की प्रेरणा और अपने दादा स्व.राजेन्द्र नाथ गुप्त जो कचगांव इंटर कॉलेज में गणित के अध्यापक थे मुख्य आशीर्वाद बताया। बचपन से ही कुछ खास बनने का संकल्प लिए इस प्रतिभाशाली बेटी शिखा ने केएफआई राजघाट बेसेंट स्कूल, वाराणसी से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद बीएचयू से बीकॉम किया। 2019 से सीए की तैयारी एवं परीक्षा देनी शुरू की और 2025 में फाइनल परीक्षा पास कर सीए बन गई।

शिखा के सीए बनने पर परिवारजनों, रिश्तेदारों एवं पास-पड़ोस के लोगों में खुशी का माहौल है। सोमवार को जिले की इस बिटिया की प्रतिभा पर परिवार व मोहल्ले के लोगों ने उसे मिठाई खिला कर अपनी शुभकामना दी।

शिखा ने अपनी सफलता का राज़ माता-पिता एवं गुरुजनों का आशीर्वाद तथा अपनी लगन को बताया। इंटरमीडिएट के बाद ही उसने सीए बनने का लक्ष्य बनाया था।

कहा कि जीवन में कुछ बनने का अगर संकल्प हो तो कठिन से कठिन मुकाम हासिल हो सकता है। कभी कदम पीछे नहीं खींचना चाहिए।

### पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की 15 जुलाई को आयोजित होने वाली पीएच-डी. प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र सोमवार को कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने ऑनलाइन जारी कर दिया है। कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में विस्तार से बताया कि 15 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर के आठ परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 10.30 बजे से 12.30 बजे तक तथा दोपहर दो से चार बजे के मध्य दो पालियों में सम्पन्न होगी। परीक्षार्थियों को प्रातः 9 बजे तक अपने केन्द्र पर पहुंचना होगा। पीएचडी प्रवेश परीक्षा 49 विषयों में होगी जिसमें 4149 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होगें। इनका एडमिट कार्ड समर्थ पोर्टल के माध्यम से जारी किया गया है। अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड समर्थ पोर्टल पर लॉगिन कर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपने साथ नवीनतम फोटो पहचान पत्र, ब्लू, ब्लैक बाल प्वाइन्ट पेन ले आयेंगे। अभ्यर्थियों को अपने साथ कोई भी इलेक्ट्रानिक्स उपकरण-स्मार्ट वाच, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस आदि परीक्षा में लाना पूर्णतया प्रतिबन्धित है। एडमिट कार्ड में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर 1ड्ढद्यह्यश्चद्धह्लस्रद्गठ्ठह्लद्गह्यह्व.ष्ठ्ठ पर मेल कर सकते हैं। एडमिट कार्ड जारी करते समय कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह, प्रो.गिरधर मिश्रा, डॉ.मनीष प्रताप सिंह, उप कुलसचिव श्री अमृत लाल, श्री अजीत प्रताप सिंह एवं डॉ. धीरेन्द्र चौधरी उपस्थित थे।

# शासन के दिशा-निर्देशन का सभी लोग करें पालन: शशांक त्रिपाठी

■ डीएम की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान को लेकर हुई बैठक



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की अंतर्विभागीय प्रथम साप्ताहिक समीक्षा जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में आयोजित हुई। यह अभियान एक अति महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है जिसमें संचारी रोगो तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जन समुदाय में जागरूकता लाने के लिए उ.प्र. के सभी 75 जनपदों में एक साथ 01 से 30 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण एवं 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। आहूत की गयी प्रथम साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा संपादित की गयी साप्ताहिक गतिविधियों के विषय में विस्तार से बताया। डब्लूएचओ, यूनिसेफ, पाथ के सामूहिक रुप में की गयी मॉनीटरिंग फीडबैक में पायी गयी कमियों पर चर्चा की गयी जिन विभागों के फीडबैक का प्रतिशत कम था उसके लिये जिलाधिकारी ने शतप्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिये साथ ही बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकत्रियों द्वारा बुखार, आईएलआई, क्षय, कुष्ठ, फाइलेरिया रोगियो व कुपोषित बच्चों की लाइन लिस्ट मच्छर प्रजनन वाले स्रोतो को समाप्त करवाना तथा 15 वर्ष से कम बच्चो के घरों पर स्टीकर लगाने का कार्य किया जायेगा। पंचायती राज विभाग के द्वारा गावों में नालियों की स्वच्छता, लार्वा साइड का छिड़काव, झाडियों की कटाई, उथले हैण्ड पम्पों का लाल रंग से चिन्हीकरण, शुद्ध पेय जल की उपलब्धता, जन समुदाय में खुले में शौच से मुक्ति करवाने व कूडे का उचित प्रकार से निस्तारण इत्यादि कार्य प्रधानों के माध्यम से सम्पन्न कराया जायेगा। नगर विकास विभाग के द्वारा शहरी क्षेत्रो में नालियों की सफाई, लार्वा साइड का छिड़काव, उथले हैण्डपम्पो का चिन्हीकरण, शुद्ध पेय जल की उपलब्धता, जन समुदाय में खुले में शौच से मुक्ति करवाने का कार्य करवाया जायेगा। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में अध्यापकों, बच्चों की प्रार्थना के समय दिमागी बुखार व संचारी रोगो के विषय में जानकारी देना, व अभिभावकों की मीटिंग में अभिभावकों को जागरूक करना रैली व वाद विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूक कराना। पशु पालन विभाग शूकर पालको तथा संवेदीकरण व अन्य व्यवसाय हेतु प्रेषित करना, पशुबाडो की साफ-सफाई एवं पशुबाडो को आबादी से दूर रखना। कृषि विभाग द्वारा जन-मानस को संगोष्ठी के माध्यम से चूहे, छछूंदरो से होने वाले रोग के विषय में जागरूक करने के कार्य किये गये जायेगें। आईसीडीएस कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर अति कुपोषित बच्चो को रिहैबिलिटेशन सेन्टर एनआरसी हेतु संदर्भित करना है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण एईएस, जेई से विकलांग हुये बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान करवाना। अन्त में जिलाधिकारी द्वारा समस्त अंतर्विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त अभियान में शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, समस्त अपर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नवाबगंज, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी, मलेरिया, फाइलेरिया इन्सपेक्टर, सफाई निरीक्षक, नगर पालिका परिषद एवं वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधि, पाथ संस्था के जिला समन्वयक तथा यूनिसेफ के जिला प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## होटल के पीछे मिली अज्ञात युवती की लाश, हड़कम्प

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

कोतवाली नगर क्षेत्र के बड़ेल फतेहाबाद में एक निजी होटल के पीछे की तरफ एक अज्ञात युवती उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष का शव सोमवार को संदिग्ध अवस्था में मिलने के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची बड़ेल चौकी की पुलिस ने मिले शव की शिनाख्त की तमाम कोशिशे की लेकिन कोई भी पहचान नहीं कर सका जिसके बाद अगले 72 घंटो के लिए बरामद शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम गृह में सुरक्षित रखवाया गया है, चौकी इंचार्ज रवींद्र कुमार सिंह ने बताया की बरामद शव की पहचान नहीं हो पाई है शव अगले 72 घंटो के लिए पोस्टमार्टम गृह में रखवाया गया शरीर में कोई चोट अथवा कोई ऐसी संदेहास्पद नहीं है इसलिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी। दिन भर उस जगह पर लोगों का आवागमन बना रहता है और अचानक वहां पर अज्ञात युवती का शव मिला संदेह पैदा करता है। शव बरामद होने वाले स्थान के पीछे स्थित एक होटल में दिन भर लड़के लड़कियों का आवागमन होने के साथ उस स्थान पर पब्लिक अक्सर ही बनी रहती है इसलिए निश्चित ही कोई अनहोनी के बाद ही युवती की मौत हुई है अगर कोई भी शव की पहचान करता हैं तो मौत की वजह साफ होगी इसलिए अभी पुलिस मौत के कारणों के बारे में कुछ भी कह नहीं सकती है।

## आशा बहुओं ने किया प्रदर्शन, बोली चार माह का दिलाओ वेतन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

बीते 4 माह से भुगतान न मिलने व बीसीपीएम रामसनेहीघाट व जाटा बरौली के द्वारा आशा बहुओं से अभद्रता पर आशा बहु स्वास्थ्य समिति ने अब मोर्चा खोल दिया है और जोरदार प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में आशा बहु स्वास्थ्य समिति उ.प्र के बैनर तले सोमवार को नगर के गांधी भवन में आशा बहुओं ने जोरदार प्रदर्शन करके उत्पीड़न बंद करने व मानदेय का तत्काल भुगतान किये जाने की मांग की इस दौरान काफी गहमा गहमी रही सभी ने एक स्वर में कहा की बीसीपीएम द्वारा की गयी अभद्रता पर उनके द्वारा माफी मांगी जाये तब हमारा संगठन उन्हे माफ़ी देने पर फैसला लेगी इसी के साथ 4 माह का भुगतान भी करने के लिये मुख्यचिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर मांग की गयी।वहीं इस दौरान प्रदर्शन में उपस्थित सभी आशा बहु एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ने की बात कही। संगठन की अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि अगर हम लोगों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो हमारा प्रदर्शन और जोरदार होने की पूरी उम्मीद है वहीं तत्काल संज्ञान लेकर बाकी भुगतान भी अतिशीघ्र किया जाये क्योंकि हमारा भी परिवार है जो शायद हमारे ही ऊपर पूर्णतया निर्भय है।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा की कुछ सीएचसी को छोड़ दे तो तमाम सीएचसी में डॉक्टरों के द्वारा प्रसव के नाम पर अवैध वसूली के साथ जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के लिए भी पैसे अवैध रूप से लिए जाते है इससे संस्थागत प्रसव घटते है उसके लिए हम लोगों को कोई जिम्मेदारी नहीं बनती जबकि प्रसव कम होने पर निर्धारित लक्ष्य मे कमी आने पर बीसीपीएम द्वारा अभद्रता लगातार की जाती है। उसके लिए भी संज्ञान लेकर उच्चाधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर कोई कार्रवाई की जाये तो हम लोगों को कार्य करने के लिए मनोबल मिले इसके साथ साथ समय पर भुगतान भी मिले वरना हम लोगों का सभी सरकारी कार्यो के साथ अन्य कामों में लगाना गलत है हम आशाओं का घर चलना भी मुश्किल हो रहा है। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष निशा वर्मा, प्रेम लता, मीना मिश्रा, श्यामा सिंह, रीता देवी, नीलम शुक्ला, अर्चना मिश्रा, सविता भारती, नीलम वर्मा, शिवानी देवी, ममता देवी, चंद्रावती आदि आशा बहु प्रदर्शन के दौरान उपस्थित रही और जोरदार नारेबाजी करते रहे।

## संचारी रोगों से बचाव के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार जरूरी: डीएम



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि 01 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक घर घर पर दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी संबंधित विभागों को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी अपनी-अपनी भूमिका का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें, ताकि अभियान के लक्ष्य को पूर्ण रूप से प्राप्त किया जा सके। यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य सुरक्षा की एक अहम जिम्मेदारी है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक घर तक पहुंचकर लोगों को रोगों से बचाव और जागरूकता से जोड़ना आवश्यक है। इस हेतु शिक्षा विभाग बच्चों द्वारा रैली एवं ग्राम प्रधान प्रभात फेरी के माध्यम से जन जागरूकता अभियान नियमित रूप से किया जाए। श्री अग्निहोत्री ने ने ग्राम विकास विभाग को विशेष रूप से निर्देशित किया कि हैंडपंप की मरम्मत त्वरित गति से कराई जाए, जिससे पीने के पानी की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही गांवों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जल जमाव न होने पाए। शहरी क्षेत्रों में भी नियमित रूप से कूड़ा निस्तारण, नालियों की सफाई, फॉगिंग और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।डीएम ने निर्देश दिए कि फॉगिंग और एंटी लार्वा स्प्रे का नियमित संचालन कराया जाए। पशुपालन विभाग द्वारा सेनिटाइजेशन के कार्य किए जाएं, ताकि पशुओं से होने वाले संक्रमण की रोकथाम की जा सके। उन्होंने कहा कि दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, खांसी, त्वचा रोग, कुपोषण आदि की स्क्रीनिंग करें और संभावित रोगियों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को तत्काल उपलब्ध कराएं। साथ ही रोगों से बचाव की जानकारी भी लोगों को दी जाए। सभी विभागों को अपने-अपने कार्यों की दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ स्वदेश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ट्यूबबेल की रखवाली करने गये किसान की लटकती मिली लाश

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

**सिरौलीगौसपुर।** कोतवाली बदोसराय अन्तर्गत सोमवार सुबह एक किसान की लाष संदिग्ध अवस्था में आम के पेड़ पर लटकती हुई मिली। सूचना मिलते ही परिजनों में जहां कोहराम मच गया वहीं मौके पर पहुंचे बदोसरांय प्रभारी निरीक्षक ने लाष का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय ग्रामीण आत्महत्या की आषंका जता रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि पीएल रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा। जानकारी के अनुसार, कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम मीरा गांव निवासी रामसुरेष उर्फ बुधराम हमेषा खेत में लगे ट्यूबबेल की रखवाली करने के लिए घर से चला जाता था। बीती रविवार की रात्रि को भी वह ट्यूबबेल की रखवाली के लिए घर से कहकर निकला था सोमवार सुबह ग्रामीणों ने रामसुरेष उर्फ बुधराम की लाष आम के पेड़ से लटकती हुई देखी। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, रामसुरेश ने डेढ़ बीघा जमीन बिना परिवार को बताए बेच दी थी।

जमीन बिक्री के पैसे भी उन्होंने घर नहीं दिए थे। मृतक के छोटे पुत्र वेदांत ने बताया कि जब परिवार ने जमीन के बारे में पूछा तो पिता घर से चले गए। वापस आने के बाद वह ट्यूबवेल पर सोने लगे थे। मृतक के तीन पुत्र हैं, जिनमें से बड़ा पुत्र बाहर मजदूरी करता है और दो पुत्र घर पर रहते हैं। कोतवाल संतोष कुमार, उपनिरीक्षक सालिक राय और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मारपीट गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** पुरवा कोतवाली के गांव मिर्री कला निवासी मनीष शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य करता है। तथा स्मार्ट मीटर लगाने की कार्य दाई संस्था है जहां ठेका ले रखा है ।सोमवार दोपहर वह गांव स्थित अपने कार्यालय पर बैठा था ।तभी पड़ोसी गांव निवासी एक युवक अपने दो,तीन साथियों के साथ आ गया और गाली गलौज करने लगा ।विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा ।शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख मौके से भाग गया ।बताया कि उक्त युवक पहले भी हमारे कर्मचारियों से अभद्रता कर चुका है ।उक्त युवक से जान का खतरा बना हुआ है ।कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि मामले की तहरीर पर आरोपी युवक लवकुश रैकड़ समेत दो अज्ञात लोगों के मारपीट व गाली गलौज व धमकी विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है

### वैन-बाइक की आमने-सामने टक्कर, बाइक सवार तीन युवक घायल

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** बाग जा रहे बाइक सवार युवकों को वैन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंचे परिजन ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। नवाबगंज निवासी अनिकेत (18) पुत्र अजीत सोमवार दोपहर अपने दोस्तों कस्बे के ही निवासी सनी (16) पुत्र प्रेमप्रकाश और श्याम जी (15) पुत्र अनिल कुमार निवासी कुंजपुर को लेकर बाइक से जनसार गांव स्थित बाग जा रहा था। इस दौरान मेहरबानी मोड़ के पास सामने से आ रही वैन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया।

### आवास लाभार्थियों को दिये पौधे, पर्यावरण संरक्षण की पहल

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** नवाबगंज विकास खंड परिसर में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के 51 लाभार्थियों को पौधे वितरित किए गए। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने इन लाभार्थियों को अपने-अपने आवास के सामने रोपित करने के लिए पौधे प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य लाभार्थियों को अपने नए घरों को हरा-भरा बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे स्थानीय स्तर पर हरियाली बढ़े और पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिले ।कार्यक्रम एडीओ मनोज कुमार और मोनिका सिंह, वीडीओ शैलेन्द्र भारतीय, डॉ. अमरेश कुमार, प्रधान सुरेश रावत, भोला राजपूत सहित अन्य लोग शामिल थे।

### सार्वजनिक मार्ग पर अवैध निर्माण, शिकायत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** शहर के दयानंद नगर की रहने वाली बेवा अदीबा खातून ने पुलिस अधीक्षक को षिकायती पत्र देकर यह आरोप लगाया है कि उसने एक मकान 2011 में खरीदा था जिसके पूरब 20 फिट व दक्षिण 20 फिट रास्ता बैनामा में दर्शाया गया था। पीड़िता ने बताया कि इसी मोहल्ला का रहने वाला दबंग जो कि 10 फिट रास्ते पर जबरन पक्का निर्माण करा रहे है। पीड़िता का आरोप है कि इस अवैध कार्य में कर्बला के एक सदस्य का भी हाथ है। पीड़िता का कहना है कि यंहा पर कर्बला का कोई नम्बर नही है। न तो वहाँ पर कोई कर्बला की जमीन है। बताया कि वह कमजोर होने के नाते सतायी जा रही है। महिला का कहना है सुनवाई न होने पर वह मुख्यमंत्री जानता दर्शन में फरियाद करेगी न्याय मिलने तक वही बैठेगी।

### मुख्यालय बना बाढ़ नियंत्रण कक्ष, टोल फ्री नम्बर जारी: एडीएम

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** एडीएम अरुण कुमार सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि वर्षा ऋतु में जनपद का अधिकतर क्षेत्रफल बाढ एवं जल प्लावन से प्रभावित होता है। बाढ के साथ-साथ मकानों की क्षति मनुष्यों के जीवन की क्षति पशुओ की मृत्यु होने की सम्भावनायें रहती है। दैवी आपदा तथा उससे उत्पन्न होने वाली स्थिति का सामना करने के लिये जिला मुख्यालय से तहसील प्रशासन, सिंचाई, बाढ़, चिकित्सा, जल निगम, विद्युत, नलकूप खण्ड, पशुपालन आदि विभागों से सम्पर्क स्थापित करने, राहत कार्य सुचारू रूप से संचालित करने व अद्यतन स्थिति से राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष, सचिव एवं राहत आयुक्त, उ.प्र. शासन एवं आयुक्त अयोध्या मण्डल अयोध्या को सूचना देने एवं बाढ़ की स्थिति में बाढ़ प्रभावितों के त्वरित सहायतार्थ कलेक्ट्रेट प्रागंण में जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष संचालित है। उन्होने बताया कि नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष संख्या-05248-226017, टॉल फ्री नम्बर 1077 पर जनसामान्य सम्पर्क कर अपनी समस्या नोट करा सकते हैं व बाढ एवं अन्य दैवीय आपदाओं से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी की जा सकती है। उक्त नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे सक्रिय रहेगा।

### अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता और किसान परेशान

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। असन्द्रा।** ग्रामीण क्षेत्रों में ओवरलोड के नाम पर बड़े पैमाने पर बिजली की कटौती की जा रही है। रात दिन हो रही इस कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा है। विद्युत उपकेंद्र देवीगंज के अंतर्गत आने वाले गांवों को 6 फीडर सुबेहा, सिद्धौर, देवीगंज, हाजीपुर, मचपुरा और कोठी के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में बारिश न होने और धान की रोपाई के कारण बिजली की मांग बढ़ गई है। ऐसे में बिजली विभाग मांग के सापेक्ष बिजली नहीं दे पा रहा है । ओवरलोड के नाम पर 10 से 12 घंटे बिजली की कटौती की जा रही है। रात दिन हो रही इस कटौती से गांवों में हाहाकार मचा है। सबसे खराब स्थिति सुबेहा फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों की है। रविवार को दिन में तो कटौती हुई ही रात 9.30 बजे से फिर कटौती शुरू हो गई ।फिर 11.30 बजे हुई। सोमवार सुबह 5 बजे से ही बत्ती गुल हो गई ।ढाई घंटे बाद आई भी लेकिन ज्यादा देर नहीं रुकी और फिर काट दी गई ।कटौती का सिलसिला दिनभर जारी रहा ।ऐसे में किसान और आम उपभोक्ता काफी परेशान हैं। जरौली गांव के किसान शेखर तिवारी संतोष कुमार सिद्दीक़ अली राहुल कुमार मोनू पाठक और राजेंद्र कुमार ने बताया कि बिजली की कटौती से धान की रोपाई बाधित है। बिजली जब आती भी है तो वोल्टेज इतना लो रहता है कि मोटर ही नहीं चल पा रहा। आज सुबह से बिना किसी सूचना के लाइट काट दी गई। इस संबंध में सब स्टेशन देवीगंज के अवर अभियंता यूपी सिंह ने बताया कि ओवरलोड के चलते समस्या आई है। उन्होंने जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद जताई है।

## प्राथमिक समितियों को बनाया जायेगा सशक्त: लोकेश त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



विकासखंड रामनगर अंतर्गत किशुनपुर स्थित बी पैक्स सहकारी समिति में सोमवार को पांच वर्षों बाद फिर से गतिविधियां शुरू हुईं। पांच वर्षों से पूरी तरह बंद पड़ी समिति को एक बार फिर से सक्रिय कर किसानों के लिए खाद वितरण शुरू कराया गया। इस सराहनीय कार्य का श्रेय सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक लोकेश त्रिपाठी को जाता है, जिनकी पहल और दृढ़ इच्छाशक्ति से यह कार्य संभव हो सका। समिति के पहले ही दिन यूरिया खाद का वितरण किया गया, जिससे बड़ी संख्या में किसानों ने लाभ उठाया। अब तक जो किसान खाद के लिए निजी दुकानों पर निर्भर थे, उन्हें अब सरकारी दरों पर प्रमाणिक और सस्ती खाद प्राप्त हो रही है। इससे खेती की लागत में कमी आएगी और उत्पादन लागत पर नियंत्रण हो सकेगा। खाद वितरण कार्यक्रम के अवसर पर रामनगर के सचिव ललित कुमार शर्मा भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने खाद वितरण की प्रक्रिया को स्वयं संपूर्ण किया और व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि समिति का पुनः संचालन किसानों के लिए एक बड़ी राहत है, और आगे भी यह व्यवस्था नियमित रूप से जारी रखी जाएगी। इस अवसर पर किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से उन्हें यूरिया व डीएपी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था, लेकिन अब समिति के चालू होने से बहुत आसानी हो गई है। किसान शंकर मिश्रा ने कहा कि, सरकारी समिति के माध्यम से सस्ती और सही खाद मिलने से खेती पर आने वाला खर्च घटेगा और फसल पर बेहतर असर पड़ेगा। किशुनपुर समिति में आगामी दिनों में डीएपी खाद, बीज, कीटनाशक और अन्य कृषि उपयोगी सामग्री का भी वितरण शुरू किया जाएगा। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक लोकेश त्रिपाठी ने बताया कि सहकारिता तंत्र को पुनर्जीवित करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।

उनका कहना है कि प्राथमिक समितियों को फिर से सशक्त बनाकर किसानों तक सरकारी योजनाओं और कृषि संसाधनों की पहुंच को बेहतर बनाया जाएगा।

जो समितियां वर्षों से निष्क्रिय हैं, उन्हें भी चरणबद्ध ढंग से चालू कराया जा रहा है। इस मौके पर शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार, रणजीत सिंह, प्रहलाद सिंह, कल्लू सिंह, बलराम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम ने की शांति समिति की बैठक



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गुरू पूर्णिमा (आषाढ़ी पूर्णिमा), सावन माह एवं कांवड यात्रा आदि पर्वों त्योहारो के उपलक्ष्य में जिला शांति समिति की आयोजित बैठक के दौरान कहा कि हरदोई मोड़ से मेंहदीघाट पुल तक जर्जर/ गड्ढायुक्त मार्ग को गड्ढामुक्त किया जाये। उन्होंनें कहा कि मेंहदीघाट मार्ग पर लगे हैण्डपम्प का पानी रोड पर फैलता हैं, जल निकासी आदि की व्यवस्था नगर पालिका कन्नौज एवं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर समस्या का निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि गुरू पूर्णिमा के दृष्टिगत मेहदीघाट पर प्रकाश, पेयजल, शौचालय आदि की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि शौचालय पर स्त्री व पुरूष का संकेतक स्टीकर लगा होना चाहिए। वस्त्र बदलने के लिये चेंजिंग रूम की अच्छी व्यवस्था की जाए। कहा कि बैरिकेडिंग एवं पार्किंग स्थल का कार्य यथाशीघ्र करा लिया जाये। घाटों की साफ-सफाई व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर ली जाये। पार्किंग स्थल पर लाईट की व्यवस्था होनी चाहिए। मेडिकल टीम व खोया-पाया केन्द्र एवं कन्ट्रोल रूम एक्टिव मोड में हों। अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिये एनडीआरएफ/ गोताखोरों की टीम सतर्क मोड में रहनी चाहिए।

मेहदीघाट पुल पर लाईटों की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाये तथा लाईटें नियमित संचालित होनी चाहिए। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि जनपद में बड़ी मात्रा में कांवड आती हैं, कांवड यात्रा को लेकर सभी मंदिर एवं सांस्कृतिक स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था अच्छे से करा दी जाये। उन्होनें फूड सेफ्टी को लेकर निर्देश दिये कि मेले क्षेत्र में सभी दुकानों पर रेट लिस्ट, एवं लाईसेंस की प्रतिलिपि लगी होनी चाहिए।

मिलावटी खाद्य पदार्थों को अभियान चलाकर जांच की जाये। मेले में भारतीय सांस्कृतिक सभ्यता का प्रचार होना चाहिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार आदि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक ने रोपे पौधे, दिया हरियाली का संदेश

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** श्री सुंदरलाल इंटर कॉलेज औरेला में सोमवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने पौधरोपण किया ।कार्यक्रम में नीम, इमली, वटवृक्ष, चितवन और महुआ के पौधे लगाए गए। वन विभाग की रेंजर अल्पना पांडेय ने पौधों की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर मोहित श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रबंधक राकेश दीक्षित, प्रधान दयाशंकर शुक्ला, सन्तोष पाण्डेय, अमित पाण्डेय, बलवंत प्रजापति सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संबंधित लघु नाटक माध्यम से लोगों को पर्यावरण के बारे में जागरूक किया और पौध की महत्व के बारे में बताया।

## पाण्डु नदी के जीर्णोद्धार का सिलसिला थमने न पाए: डीएम

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मनरेगा, गौशाला आदि योजनाओं के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पाण्डु नदी में मनरेगा के माध्यम से साफ-सफाई कर जलधारा एवं जल स्रोतों के संरक्षण हेतु जो कार्य किए जा रहे हैं, वे सराहनीय कार्य हैं। इस कार्य को निरंतरता के साथ आगे बढ़ाया जाए। साथ ही साफ-सफाई एवं संरक्षण के इस कार्य को पूरी गंभीरता के साथ अंत तक ले जाया जाए, ताकि स्थायी रूप से जल स्रोतों की स्वच्छता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त पांडु नदी के दोनों तरफ वृक्षारोपण भी कराया जाए तथा ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराकर वीडियोग्राफी उपलब्ध कराई जाए।

श्री अग्निहोत्री ने निर्देश दिए कि जनपद में दिनांक 9 जुलाई को वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। गौशाला, मनरेगा पार्क, खेल मैदान, अमृत सरोवर, सामुदायिक बागवानी आदि स्थलों पर जहां-जहां पौधारोपण किया जाए, उन सभी स्थलों की स्पष्ट सूची तैयार कर संबंधित विभाग उपलब्ध कराएं, ताकि भविष्य में उन पौधों के संरक्षण, देखरेख एवं जीवित रहने की स्थिति की निगरानी की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिवस की गतिविधि न होकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक दीर्घकालिक प्रयास होना चाहिए, अतः प्रत्येक लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्र, अंत्येष्टि स्थल आदि विकास कार्यों में जिस जमीन का चिन्हांकन किया जाए, उस क्षेत्र के संबंधित उप जिलाधिकारी से वार्ता करने के उपरांत ही साफ- सुथरी रिपोर्ट भेजी जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि गौशालाओं में उपलब्ध भूसे की यथास्थिति की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। जिसमें यह स्पष्ट किया जाए कि गौशालाओं में कितना भूसा दान स्वरूप प्राप्त हुआ है और कितना भूसा क्रय किया गया है तथा क्रय किए गए भूसे का कितना भुगतान किया जा चुका है व कितना भुगतान करना अभी शेष है। पूरे विवरण को पारदर्शिता के साथ तैयार कर समयबद्ध रूप से प्रस्तुत किया जाए, ताकि गौशालाओं के संचालन एवं पशुओं के भरण-पोषण में किसी प्रकार की अनियमितता न हो। साथ ही 9 जुलाई को जिन गौशालाओं में वृक्षारोपण किया जाना है, उसकी भी सूची उपलब्ध कराई जाए। बैठक अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह और नीलू की 91 लाख की अचल संपत्ति कुर्क

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव और उसके भाई नीलू की सम्पत्ति को कुर्क किया गया है। यह कार्रवाई जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के आदेश पर की गई। जिसमें पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग ने संयुक्त रूप से भाग लिया। सम्पत्ति को अपराध से अर्जित बताया गया है। कुर्क की गई सम्पत्ति नवाब सिंह यादव की मां मूला देवी और पत्नी सुशीला देवी के नाम दर्ज है। कार्रवाई के दौरान कन्नौज बांगर क्षेत्र में स्थित सम्पत्ति को जब्त किया गया और उसे तहसीलदार की निगरानी में सौंपते हुए उन्हें सम्पत्ति का रिसीवर नियुक्त किया गया। इस कार्रवाई को विशेष रूप से ढोल-नगाड़ों के साथ इलाके में सार्वजनिक रूप से घोषित किया गया, ताकि लोगों को पता चल सके कि अपराध के खिलाफ सरकार की नीति सख्त है। मौके पर गुरसहायगंज कोतवाल आलोक दुबे, सदर कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम सदर नवनीता राय और सीओ सदर मौजूद रहे। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नवाब सिंह यादव के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई के आदेश दिए थे। आदेशानुसार, 91 लाख रुपये मूल्य की अचल सम्पत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की गई। एसडीएम सदर नवनीता राय ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह सम्पत्ति नवाब सिंह यादव द्वारा आपराधिक गतिविधियों के जरिए अर्जित की गई थी। इसी आधार पर यह कार्रवाई की गई है। प्रशासन माफिया तत्वों पर कठोर कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। नवाब सिंह यादव और उसके भाई नीलू पर पूर्व में भी गैंगस्टर एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में केस दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि नवाब सिंह यादव इलाके में प्रभावशाली था और राजनीति की आड़ में आपराधिक गतिविधियां संचालित करता रहा है। पुत्र अभियुक्त नवाब सिंह यादव के साथ संयक्त रूप से दिनांक 29.10.2018 को 48,00,000. 00 (अडतालिस लाख) रूपये का लोन मैरिज लॉन एवं रेस्टोरेन्ट के निर्माण व होटल में कमरो के निर्माण एवं संचालन हेतु लिया गया है। कन्नौज के जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के न्यायालय से बीते सप्ताह याचिका संख्या 912/ 2025 गिरोहबंद एवम असामाजिक क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 में पारित एक आदेश के मुताबिक अभियुक्तगण द्वारा वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2025 तक दर्शित आय का स्त्रोत जिस पर इनकम टैक्स रिटर्न भरा गया है उससे कई गुना अधिक है। अभियुक्तगण द्वारा सुयोजित तरीके से फर्जी फर्म जिसका जीएसटी में कोई रजिस्ट्रेशन न कराकर बिना आय का कोई स्त्रोत बताये करोड़ो रूपये का टर्नओवर घोषित किया गया है जबकि आय का कोई विशेष स्त्रोत नहीं बताया गया है कि उक्त धनराशि कहाँ से प्राप्त की और इतनी आय किन स्त्रोतों से हुयी। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि अभियुक्तगण द्वारा काले धन को अवैध रूप से अधिक कृषि आय में दर्शाकर अवैध अर्जित धन को समायोजित किया गया है। गैंग लीडर नवाब सिंह यादव ने अपने भाई वीरपाल उर्फ नीलू यादव के साथ मिलकर अपराध जगत में प्रवेश करने बाद संगठित गिरोह बनाकर अवैध किया कलापों से अकूत सम्पत्ति अर्जित करते हुये।

# 2027 तक शुरू होगा कलादान प्रोजेक्ट
## कम होगी पूर्वोत्तर की भौगोलिक दूरी : सर्बानंद सोनोवाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी



केंद्रीय पोत परिवहन, जलमार्ग और शिपिंग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और म्यांमार के बीच चल रहा महत्वाकांक्षी कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट साल 2027 तक पूरी तरह से चालू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद मिजोरम की राजधानी आइजोल और कोलकाता के बीच की दूरी करीब 700 किलोमीटर कम हो जाएगी, जिससे पूर्वोत्तर भारत को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ना और आसान हो जाएगा।

### क्या है कलादान प्रोजेक्ट?

कलादान प्रोजेक्ट भारत और म्यांमार के बीच एक मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट योजना है, जिसका उद्देश्य भारत के पूर्वी बंदरगाहों से म्यांमार के जरिए पूर्वोत्तर भारत तक माल भेजने का एक नया रास्ता तैयार करना है। इसमें समुद्री रास्ता, नदी मार्ग और सड़क मार्ग तीनों शामिल हैं।

### कलादान प्रोजेक्ट की प्रगति

म्यांमार के सिटवे पोर्ट का निर्माण पूरा हो चुका है। अब वहां से मिजोरम के आइजोल तक सड़क मार्ग बनाने का काम चल रहा है। केंद्र सरकार के मुताबिक, यह पूरा नेटवर्क 2027 तक चालू हो जाएगा। वहीं केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने बताया कि उनके मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट के जलमार्ग विकास में 1,000 करोड़ रुपये निवेश किए हैं, जबकि बाकी हिस्सों पर अन्य एजेंसियां काम कर रही हैं।

### पूर्वोत्तर को मिलेगा बड़ा फायदा : सोनोवाल

सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि ट्रांसपोर्टेशन के जरिए ट्रांसफॉर्मेशन हो। उन्होंने कहा, हम पूर्वोत्तर भारत को दक्षिण एशिया का बिजनेस हब बनाना चाहते हैं, और इसके लिए जलमार्ग अहम भूमिका निभाएंगे।

### कलादान प्रोजेक्ट का महत्व

भारत के पूर्वी राज्यों और पूर्वोत्तर भारत के बीच संपर्क बेहतर होगा। इसके साथ ही व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। वहीं म्यांमार के साथ रणनीतिक और आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे। इससे चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच भारत को क्षेत्र में मजबूत स्थिति मिलेगी।

# रूस के पूर्व परिवहन मंत्री ने खुद को मारी गोली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को



रूस के पूर्व परिवहन मंत्री रोमन स्तारोवोयत ने सोमवार को कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। उन्हें कुछ घंटे पहले ही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उनके पद से हटा दिया था। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, उन्होंने मास्को के एक उपनगर में खुद को गोली मारी। जांच एजेंसी ने कहा कि उनका शव उनकी कार में मिला है। सरकारी वेबसाइट पर जारी पुतिन के आदेश में स्तारोवोयत की बर्खास्तगी का कोई कारण नहीं बताया गया। स्तारोवोयत को मई 2024 में परिवहन मंत्री बनाया गया था। इससे पहले वह यूक्रेन से सटे कुर्स्क इलाके के गवर्नर थे और करीब पांच साल तक इस पद पर रहे। क्रेमलिन की ओर से जानकारी दी गई कि नोवगोरोद क्षेत्र के पूर्व गवर्नर आंद्रेई निकितिन को कार्यकारी परिवहन मंत्री नियुक्त किया गया है। जब स्तारोवोयत की अचानक बर्खास्तगी और निकितिन की तत्काल नियुक्ति को लेकर सवाल किया गया, तो राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अनुसार, आंद्रेई निकितिन के पास इस समय वह अनुभव और योग्यता है, जिसकी इस समय जरूरत है। क्योंकि जिस मंत्रालय की बात हो रही है (परिवहन मंत्रालय), वह बहुत महत्वपूर्ण है, और राष्ट्रपति चाहते हैं कि यह विभाग अपनी जिम्मेदारियां अच्छे से निभाए। परिवहन क्षेत्र के दो सूत्रों ने रॉयटर्स को बताा कि निकितिन को लाने की योजना पहले से बनाई जा रही थी और यह पिछले महीने सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच से पहले से तय था। स्तारोवोयत की बर्खास्तगी ऐसे समय पर हुई थी, जब रूस के विमानन और नौवहन क्षेत्र में कई बड़ी समस्याएं सामने आई थीं। उनके पद से हटाए जाने से ठीक पहले 5 और 6 जुलाई को यूक्रेनी ड्रोन हमलों की वजह से रूस के कई बड़े हवाई अड्डों पर लगभग 300 उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं। इसके अलावा, लेनिनग्राद क्षेत्र के उस्त-लुगा बंदरगाह पर एक टैंकर में धमाका हुआ, जिससे 6 जुलाई को अमोनिया का रिसाव हो गया और आपातकालीन कार्रवाई करनी पड़ी। हालांकि, परिवहन उद्योग क्षेत्र के एक सूत्र ने रॉयटर्स को बताया कि स्तारोवोयत की स्थिति काफी पहले से अस्थिर थी। यह परिवहन की विफलताओं से कम और कुर्स्क में फैले भ्रष्टाचार से ज्यादा जुड़े हुए थे। गवर्नर पद से हटाए जाने के कुछ महीनों बाद यूक्रेनी सैनिकों ने कुर्स्क क्षेत्र में घुसपैठ की थी। यह यूक्रेन की ओर से द्वितीय विश्व युद्ध के बाद रूस की सीमा में की गई सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई मानी गई। हालांकि, इस साल की शुरुआत में रूसी सेना ने उन्हें वहां से खदेड़ दिया। बाद में कुर्स्क के कुछ स्थानीय अधिकारियों को पद के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अप्रैल में स्तारोवोयत के उत्तराधिकारी और वर्तमान गवर्नर अलेक्सी स्मिरनोव पर रक्षा बजट की रकम का गबन करने का आरोप लगा था।

# भोपाल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, डायरेक्टर को भेजे ई-मेल की जांच में जुटी टीम




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकीभरा ईमेल मिलते ही सनसनी फैल गई। ये ईमेल रविवार को एयरपोर्ट डायरेक्टर को भेजा गया। इसमें बताया गया कि एयरपोर्ट परिसर में विस्फोटक उपकरण लगाए गए हैं और किसी भी वक्त विस्फोट कर एयरपोर्ट को उड़ा दिया जा सकता है। बता दें कि बीते कुछ महीनों से लगातार भोपाल में अलग-अलग जगह बम उड़ाने की धमकी मिल रही है। ये चौथी धमकी है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने भोपाल के गांधीनगर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और विमानन सुरक्षा नियमों के तहत आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया है। बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड ने ऐहतियातन जांच की। हालांकि एयरपोर्ट पर संचालन नहीं रोका गया। पुलिस और साइबर सेल की टीमें अब इस धमकी भरे ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी है।

### पहले भी मिली धमकी

बीते कुछ महीनों में भोपाल में यह चौथी ऐसी घटना है। जहां एयरपोर्ट सहित अन्य स्थानों जैसे निजी लैब और स्कूलों को भी बम की धमकियां मिल चुकी हैं। जो बाद में फर्जी साबित हुई थीं। हाल के महीनों में देश के कई अन्य हवाई अड्डों जैसे बेंगलुरु, हैदराबाद, और कोलकाता को भी इसी तरह की धमकियां मिली हैं, जो जांच में फर्जी पाई गई थीं।

# धनखड़ ने जज के घर से नकदी बरामदगी पर जताई चिंता, बोले, न्यायपालिका के लिए आइड्स ऑफ मार्च जैसी चेतावनी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोच्चि



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में एक जज के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने की घटना की आपराधिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने इस घटना की तुलना आइड्स ऑफ मार्च से की। आइड्स ऑफ मार्च रोमन कैलेंडर में 15 मार्च की तारीख को कहा जाता है। यह इतिहास में इसलिए प्रसिद्ध है, क्योंकि 44 ईसा पूर्व इसी तारीख पर रोम के सम्राट जूलियस सीजर की हत्या कर दी गई थी। उन्हें उनके ही भरोसेमंद साथियों ने धोखे से मार दिया था। इसलिए, आइड्स ऑफ मार्च अब धोखाधड़ी, षड़यंत्र और विश्वासघात का प्रतीक बन चुका है। धनखड़ ने कहा कि अगर वहां नकदी मिली है, तो शासन प्रणाली को तुरंत हरकत में आना चाहिए था। सबसे पहला कदम इसे आपराधिक मामला मानना, दोषियों का पता लगाना और उन्हें न्याय के कटघरे में लाना होना चाहिए था। कोच्चि स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लीगल स्टडीज (एनयूएएलएस) में छात्रों और संकाय को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि जिस तरह जज के घर नकदी मिली, वह न्यायपालिका के लिए आइड्स ऑफ मार्च जैसी चेतावनी है। उन्होंने बताया कि 14-15 मार्च की रात भारी मात्रा में नकदी मिलने की बात आधिकारिक रूप से मानी गई, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। उन्होंने चिंता जताई कि इस मामले को शुरुआत से ही आपराधिक मामला माना जाना चाहिए था। धनखड़ ने कहा कि केंद्र सरकार इस पर कार्रवाई करने में असमर्थ है, क्योंकि 1990 के दशक की एक सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के अनुसार, इस तरह के मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती, जब तक कि कुछ विशेष प्रक्रियाएं पूरी न हो जाएं। उप राष्ट्रपति का यह बयान उस समय आया है, जब ऐसी खबरें हैं कि जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। उनके दिल्ली स्थित सरकारी आवास में आग लगने के बाद नकदी मिलने की जानकारी सामने आई थी।

# अपराध की आय को सफेद करने के लिए बनाई मुखौटा कंपनियां, बैंकों में 116 खाते फ्रीज, हजारों निवेशकों से की ठगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), चंडीगढ़ जोनल कार्यालय ने चार जुलाई को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के नोएडा और लखनऊ में स्थित तीन संदिग्ध शेल कंपनियों - किंडेंट बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, रेनेट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और मूल बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। कंपनियों का संचालन डमी निदेशकों द्वारा किया जा रहा था। वे वॉलेट-आधारित एपीआई, घरेलू धन हस्तांतरण (डीएमटी), आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) और बिल भुगतान समाधान की पेशकश करने वाली आईटी फर्म के रूप में प्रस्तुत हो रही थीं। प्रबंधन यह प्रमाणित नहीं कर सका कि उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियाँ आरबीआई द्वारा विनियमित ढांचे के भीतर हैं। जांच में सामने आया कि अपराध की आय को सफेद करने के लिए मुखौटा कंपनियां बनाई गई थी। हजारों निवेशकों के साथ ठगी हुई है। ईडी ने बैंकों में 116 खाते फ्रीज किए हैं। ईडी के मुताबिक, जांच में देखा गया है कि ये कंपनियां वास्तव में करोड़ों रुपये के क्यूएफएक्स/वाईएफएक्स ऑनलाइन विदेशी मुद्रा और एमएलएम (मल्टी लेवल मार्केटिंग) घोटाले के माध्यम से उत्पन्न अपराध की आय (पीओसी) को सफेद करने के लिए मुखौटा थीं। इन्होंने पूरे भारत में हजारों निवेशकों को ठगा है। इन कंपनियों के प्रत्येक कार्यालय में 10-30 कर्मचारी कार्यरत थे। इनमें से कई ने स्वीकार किया है कि कोई वास्तविक काम नहीं हो रहा था। वे अक्सर कंपनी की वास्तविक गतिविधियों से अनजान थे। फर्मों ने देशव्यापी ग्राहक आधार होने का दावा किया था, लेकिन ईडी को ऐसे सबूत मिले हैं जो बताते हैं कि ऐसे कई ग्राहक काल्पनिक हैं और केवल कागजों पर मौजूद हैं। क्यूएफएक्स, वाईएफएक्स वाईओआरकेईआरएफ, टीएलसी कॉइन और बॉटब्रो के नाम पर करोड़ों रुपये का भुगतान प्राप्त किया जा रहा था। ये सभी एक बड़े पैमाने पर अनियमित जमा और एमएलएम धोखाधड़ी में जांच के दायरे में हैं। तलाशी वाली कंपनियों के निदेशकों ने इन घोटाले से संबंधित नामों और उनके बैंक खातों में प्राप्त क्रेडिट के साथ किसी भी संबंध से इनकार किया है, जिससे बेनामी परिचालन और मनी लॉन्ड्रिंग लेयरिंग गतिविधि के बारे में संदेह और बढ़ गया है। बरामद साक्ष्यों के आधार पर, ईडी ने इन संस्थाओं से जुड़े कई बैंकों में 116 खाते फ्रीज कर दिए हैं। 16 बैंक खातों से अब तक प्राप्त पुष्टि के अनुसार, 103 करोड़ रुपये से अधिक की पीओसी फ्रीज की गई है। परिसर से कई डिजिटल उपकरण, वित्तीय दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड भी जब्त किए गए।

# साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की पेपर रोल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



ट्रांस हिंडन परिक्षेत्र में साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में सोमवार सुबह ईशान पेपर मिल नामक एक पेपर रोल बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास की फैक्ट्रियों को भी खतरा पैदा हो गया है। आग की लपटें और धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में दमकल विभाग की 18 गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। दमकल विभाग की टीमें कड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना सुबह करीब 9 बजे अग्निशमन विभाग को मिली थी, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। आग की भीषण स्थिति को देखते हुए साहिबाबाद, कोतवाली, वैशाली, और लोनी फायर स्टेशनों से दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। इसके अतिरिक्त, आसपास के क्षेत्रों जैसे नोएडा और हापुड़ से भी फायर टेंडर बुलाए गए हैं। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को इसका संभावित कारण माना जा रहा है। पेपर रोल जैसी ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग ने तेजी से फैलकर पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास की फैक्ट्रियों को भी खतरे को देखते हुए खाली कराया गया है और पुलिस ने इलाके को सील कर दिया है ताकि लोगों की आवाजाही रोकी जा सके। आग के कारण फैक्ट्री में लाखों रुपये का माल जलकर खाक हो गया है। विभाग ने किसी जनहानि की सूचना से इनकार किया है। दमकल विभाग और स्थानीय प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं।

# देश में पहली बार लोग खुद भर सकेंगे जनगणना का फॉर्म



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में होने वाली अगली जनगणना को लेकर सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है। यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आम लोग खुद भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए सरकार एक खास वेब पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसके अलावा, मोबाइल ऐप के जरिए भी जनगणना का काम पूरा किया जाएगा। भारत में अब तक जनगणना के लिए घर-घर जाकर सरकारी कर्मचारी कागज पर जानकारी इकट्ठा करते थे। लेकिन अब सरकार इस प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने जा रही है। पहली बार मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल के जरिए लोगों की जानकारी ली जाएगी। इससे न केवल काम तेजी से होगा, बल्कि डेटा भी सुरक्षित तरीके से सीधे सरकार के केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा।

### लोग खुद भर सकेंगे अपनी जानकारी

सरकार ने कहा है कि नागरिक चाहें तो खुद ही अपनी जनगणना की जानकारी वेब पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए दो चरणों में जनगणना होगी। पहला चरण हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस यानी घर और मकान की जानकारी, और दूसरा चरण पॉपुलेशन एनुमरेशन यानी जनसंख्या की गिनती। दोनों चरणों में लोग खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

### कब होगी अगली जनगणना?

जनगणना 2026 और 2027 में दो चरणों में होगी। पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की गिनती की जाएगी। दूसरा चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा, जिसमें लोगों की जनसंख्या, जाति और बाकी जरूरी जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसके लिए 16 जून 2024 को सरकारी अधिसूचना जारी की गई है। यह आज़ादी के बाद भारत की 8वीं और कुल 16वीं जनगणना होगी।

### 34 लाख कर्मचारियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

इतने बड़े काम के लिए सरकार ने देशभर में करीब 34 लाख लोगों को नियुक्त किया है। इन कर्मचारियों को तीन स्तरों पर ट्रेनिंग दी जाएगी। पहले राष्ट्रीय ट्रेनर, फिर मास्टर ट्रेनर और आखिर में फील्ड ट्रेनर इन्हें तैयार करेंगे। हर गांव और शहर को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटा जाएगा और हर हिस्से के लिए एक कर्मचारी जिम्मेदार होगा। इससे कोई भी घर या व्यक्ति गिनती से न छूटे।

### सीमाओं में बदलाव की आखिरी तारीख तय

सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि अगर वे अपने जिलों, तहसीलों या पुलिस थानों की सीमाओं में कोई बदलाव करना चाहते हैं, तो उसे 31 दिसंबर 2025 से पहले कर लें। उसके बाद वही सीमाएं जनगणना में अंतिम रूप से मानी जाएंगी। सीमाएं तय करने के तीन महीने बाद ही जनगणना शुरू की जा सकती है। इससे जनसंख्या गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं होगी।

# सामान पैक कर लिया है, सरकारी आवास छोड़ दूंगा : पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



सरकारी आवास में तय समय से अधिक समय तक रहने को लेकर उठे विवाद के बाद मचे बवाल पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को विराम लगा दिया। पूर्व सीजेआई ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि उनका सामान पैक कर दिया गया है। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जल्द ही दूसरे सरकारी आवास में चले जाएंगे, जिसका खर्च वह खुद वहन करेंगे। डीवाई चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना, बेटियां प्रियंका और माही (दोनों ही दिव्यांग हैं) नई दिल्ली के 5, कृष्ण मेनन मार्ग स्थित सीजेआई के आधिकारिक आवास में रह रहे थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बंगले में तय समय से अधिक समय तक रहने के कारणों के बारे में विस्तार से बताते हुए पीटीआई से कहा, हमने अपना सामान पैक कर लिया है। हमारा सामान पहले से ही पूरी तरह से पैक है। कुछ सामान पहले ही नए घर में जा चुका है और कुछ यहां स्टोररूम में रखा हुआ है। देश 50वें सीजेआई 8 नवंबर, 2024 को सेवानिवृत्त हुए थे। वे कथित तौर पर निर्धारित समय से अधिक समय तक रहने के कारण आधिकारिक बंगला खाली करने के लिए केंद्र को सुप्रीम कोर्ट प्रशासन के पत्र का जवाब दे रहे थे। पूर्व सीजेआई ने विवाद पर दुख जाहिर किया और अपनी बेटियों की सेहत का जिक्र किया, जिन्हें व्हीलचेयर-फ्रेंडली घर की जरूरत थी। उन्होंने कहा, मैं आपको नहीं बताऊंगा कि मैं कैसा महसूस करता हूं, लेकिन आप खुद कल्पना कर सकते हैं कि मैं इसके बारे में कैसा महसूस कर रहा हूं।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने सरकारी स्कूलों के विलय पर जताया रोष




जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

प्रदेश सरकार कम छात्रों का हवाला देकर सरकारी स्कूलों का विलय के नाम पर बंद करने जा रही है। पूरे प्रदेश में इन विद्यालयों के बंद होने से एक लाख से अधिक बच्चे, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले वंचित वर्ग के बच्चे शिक्षा से कट सकते हैं। यह बातें गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के नव नियुक्त अध्यक्ष सतपाल चौधरी ने प्रेसवार्ता में कही । श्री चौधरी ने कहा कि स्कूलों की बंदी अथवा विलय के बाद लंबी दूरी होने से बच्चियों की पढ़ाई पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा। जिसका।विरोध एसोसिएशन करता है। संगठन के सचिव अनिल सिंह ने बताया कि बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत जिले में अभी भी तीन हजार से अधिक बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। स्कूल आंवटित होने के उपरांत भी अभिभावक दाखिलों के नाम पर स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं। जबकि अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर अभिभावकों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। प्रेसवार्ता के माध्यम से एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सरकार के इस निर्णय पर रोष जताते हुए इसे वापस लेने की मांग भी उठाई है। साथ ही आरटीई के तहत दाखिला नही होने को लेकर प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन करने की बात कही है। बैठक में संगठन के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से सतपाल चौधरी व मीडिया प्रभारी के पद पर पवन शर्मा को नामित करने का ऐलान किया। इस मौके पर कौशल ठाकुर, धर्मेन्द्र, रविन्द्र, नरेश कुमार, सीमा आदि मौजूद रहे।

# साईं बाबा मंदिर पार्क में संदिग्ध परस्थितियों में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाजियाबाद के थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चौकी नया बस अड्डा, मेरठ मोड के पास साईं बाबा मंदिर पार्क के जंगल में सोमवार सुबह एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जनता की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्यवाही में जुट गई । सोमवार की सुबह के समय पार्क नुमा जंगल में कुछ राहगीरों की नजर शव पड़ी जिसकी सूचना पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 40-50 वर्ष के बीच बताई जा रही है, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। शव की हालत को देखते हुए पुलिस इसे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला मान रही है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में लगी रही। मौत के कारणों का पता नहीं लगाया जा सका है पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद हक़ीक़त का पता चलेगा । पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ जारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)